
मैं भी आम इंसान, भावनाएं काबू रखता हूं -पेज 11

# दैनिक ट्रिब्यून

आपकी आवाज


बैंकों के लिए मनमोहन कार्यकाल था बुरा -पेज 12

वर्ष/VOL : 42 अंक : 63 ◆ चंडीगढ़/ गुरुग्राम/ बठिंडा ◆ कार्तिक 1 प्रविष्टे, विक्रमी संवत् 2076 ◆ पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 3.00 ◆ Regd. No. CHD/0005/2018-2020

ई-मेल : dt@tribuneindia.com बृहस्पतिवार, 17 अक्तूबर, 2019 www.dainiktribuneonline.com







## कांग्रेस सांसद का इस्तीफा, भाजपा में जाने की संभावना

**नयी दिल्ली (एजेंसी) :** राज्यसभा में कर्नाटक से कांग्रेस सदस्य केसी राममूर्ति ने बुधवार को उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। बताया गया है कि राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। पार्टी सूत्रों ने बताया कि राममूर्ति के भाजपा में शामिल हो सकते हैं। हाल ही में कांग्रेस के 2 राज्यसभा सदस्यों भुवनेश्वर कलिता और संजय सिंह ने भी इस्तीफा दे दिया था। सपा के नीरज शेखर, सुरेंद्र सिंह नागर और संजय सेठ ने भी उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया था। जून में तेदेपा के 4 सदस्य भाजपा में शामिल हुए थे।

## तुर्की का कुर्द बलों के साथ बातचीत से इनकार

**अंकारा (एजेंसी) :** तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन ने सीरिया में कुर्द चरमपंथियों के साथ किसी भी तरह की बातचीत करने से बुधवार को सिरे से इनकार कर दिया। अमेरिका ने दोनों पक्षों से संघर्ष विराम करने को कहा है। एर्दोआन ने संसद में अपने संबोधन में कहा, 'कुछ नेता हैं जो मध्यस्थता की कोशिश कर रहे हैं... तुर्क गणराज्य के इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ कि शासन आतंकी संगठनों के साथ एक ही मेज पर बैठा हो।'

### इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ 14 अपीलों पर 40 दिन चली बहस, 17 नवंबर से पहले आ सकता है निर्णय

# अयोध्या पर सुप्रीम सुनवाई पूरी, अब फैसले का इंतजार

### 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' के लिए लिखित दलील दाखिल करने को दिया 3 दिन का समय, मध्यस्थता समिति से नहीं निकला था हल

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू/एजेंसी)

सुप्रीमकोर्ट ने अयोध्या में राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले की सुनवाई बुधवार को पूरी कर ली। फैसला बाद में सुनाया जाएगा। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों पर 6 अगस्त से रोजाना 40 दिन तक सुनवाई की। कई बार सुनवाई का समय 5 बजे तक बढ़ाया भी गया। इस मामले में दशहरा अवकाश के बाद 14 अक्तूबर से अंतिम चरण की सुनवाई शुरू हुई। न्यायालय के पहले के कार्यक्रम के तहत यह सुनवाई 18 अक्तूबर तक पूरी की जानी थी, लेकिन 14 अक्तूबर को न्यायालय ने कहा कि सुनवाई 17 अक्तूबर तक पूरी की जायेगी। फिर 15 अक्तूबर को पीठ ने यह समय सीमा घटाकर 16 अक्तूबर कर दी थी। राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील इस मुद्दे पर 17 नवंबर से पहले ही फैसला आने की उम्मीद है, क्योंकि चीफ जस्टिस रंजन गोगोई इस दिन सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

लगातार सुनवाई के दौरान विभन्न पक्षों ने अपनी-अपनी दलीलें पेश कीं। संविधान पीठ ने इस मामले में सुनवाई पूरी करते हुए संबंधित पक्षों को 'मोल्डिंग ऑफ रिलीफ' (राहत में बदलाव) के मुद्दे पर लिखित दलील दाखिल करने के लिये तीन दिन का समय दिया। संविधान पीठ के अन्य सदस्यों में जस्टिस एसए बोबडे, जस्टिस धनंजय वाई चंद्रचूड़, जस्टिस अशोक भूषण और जस्टिस एस अब्दुल नजीर भी शामिल हैं।

मामले में मध्यस्थता समिति के असफल रहने के बाद चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली संविधान पीठ ने सारे प्रकरण पर 6 अगस्त से रोजाना सुनवाई करने का निर्णय किया। संविधान पीठ ने अयोध्या में 2.77 एकड़ विवादित भूमि को तीन पक्षकारों-सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्मोही अखाड़ा और राम लला- के बीच बराबर-बराबर बांटने का आदेश देने संबंधी इलाहाबाद हाईकोर्ट के सितंबर, 2010 के फैसले के खिलाफ दायर 14 अपीलों पर विस्तार से सुनवाई की।

शेष पेज 12 पर


नयी दिल्ली में बुधवार को अयोध्या मामले की अंतिम सुनवाई के समय सुप्रीमकोर्ट परिसर में वकीलों एवं अन्य लोगों के साथ मौजूद निर्मोही अखाड़ा के महंत धर्मदास एवं जमात उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना सुहैब कासिम। - प्रेट्र

**मध्यस्थता समिति ने सौंपी रिपोर्ट :** समझा जाता है कि इस मुद्दे पर मध्यस्थता समिति ने न्यायालय में सीलबंद लिफाफे में एक रिपोर्ट सौंपी। सूत्रों के अनुसार इसमें हिंदू और मुस्लिम पक्षकारों के बीच 'एक तरह का समझौता' है। सूत्रों ने बताया कि सुन्नी वक्फ बोर्ड, निर्वाणी अखाड़ा, निर्मोही अखाड़ा, राम जन्मभूमि पुनरुद्धार समिति और कुछ अन्य हिंदू पक्षकार भूमि विवाद को आपसी सहमति से सुलझाने के समर्थन में हैं। मध्यस्थता समिति की अध्यक्षता सुप्रीमकोर्ट के पूर्व जज एफएमआई कलीफुल्ला कर रहे हैं और इसमें आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रवि शंकर तथा वरिष्ठ अधिवक्ता और प्रख्यात मध्यस्थ श्रीराम पंचू शामिल हैं।

### सबको मानना चाहिए : मुस्लिम नेता

**मुंबई :** मुस्लिम धर्म गुरुओं और नेताओं ने कहा कि सुप्रीमकोर्ट के फैसले को दोनों पक्षों द्वारा स्वीकार किया जाना चाहिए। ऑल इंडिया उलेमा काउंसिल के महासचिव मौलाना महबूब दरयादी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि अदालत साक्ष्य के आधार पर फैसला करे, धार्मिक भावनाओं के आधार पर नहीं।' ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कार्यकारी इकाई के सदस्य मौलाना सैयद अतहर अली ने कहा, 'यह एक भूमि विवाद है, हमने न्यायालय के समक्ष पर्याप्त साक्ष्य पेश किये हैं और आशा है कि हम जीतेंगे। न्यायालय के फैसले का हम सम्मान करेंगे।' ख्वाजा-शिया जमात के वरिष्ठ सदस्य शब्बीर सोमजी ने कहा, 'हमें न्यायपालिका का सम्मान करना चाहिए और जो भी फैसला आएगा, हम उसे स्वीकार करेंगे तथा उसका सम्मान करेंगे।'

### अच्छे नतीजे की उम्मीद : विहिप

**इंदौर :** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु सदाशिव कोकजे ने कहा, 'अयोध्या स्थित राम जन्मभूमि पर हिंदुओं का मालिकाना हक होने को लेकर मजबूती से पक्ष रखा गया। हमें उम्मीद है कि अच्छा नतीजा निकलेगा।' उन्होंने कहा, 'आज के दिन को ऐतिहासिक कहा जा सकता है क्योंकि मुकदमेबाजी का बरसों से जारी अध्याय समाप्त हो गया है। ऐसे में हमें तसल्ली है कि अयोध्या विवाद के समाधान की दिशा में एक अहम पड़ाव पार कर लिया गया है।' उन्होंने कहा, 'वैसे तो हम हर पक्षकार की तरह अपने हक में बेहतरीन फैसले की उम्मीद कर रहे हैं। अगर ऐसा नहीं होता है, तो हम कानून बनाये जाने या संवैधानिक दायरे के अन्य विकल्पों के जरिये राम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त किये जाने की मांग करेंगे।'

### आज 8:15 बजे के बाद होगा चांद का दीदार


करवाचौथ से एक दिन पहले बुधवार को अमृतसर में मेहंदी रचे हाथ दिखाती महिलाएं। - सुनील कुमार

# हरियाणा की चुनावी जंग में दुष्यंत का साथ देंगे तंवर

### कहा-कांग्रेस के खिलाफ मेरी सर्जिकल स्ट्राइक शुरू

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

कांग्रेस को अलविदा कह चुके हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर विधानसभा की चुनावी जंग में दुष्यंता चौटाला के नेतृत्व में बनी जजपा का साथ देंगे। तंवर ने यहां बुधवार को दुष्यंत की मौजूदगी में यह घोषणा की। उन्होंने दुष्यंत चौटाला को मुख्यमंत्री बनाने के लिए प्रदेश की सभी 36 बिरादरियों से भी समर्थन मांगा। इस मौके पर अपनी पूर्व पार्टी पर हमलावर रहे तंवर ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ उनकी सर्जिकल स्ट्राइक शुरू हो गई है। कांग्रेस पर मेहनती कार्यकर्ताओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए तंवर ने कहा कि इस चुनाव में कांग्रेस का घमंड चूर-चूर होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हरियाणा में तीसरे व चौथे नंबर की लड़ाई लड़ रही है।

हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाए जाने से नाराज तंवर ने कांग्रेस पर टिकट बेचने तथा खुद की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए चुनावी महाभारत के दौरान ही पार्टी छोड़ दी थी। बुधवार को यहां के कांस्टीट्यूशनल क्लब में दुष्यंत चौटाला के साथ साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में तंवर ने कहा कि अपने साथियों के साथ सलाह मशविरा करने के बाद ही उन्होंने विधानसभा चुनावों में जजपा को समर्थन का निर्णय लिया। तंवर ने कहा, 'जहां-जहां जजपा मजबूती से लड़ेगी, वहां उनकी ताकत को बढ़ाने का काम करेंगे।'

जजपा को उम्मीद है कि प्रदेश के तंवर समर्थक मतदाता उनके साथ आ सकते हैं। तंवर ने पूर्व सीएम हुड्डा का नाम लिए बगैर कहा, 'भारतीय नौसेना के पास इतनी सबमरीन और पनडुब्बी नहीं है, जितने उनके पास साथी हैं। ये दुश्मन का नाश करेंगे।'

## शाम को अभय को भी दिया समर्थन

**सिरसा (निस) :** दिन में दिल्ली में दुष्यंत चौटाला का समर्थन करने वाले अशोक तंवर से शाम को इनेलो महासचिव एवं ऐलनाबाद से प्रत्याशी अभय सिंह चौटाला ने मुलाकात की और समर्थन मांगा। तंवर ने उन्हें समर्थन देने का ऐलान कर दिया। इस अवसर पर अभय चौटाला ने अवंतिका माकन तंवर के नाना स्वर्गीय शंकर दयाल शर्मा के चौ.देवी लाल के पारिवारिक रिश्ते होने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि आने वाली सरकार बनाने में अशोक तंवर की बड़ी भूमिका होगी। वहीं, अशोक तंवर ने कहा कि उन्होंने यह फैसला भाजपा को सत्ता से बाहर करने के लिए लिया है।


नयी दिल्ली में बुधवार को जजपा प्रमुख दुष्यंत के साथ अशोक तंवर। मानस रंजन भुई

### ताऊ बोल्या संदीप जोशी

**कई बड़े नेता वोट मांगने आएंगे**



कितणा हवा मैं उड़ ले, एक दिन जरूरत खातर जमीन पै आणा ए पड़ता सै।

## ईवीएम के लिये भारत से मदद लेगा श्रीलंका

कोलंबो, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

श्रीलंका अगले प्रांतीय चुनाव में परीक्षण के आधार पर ईवीएम के माध्यम से मतदान के लिये भारत से मदद लेगा। श्रीलंका के शीर्ष चुनाव अधिकारी ने बुधवार को यह बात कही। चुनाव आयोग के चेयरमेन महिंदा देशप्रिय ने पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा, 'हमें अगले प्रांतीय चुनाव में इनके परीक्षण की उम्मीद है।' चुनाव प्रमुख ने कहा कि अगले प्रांतीय चुनाव में ईवीएम प्रणाली वर्तमान कागजी मतपत्रों की जगह लेगी, जिसके लिए भारत सरकार की सहायता ली जाएगी। हालांकि अभी तक प्रांतीय चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई है।

### आईएनएक्स मीडिया मनी लॉन्ड्रिंग केस रिमांड पर सुनवाई आज

# चिदंबरम को अब ईडी ने किया गिरफ्तार

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

आईएनएक्स मीडिया भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई और न्यायिक हिरासत में 8 सप्ताह बिता चुके पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी. चिदंबरम को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में तिहाड़ जेल से गिरफ्तार कर लिया। बुधवार सुबह गिरफ्तारी के कुछ समय बाद ही ईडी ने विशेष जज अजय कुमार कुहाड़ की अदालत से चिदंबरम से पूछताछ के लिए 14 दिन की हिरासत मांगी। अदालत ने चिदंबरम के खिलाफ पेशी वारंट जारी करते हुए कहा कि रिमांड की अर्जी पर बृहस्पतिवार को विचार किया जाएगा।

इससे पहले ईडी का 3 सदस्यीय दल सुबह 8:15 बजे तिहाड़ जेल पहुंचा और करीब 2 घंटे तक परिसर में रहा, जिस दौरान उन्होंने चिदंबरम से संक्षिप्त सवाल-जवाब किये और उसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ईडी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत गिरफ्तारी की गयी है। राज्यसभा सदस्य चिदंबरम से ईडी ने इस मामले में पहले कई बार पूछताछ की है। सूत्रों ने संकेत दिया कि यदि ईडी को चिदंबरम की हिरासत मिल जाती है तो उनका सामना कुछ नये सबूतों से कराया जाएगा। सूत्रों के अनुसार कार्ति के अकाउंटेंट और कुछ अन्य लोगों के बयानों से उनका सामना कराया जा सकता है। इस बीच सीबीआई के सूत्रों ने बताया कि जांच एजेंसी भ्रष्टाचार के मामले में एक आरोपपत्र दाखिल कर सकती है, जिसमें चिदंबरम और उनके बेटे कार्ति का नाम आ सकता है। सीबीआई ने चिदंबरम की जमानत याचिका का विरोध करते हुए सुप्रीमकोर्ट में दावा किया कि कांग्रेस नेता के खिलाफ 'पहली नजर में ठोस' मामला बनता है।

### हिरासत में रखने के लिए फर्जी जांच : कार्ति

मां नलिनी के साथ बुधवार सुबह तिहाड़ पहुंचे कार्ति चिदंबरम ने पिता से मुलाकात के बाद संवाददाताओं कहा, 'जांच राजनीतिक शत्रुता का नतीजा है। राजनीतिक मकसद से यह खेल चल रहा है। उन्हें किसी न किसी तरह हिरासत में रखने के लिए यह फर्जी जांच चल रही है।'

# लश्कर कमांडर समेत अनंतनाग में 3 आतंकी ढेर

जम्मू, 16 अक्तूबर (हप्र)

कश्मीर के अनंतनाग में मुठभेड़ में बुधवार को लश्कर कमांडर समेत 3 आतंकवादी मारे गये। वहीं, पुलवामा में आतंकियों ने छत्तीसगढ़ के श्रमिक की गोली मार हत्या कर दी। इस बीच, राजस्थान के ट्रक ड्राइवर की हत्या मामले में पुलिस ने 15 लोगों को हिरासत में लिया है। बताया जा रहा है कि वारदात में आतंकी संगठन हिजबुल मुजाहिदीन का हाथ है।

**पुलवामा में प्रवासी श्रमिक की हत्या, ग्रेनेड हमले में बचे जवान**

अनंतनाग में सुरक्षाबलों को मंगलवार देर रात आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली। बुधवार तड़के आतंकियों ने खुद को घिरा देखकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी फायरिंग में लश्कर कमांडर नासिर चदरू, जावेद फारूक और आकिब अहमद मारे गए।

### पत्थरबाजी का सूत्रधार हयात अहमद डार काबू

श्रीनगर के सौरा समेत विभिन्न इलाकों में राष्ट्रविरोधी प्रदर्शनों और पत्थरबाजी की घटनाओं के सूत्रधार हयात अहमद डार को आखिरकार पुलिस ने धर दबोचा है। उसके खिलाफ 19 एफआईआर दर्ज हैं। आरोप है कि हयात ने करीब एक सप्ताह पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो से लोगों को राष्ट्रविरोधी प्रदर्शनों के लिए उकसाया था।

### हमले में पंजाब के फल विक्रेता की मौत

**श्रीनगर (एजेंसी) :** शोपियां में बुधवार शाम 7.30 के आसपास 3-4 आतंकियों ने पंजाब के एक फल विक्रेता चरणजीत सिंह और संजीव को गोली मार दी। पुलिस के अनुसार बाद में पुलवामा के जिला अस्पताल में चरणजीत की मौत हो गई। संजीव की हालत नाजुक है।






epaper.dainiktribuneonline.com

केंद्रीय गृहमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# 2024 से पहले घुसपैठियों को देश से निकालेंगे : अमित शाह

गुरुग्राम, 16 अक्तूबर (हप्र)

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 व 35-ए हटाने के बाद अब सरकार का लक्ष्य घुसपैठियो को देश से बाहर निकालना है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी हाल में देश की सुरक्षा और अखंडता पर किसी भी प्रकार का खतरा बर्दाश्त नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 से पहले सभी घुसपैठियों को देश से बाहर खदेड़ दिया जाएगा।

शाह ने यहां जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशियों सुधीर सिंगला व मनीष यादव के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि मैं आपको वचन देकर जाता हूं 2024 से पहले घुसपैठिये को चुन-चुनकर देश से निकाला जाएगा। उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि हम घुसपैठियों को देश से भगाना चाहते हैं, लेकिन कांग्रेस को चिंता है कि घुसपैठिये कहां रहेंगे, क्या खाएंगे। कांग्रेस को दश की सुरक्षा की चिंता नहीं है। वह बोले, 'शौर्य भूमि हरियाणा ने कमल के फूलों से नरेंद्र मोदी की झोली भर दी।'

## सरकार के गिनाये काम

उन्होंने कहा हरियाणा व देश के लोगों ने 56 इंच की छाती वाला प्रधानमंत्री चुना जिसने 70 दिन में धारा 370 को समाप्त कर दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का लगाव हरियाणा से बहुत अधिक है, क्योंकि उन्होंने यहां के लोगों के साथ काम किया है। उनकी स्थिति ऐसी है कि रुपये ननिहाल में जाएं और मां परोसने बैठ जाए तो कोई कसर नहीं छोड़ती।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की मनोहर सरकार ने पर्ची और खर्ची के बिना युवाओं को रोजगार दिया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के काम गिनवाने लगूंगा तो सात दिन की भागवत कथा सरीखा आयोजन करना पड़ेगा।' इस दौरान हरियाणा प्रभारी अनिल जैन, सुधा यादव, उमेश अग्रवाल, बिमला चौधरी, भूपेंद्र चौहान, मधु आजाद, कल्याण सिंह चौहान, सूरजपाल अम्मू मौजूद रहे।


तिगांव में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के समर्थन में आयोजित जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, साथ हैं कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल व अन्य। -हप्र


गुरुग्राम के सेक्टर-47 में रैली के दौरान मंच पर उपस्थित गृहमंत्री अमित शाह व हरियाणा प्रभारी अनिल जैन। -हप्र

### कांग्रेस का मतलब दरबारी, दामाद, दलाल

**बहादुरगढ़ (निस)** : अमित शाह ने भाजपा प्रत्याशी नरेश कौशिक के समर्थन में रैली को संबोधित करते कहा कि देश में कांग्रेस का मतलब थी डी यानि दरबारी, दामाद और दलाल है। दूसरी तरफ भाजपा के लिए थ्री डी का मतलब केवल डेवल्पमेंट , डेवल्पमेंट और डेवल्पमेंट है। उन्होंने कहा कि कहा कि विधायक नरेश कौशिक ने पिछले पांच वर्षों के दौरान यहां की जनता को गुंडागर्दी से मुक्ति दिलाने का काम किया है। इस मौके पर हरियाणा प्रभारी अनिल जैन, सांसद अरविंद शर्मा, मनीष ग्रोवर मौजूद थे।

## 'प्रधानमंत्री मोदी ने जवानों की शहादत का लिया बदला '

फरीदाबाद/तिगांव, 16 अक्तूबर (हप्र)

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को तिगांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर के समर्थन में यहां रैली की। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि मनमोहन सिंह जब देश के प्रधानमंत्री थे, तब देश के जवान सीमा पर शहीद होते थे, लेकिन मनमोहन सिंह कुछ नहीं बोलते थे। जब हमने सर्जिकल स्ट्राइक की तो राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा जवानों के खून की दलाली कर रही है। उन्होंने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है। मैं राहुल बाबा से पूछने आया हूं कि वीरों की शहादत को आप दलाली कहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवानों की मौत का बदला लिया। उन्होंने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है।

इस मौके भाजपा प्रत्याशी राजेश नागर ने शाह का पगड़ी बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल, विधायक टेकचंद शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, पूर्व विधायक आनन्द शर्मा, वरिष्ठ उपमहापौर देवेन्द्र चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर, किशन ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष नीरा तोमर, राजकुमार वोहरा, पार्षद अजय बैंसला, रवि भड़ाना, ओमप्रकाश रक्षवाल, विनोद चौधरी, पूर्व पार्षद राजेश तंवर, कुलदीप जयसिंह, सुरजीत अधाना मौजूद थे।

बसपा प्रमुख ने रादौर में विपक्षी दलों पर किये वार

# भाजपा सरकार की गलत नीतियों से बढ़ी गरीबी : मायावती



रादौर में बुधवार को बसपा की रैली में पहुंचीं मायावती व अन्य नेता। -निस

रादौर, 16 अक्तूबर (निस)

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि कांग्रेस की तरह भाजपा सरकार के राज में किसान, गरीब, दलित, पिछड़ों सहित सभी वर्ग दुखी हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व भाजपा की नीतियां हमेशा की दलितों, पिछडों, गरीबों, छोटे कर्मचारियों के खिलाफ और पूंजीपतियों के हक में रहती हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश व प्रदेश में गरीबी व महंगाई बढ़ी है।

मायवती बुधवार को रादौर में बसपा प्रत्याशी महीपाल सिंह के पक्ष में जनसभा को संबोधित करने पहुंची थीं। बसपा हरियाणा की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है।

मायवती ने कहा कि संविधान के अनुसार दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों व अन्य को आरक्षण की सुविधा है, लेकिन जातिवादी सोच के चलते आजादी के इतने अधिक वर्ष बाद भी आरक्षण का कोटा पूरा नहीं मिला। हरियाणा में भी आरक्षण का कोट पूरा नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि कुछ वर्षों से सरकारी कार्य को प्राइवेट सेक्टरों को दिया जा रहा है। इससे गरीबों, दलितों, पिछड़ों को आरक्षण का पूरा लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में मंडल कमीशन की रिपोर्ट आने के बाद भी उसे लागू नहीं किया। उन्होंने कहा कि पिछड़ों व गरीबों के हितों के लिए मंडल कमीशन की रिपोर्ट को लागू करवाने के लिए बसपा को संघर्ष करना पड़ा। बसपा प्रत्याशी मही पाल सिंह ने कहा कि कांग्रेस, भाजपा ने जनता के हित के लिए कुछ नहीं किया। इस मौके पर बसपा प्रदेश प्रभारी डा. मेघराज, राज्यसभा सांसद राजा राम, सांसद हाजी फजरूल रहमान, जगाधरी से प्रत्याशी आदर्शपाल, सढौरा से प्रत्याशी सही राम, यमुनानगर से प्रत्याशी योगेश कुमार, नरेश सारन, ऋषि पाल कल्याण, मंगत राम सैनी, शमशेर सिंह धर्मपाल तिगरा मौजूद रहे।

### दलित और गरीबों को देंगे पट्टे पर जमीन

मायावती ने कहा कि हरियाणा में बसपा की सरकार बनने पर जो जमीन सरकारी खाली पड़ी है उसमें से यूपी की तर्ज पर तीन-तीन एकड़ भूमि दलितों, पिछड़ों, आदिवासी ओर गरीबों को पट्टे पर दी जाएगी। उन्होंने कहा कि सर्वसमाज की भलाई के लिए प्रदेश में बसपा की सरकार बनानी होगी।

लाडवा में भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी की रैली में पहुंचे केंद्रीय मंत्री

# देश-प्रदेश में मोदी और मनोहर ने विकास को दी नयी दिशा : गडकरी

कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर (हप्र)

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा में मनोहर लाल खट्टर के नेतृत्व में देश व हरियाणा तेजी से चहुंमुखी विकास हुआ है। गडकरी लाडवा में भाजपा प्रत्याशी पवन सैनी के पक्ष में जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लगभग 70 साल के शासनकाल में सही नेतृत्व नहीं मिला। परिणामस्वरूप न तो देश तरक्की कर सका और न ही किसानों को उनकी फसलों के उचित दाम मिल सके। किसानों की आर्थिक हालत सुधरने की बजाय और बिगड़ती चली गई। उन्होनें कहा कि वह खुद एक किसान हैं और उनकी तीन चीनी मीलें हैं।

उन्होंने कहा कि वह जिस क्षेत्र से सांसद हैं, वहां ऐसे प्रोजेक्ट लगा दिये हैं, जिससे पराली व गन्ना से एथेनॉल निकालकर उसका सदउपयोग किया जा रहा है। एथेनॉल का इस्तेमाल पेट्रोल में करने से इस पर निर्भरता कम होगी और पेट्रोल का आयात कम करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पवन सैनी को भारी मतों से जीताकर भेंज देना आपकी सारी समस्याएं हल कर दी जाएंगी।

इससे पहले पवन सैनी ने गडकरी का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद कैलाशो सैनी, जिलाध्यक्ष धर्मबीर मिर्जापुर, पूर्व मंत्री देवेंद्र शर्मा, पूर्व विधायक साहब सिंह सैनी, गणेश दत्त, विनीत क्वात्रा, परमजीत कौर कश्यप, सुरेश कश्यप, नपा प्रधान साक्षी खुराना, चरणजीत दबखेड़ा, सुशील राणा, शिव अरोड़ा, ओमबीर बुढा, ममता अरोड़ा, राहुल छलौंदी उपस्थित रहे।


लाडवा में बुधवार को जनसभा को संबोधित करते नितिन गडकरी। -हप्र

### हरियाणा की तस्वीर बदल जाएगी

गडकरी ने कहा कि देश में 70 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्य चल रहे हैं। हरियाणा में भी चार हाई-वे मंजूर किए गए हैं। इससे हरियाणा की तस्वीर और तकदीर बदल जाएगी।

मेवात में हरियाणा प्रभारी ने की सभा

# कांग्रेस जो कहती है वो करती है : गुलाम नबी

नूंह/मेवात,16 अक्तूबर (निस)

कांग्रेस महासचिव व हरियाणा प्रभारी गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को मेवात के प्रवेश द्वार बडकली चौक व तावडू के पीपाका में पहुंचकर पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही सभी वर्गों का पूरा ख्याल रखती है, इसी दल में सभी के हित सुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि राजनीति की बुनियाद कांग्रेस पार्टी ने रखी थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जो कहती है, वो करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल लोगों की वोट लेने का काम करती है, उसका विकास से दूर-दूर का रिश्ता नहीं हैं। भाजपा सरकार केवल पूंजीपतियों की सरकार है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी कर देश की गरीब जनता को लाइन में खड़ा कर दिया था, जीएसटी से व्यापारियों की कमर तोड़ दी है, लेकिन कांग्रेस इस बार हरियाणा को भाजपा मुक्त बनाने जा रही है। इस मौके पर उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी तादाद में पार्टी पदाधिकारी,कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।


मेवात में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा करते हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी गुलाम नबी आजाद। -निस

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने अरोड़ा, अकरम खान के लिए मांगे वोट

# भाजपा की झूठ की राजनीति अब नहीं चलने वाली : सैलजा

कुरुक्षेत्र/जगाधरी, 16 अक्तूबर (हप्र निस)

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि थानेसर से कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा प्रदेश के बड़े नेता हैं। वे जिस भी दल में रहे पूरी निष्ठा व मन से रहे। सभी कांग्रेसियों की इच्छा थी कि ऐसे ईमानदार नेता को कांग्रेस में शामिल किया जाए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झूठ बोलकर सरकार बनाई, लेकिन अब उसका झूठ नहीं चलने वाला है।

वे गांव अमीन में कांग्रेस प्रत्याशी अशोक अरोड़ा के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रही थीं। उनहोंने कहा कि भाजपा का ग्राफ काफी नीचे आ गया है और कांग्रेस का ग्राफ बढ़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सभी सरकारी कार्यालयों में भाजपा के दलाल बैठे हैं। अशोक अरोड़ा ने कहा कि जब से सैलजा और भूपेंद्र सिंह हुड्डा की जोड़ी ने कांग्रेस की कमान संभाली है, हरियाणा में परिवर्तन दिखने लगा है। जनसभा को पवन गर्ग, सुभाष पाली, ललित बुटाना, श्रीप्रकाश मिश्रा, जलेश शर्मा, पृथ्वी सिंह तुर्क ने भी संबोधित किया।

जगाधरी क्षेत्र के ताज फार्म बलाचौर में पार्टी प्रत्याशी अकरम खान के लिए वोट मांगते हुए सैलजा ने कहा कि भाजपा ने अंग्रेजों की फूट डालो-राज करो वाली नीति पर चलते हुए अपने फायदे के लिए समाज को बांटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जनता भाजपा को यमुना पार भेजेगी। जनसभा को अकरम खान, श्यामसुंदर बतरा, जाकिर हुसैन ने भी संबोधित किया। इस मौके पर देवेंद्र सिंह, मोहन जयरामपुर, नरपाल गुर्जर, कपिल खेतरपाल, अरशद पौसवाल, टीपी सिंह, पार्षद विनय टिंकु, जगमाल चेलाराम, राय सिंह गुर्जर, नवाब जैलदार, सतीश चुहुडपुर, अमित मुजाफत, जयभगवान, शमीम खान, नसीम खान, योगेश शर्मा मौजूद रहे।


कुरुक्षेत्र के अमीन गांव में अशोक अरोड़ा के समर्थन में आयोजित जनसभा में पहुंची सैलजा। -हप्र


जगाधरी के बलाचौर में अकरम खान के लिए वोट मांगने के लिए कुमारी सैलजा ने की सभा। -निस

# सुरक्षा बढ़ी, अर्द्ध-सैनिक बलों के जवान कर रहे फ्लैग मार्च

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही हरियाणा पुलिस ने प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव संपन्न करवाने के लिए सतर्कता बढ़ा दी है।

केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर पुलिस के जवान प्रदेश में लगातार फ्लैग मार्च कर रहे हैं, जिससे लोग बिना किसी भय के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (कानून एवं व्यवस्था) नवदीप सिंह विर्क ने बुधवार को यहां बताया कि कड़ी चौकसी के बीच राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से लेकर अब तक 12 करोड़ 94 लाख रुपये की नकदी, अवैध शराब और मादक पदार्थ जब्त किए जा चुके हैं। अवैध शराब की आपूर्ति को रोकने के लिए भी पुलिस की टीमें लगातार आबकारी विभाग के साथ संपर्क में हैं। प्रदेश में 21 अक्तूबर को मतदान होना है।

### चालती चाक्की — सत्यवीर नाहड़िया

आया करवा चौथ का, खास दिखे त्योहार।
नारी मूरत त्याग की, जिसका न्यारा सार।
जिसका न्यारा सार, नार की माया न्यारी।
बरत करै वा खास, जाणती दुनिया सारी।
कुल की मांगै खैर, धरम यो खूब निभाया।
बीर मरद की आस, खास यो दिन रै आया।।

**ग्राउंड जीरो** टोहाना में बराला के चलते भाजपा की प्रतिष्ठा दांव पर, बबली ने बिगाड़े समीकरण

# कांटे की टक्कर में फंसे प्रधानजी, बहुत छोटी होगी हार-जीत

दिनेश भारद्वाज/ट्रिन्यू
टोहाना, 16 अक्तूबर

फतेहाबाद जिले की टोहाना विधानसभा सीट पूरी तरह से हॉट हो चुकी है। हो भी क्यों नहीं? यहां सत्तारूढ़ भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सुभाष बराला जो चुनाव लड़ रहे हैं। बेशक, यह उनका दूसरा चुनाव है, लेकिन इस बार उनकी राह आसान नहीं है। यहां कांटे का मुकाबला बना हुआ है। कांग्रेस से टिकट नहीं मिलने के बाद जजपा से चुनाव लड़ रहे देवेंद्र बबली ने समीकरण बिगाड़ दिये हैं।

इलाके में सरदार हरपाल सिंह के परिवार का बड़ा प्रभाव है। उनके बेटे व पूर्व कृषि मंत्री परमजीत सिंह अपने रसूख और व्यवहार के चलते मैदान में डटे हैं। कुछ इलाकों में जहां मुकाबला आमने-सामने का दिखता है तो कई जगहों पर जंग त्रिकोणीय नजर आ रही है। बराला के समर्थकों की कमी नहीं है तो उनके खिलाफ बोलने वालों की भी लंबी लाइन है। पूरे प्रदेश की निगाहें इस बार टोहाना पर लगी हैं। लोग मानते हैं कि चुनाव कोई हारे या जीते, लेकिन अंतर बहुत कम रहेगा।


सुभाष बराला


देवेंद्र सिंह बबली

नरवाना से टोहाना जाते समय समैण गांव के लोगों से बात की तो यहां भी कांटे की टक्कर बताई गई। यह टोहाना हलके का सबसे बड़ा गांव है। 8000 के लगभग मतदाताओं वाले इस गांव के लोग खेती पर निर्भर करते हैं। गांव के सुरेश कुमार कहते हैं, 'मैं खुद तो कांग्रेसी हूं, लेकिन गांव में कांग्रेस तीसरे नंबर पर रह सकती है।' देवेंद्र बबली और बराला में वे सीधा मुकाबला मानते हैं। करीब 4700 मतदाताओं वाले कन्हड़ी गांव के जगदीश ने कहा, 'गांव में 15-16 बच्चों की नौकरी लगी है। इसमें किसी का कोई रोल नहीं। सभी पढ़-लिखकर लगे हैं। बराला का समर्थन करते नजर आए जगदीश ने कहा, 'लोग वोट स्थानीय मुद्दों पर देंगे।'


टोहाना के रतिया रोड पर ताश खेलते बुजुर्ग।

उनके साथ चाय की चुस्कियां ले रहे सुखिंद्र सिंह ने कहा, 'देवेंद्र बबली की समाजसेवी की छवि है। पिछले 10 साल से बबली इलाके में मेहनत कर रहे हैं। होशियार सिंह ने कहा, 'सरदार परमवीर सिंह ने भी मंत्री रहते इलाके में काम किया। लेकिन अब हार-जीत हमारे हाथ में नहीं रही। लड़के जवान हैं और वे खुद ही फैसला करते हैं।' वे तो यह कहने से भी पीछे नहीं हटे कि परिवार का मुखिया जिसे वोट डाल रहा है, बाकी लोग भी उसे देंगे, इसकी गारंटी नहीं है। जाट बाहुल्य इस गांव में नैन गौत्र मुख्य है। जाटों के बाद सबसे अधिक अनुसूचित जाति के वोटर हैं।

टोहाना के वार्ड-4 के रहने वाले युवा मिलन पाहवा ने कहा, 'दुष्यंत का साथ मिलने से बबली मजबूत हुए हैं। अपनी गाड़ी में कंफैक्शनरी की सप्लाई करने वाले मिलन को राष्ट्रीय मुद्दों से कोई सरोकार नहीं है। टोहाना शहर में बालाजी मंदिर के बाद प्रसाद की रेहड़ी लगाने वाले युवा नरेश ने कहा, यूथ फैक्टर चुनावों में काम करेगा। श्रीशनि देव शक्ति पीठ के बाहर चर्चा कर रहे राजकुमार और संजीव ने कहा, 'टोहाना में बराला ने काम तो करवाए हैं। वोट किसे देंगे, इस बात पर दोनों ने चुप्पी साध ली।

ताश के पत्ते फेंटते हुए वार्ड नंबर-16 के धन्नुराम ने कहा, हम गरीब लोगों के साथ ज्यादती हुई है। दलितों बस्तियों में कांग्रेस ने मुफ्त में पानी की टूटियां लगवाई थीं और टंकियां दी थीं। अब उनका भी बिल आने लगा है। ताश के पत्तों में 8 के ऊपर 4 फेंककर 12 बांधते हुए प्यारेलाल ने कहा, 'दलितों की कहीं सुनवाई नहीं है साहब। कई घरों में तो 5 से 7 हजार तक के बिल भेजे गये हैं। बीच में धन्नुराम ने कहा, 'ऊन नहीं बिकने से अब लोग भेड़ का धंधा भी छोड़ रहे हैं।'

सीएम ने प्रदेश की ढाई करोड़ जनता को बताया परिवार, धनखड़ के समर्थन में की रैली

# भ्रष्टाचारियों को करेंगे जनता के हवाले, वही करेगी न्याय : खट्टर

झज्जर/भिवानी/नूंह/मेवात, 16 अक्तूबर (हप्र/निस)

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने झज्जर जिले के बादली हलके की चुनावी रैली में प्रदेश की ढाई करोड़ जनता को अपना व पार्टी का परिवार बताया। सिलानी गांव में कृषि मंत्री ओपी धनखड़ के समर्थन में रैली करने पहुंचे सीएम ने कहा कि यदि इस चुनाव में बादली की जनता ने दम दिखाया तो उसका परिणाम अच्छा ही होगा। उन्होंने कहा कि जो प्यार उन्हें जन-आशीर्वाद यात्रा के दौरान मिला, वही वोटिंग वाले दिन भी मिलेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले 5 साल में ईमानदारी से काम किया है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में वह भ्रष्टाचार को बिल्कुल खत्म करेंगे और जो भ्रष्टाचार करता नजर आया उसे पकड़कर जनता के हवाले करेंगे। जनता अपने हिसाब से उसके साथ न्याय करेगी। इससे पहले, कृषि मंत्री ओपी धनखड़ ने कहा कि वह समर्पित भाव से जनसेवा में जुटे हैं। जो कमी रह गई है, वह भी आने वाले समय में पूरी कर दी जाएगी। जनसभा में हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को भी भाग लेना था, लेकिन वह नहीं पहुंच सके। उन्होंने मोबाइल फोन से रैली को संबोधित किया और धनखड़ के पक्ष में वोट की अपील की। रैली में भाजपा सांसद अरविंद शर्मा मौजूद रहे। भिवानी के बवानीखेड़ा में भाजपा प्रत्याशी विशंभर बाल्मीकि के समर्थन में विजय संकल्प रैली के दौरान खट्टर ने कहा कि पहले की सरकारें नौकरी देने के बाद युवाओं पर रैलियों में वाहन, टैंट या अन्य खर्चे थोपती थीं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने 72 हजार युवाओं को योग्यता के आधार पर नौकरियां दी हैं। नूंह-मेवात में 4 भाजपा प्रत्याशियों के लिए वोट मांगते हुए सीएम खट्टर ने कहा कि कश्मीर की 72 वर्ष की समस्या धारा 370 को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने 70 दिन में खत्म कर दिया।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने 5 साल में मेवात में तावडू, पुन्हाना को उपमंडल का दर्जा देने, कोटला झील विकसित करने सहित कई काम किए हैं। इस मौके पर उन्होंने नूंह से पार्टी प्रत्याशी जाकिर हुसैन, फिरोजपुर झिरका से प्रत्याशी नसीम अहमद, पुन्हाना से प्रत्याशी नौक्षम चौधरी और सोहना-तावडू से प्रत्याशी कुंवर संजय सिंह को विधानसभा भिजवाने की अपील की। सभा को जाकिर हुसैन, पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह, गौसेवा आयोग के चेयरमैन भानीराम मंगला ने भी संबोधित किया।



बादली के गांव सिलानी में रैली के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकारते सीएम मनोहर लाल खट्टर व ओपी धनखड़। -हप्र

### ईवीएम मतलब, एवरी वोट मोदी, मनोहर

खट्टर ने जनता के बीच ईवीएम का मतलब भी समझाया। उन्होंने कहा कि ईवीएम का मतलब साफ है कि एवरी वोट फॉर मोदी या फिर मनोहर। उन्होंने कांग्रेस के चुनावी घोषणा-पत्र को झूठ का पुलिंदा बताया। उन्होंने कहा कि हमारा घोषणा-पत्र सरकार बनने पर अमल करने वाला है।

### लाखनमाजरा में सीएम हुए भावुक, बोले-महम और निंदाना मेरी मां, नहीं उतार सकता कर्ज

**रोहतक (हप्र) :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भावुक होते हुए कहा कि महम विधानसभा सीट मेरे लिए सबसे खास है। 65 साल पहले मैने यहां की मिट्टी में जन्म लिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल बुधवार को लाखनमाजरा में भाजपा प्रत्याशी शमसेर खरकड़ा के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि निंदाना और महम मेरी मां है और इनका कर्ज कभी नहीं उतार सकता। उन्होंने क्षेत्र से जुडी अपने बचपन की कई यादें भी ताजा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि शमसेर को एमएलए तुम बना दो, आगे का काम मेरा। रैली में मुख्यमंत्री ने पार्टी से बगावत करने वालों को कड़ा संदेश देते हुए बिना किसी का नाम लिए कहा कि कुछ नेता खूब नारे लगाते हैं कि हम मोदी के समर्थन में हैं, मैं मोदी जी की पार्टी में विश्वास करता हूं लेकिन मौका आने पर मोदी की पीठ में छुरा घोप देते हैं। ऐसे लोग विश्वास के काबिल नहीं होते। ऐसे नेताओं का इलाज जरूर करेंगे। मुख्यमंत्री ने चेताते हुए कहा कि कुछ लोग बदमाशी की चौधर दिमाग में लेकर चल रहे हैं लेकिन वे ये बात दिमाग से निकाल दें। बदमाशी नहीं चलने दी जाएगी। चौधर बदमाशी की नहीं सेवा की होनी चाहिए। इस दौरान रोहतक से सांसद डॉ. अरविंद शर्मा, उज्जैन से सांसद अनिल फिरोजिया, पूर्व मंत्री दिलीप शेखावत, जिला अध्यक्ष अजय बंसल, पूर्व मंत्री प्रो. महा सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण चेयरमैन रामचंद्र जांगड़ा व अन्य मौजूद रहे।

### अब चौधर के नारे से काम चलने वाला नहीं

**पलवल (हप्र) :** मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि गरीबों का हक छीनने वालों के दिन अब लद गए हैं। कई जेल की सलाखों की पीछे हैं तो कई जाने वाले हैं। उन्होंने कहा कि हमने कभी देश-प्रदेश को तोड़ने की राजनीति नहीं की, जबकि विरोधियों ने प्रदेश को बांटने की साजिशें रचीं। जनता समझदार है, भले-बुरे में फर्क समझती है। इसलिए चौधर के नारे से काम चलने वाला नहीं। मुख्यमंत्री मनोहरलाल बुधवार देर रात पलवल के पंजाबी बाहुल्य इलाका कैंप-कॉलोनी चौक स्थित पंजाबी धर्मशाला ग्राउंड में भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला द्वारा आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में पलवल क्षेत्र की 36 बिरादरी की ओर से मुख्यमंत्री मनोहरलाल का पगड़ी बांधकर स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि अब हरियाणा में परिवारवाद की राजनीति नहीं चलती बल्कि सबका साथ-सबका विकास व सबका विश्वास के तहत लोगों के दिलों को जीतने का कार्य किया जाता है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों के मुख्यमंत्री अपने परिवार का भला करने की सोचते थे। भाजपा प्रत्याशी दीपक मंगला ने कहा कि भाजपा सरकार में पलवल हलके में इतना विकास हुआ है जो यहां के इतिहास में कभी नहीं हुआ। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि वह इस बार पलवल में कमल खिला दें। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सुभाष कत्याल, पूर्व विधायक सुभाष चौधरी, लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य डॉ. हरेन्द्र पाल राणा, प्रवीण ग्रोवर पार्षद, पूर्व चेयरमैन कंवर रमेश कुमार व नेत्रपाल तंवर, देवीचरण मंगला आदि मौजूद थे।

### फौगाट खाप नहीं करेगी किसी दल का समर्थन

चरखी दादरी, 16 अक्तूबर (निस)

विधानसभा चुनाव को लेकर फौगाट खाप ने निर्णय लिया है कि वह चुनाव के दौरान किसी भी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करेगी। खाप प्रधान बलवंत नंबरदार की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से यह फैसला लिया गया। बलवंत नंबरदार ने बताया कि खाप फौगाट एक सामाजिक संस्था है।






बलराम कटवाल के समर्थन में आयोजित सभा में बोले पूर्व सीएम

# कांग्रेस का मुकाबला भाजपा से, बाकी वोट काटू : हुड्डा

जींद, 16 अक्तूबर (हप्र)

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला है। बाकी उम्मीदवार वोट काटू हैं। प्रदेश की फिजा बदल चुकी और कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। पूर्व मुख्यमंत्री बुधवार को उचाना विधानसभा क्षेत्र के गांव छातर में कांग्रेस प्रत्याशी बलराम कटवाल के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान करते हुए कहा कि वे इस बार उचाना सीट से कांग्रेस प्रत्याशी को जितवाकर विधानसभा में भेजें। कांग्रेस के शासनकाल में इस क्षेत्र में काफी विकास हुआ है और आगे भी काई कमी नहीं रहने दी जाएगी। हुड्डा ने कहा कि भाजपा राज में जिस तरह नौकरियां बिकी, वैसा कभी न देखा न सुना था। भाजपा ने परचून की तरह नौकरियां बेचीं। हरियाणा के पढ़े-लिखे युवाओं को पानी पिलाने वाले की नौकरी में लगाकर अपमानित किया। ऐसा कोई पेपर नहीं हुआ जो लीक न हुआ है। ज्यूडीशरी, पुलिस, टीचर, क्लर्क नायब तहसीलदार भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ। पहली बार सर्विस कमीशन के चेयरमैन को सस्पेंड करना पड़ा। कर्मचारी रंगे हाथ पैसे लेते हुए पकड़े गये। हमारे समय बेरोजगारी 2.8 प्रतिशत थी जो आज 10 गुना बढकर 28.7 प्रतिशत पहुंच गयी है।

उन्होंने कहा कि अब चालान के नाम पर भाजपा सरकार ने नयी लूट योजना शुरु करी है। हमारी सरकार आयी तो इस काले कानून को हरियाणा में नहीं चलने देंगे।



उचाना में बुधवार को जनसभा में मंचासीन पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और कांग्रेस प्रत्याशी बलराम कटवाल। -हप्र

### फिर आशीर्वाद मिला तो प्रदेश में नहीं रहेंगे गुंडे-बदमाश

**रोहतक (निस) :** प्रदेश कांग्रेस विधायक दल के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा ने बुधवार को अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र गढ़ी सांपला किलोई हलके के गांव जसिया, किलोई और बोहर में प्रचार के लिए पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज मैं खास तौर पर पूरे गांव का आशीर्वाद लेने आया हूं, मुझे जब भी यहां से आशीर्वाद मिला, फिर मैं कहीं रुका नहीं। उन्होंने कहा कि 10 साल हमारी सरकार रही और हमने अपने इलाके के साथ ही पूरे हरियाणा को चमकाने का काम किया। हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश में नंबर एक पर खड़ा था, लेकिन भाजपा राज में अपराध में नंबर वन बन चुका है। उन्होंने वादा किया कि फिर से जनता का आशीर्वाद मिला तो गुंडे बदमाशों को हरियाणा में नहीं रहने देंगे।

दुष्यंत चौटाला, अशोक तंवर ने हथीन से भरी हुंकार, बोले

# हरियाणा में बनेगी किसान-कमेरे वर्ग की सरकार

देशपाल सौरोत/हप्र
पलवल, 16 अक्तूबर

जजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला तथा कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक तंवर ने संयुक्त रूप से बुधवार को हथीन क्षेत्र की धरती से हुंकार भरी।

उन्होंने दावा किया कि अब प्रदेश में किसान व कमेरे वर्ग की सरकार बनना तय है। उन्होंने कहा कि जब गरीब, किसान, कमेरे, मुसलमान, महिला व युवा वर्ग एकसाथ होंगे तो हरियाणा में सत्ता की चाबी जजपा के पास ही होगी। दुष्यंत और तंवर बुधवार को हथीन विधानसभा क्षेत्र के जजपा प्रत्याशी एवं पूर्व सिंचाई मंत्री हर्ष कुमार द्वारा रावत पाल के बड़े गांव मानपुर में आयोजित एक रैली को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस छोड़ चुके अशोक तंवर द्वारा जजपा को समर्थन दिए जाने के बाद उनकी यह पहली राजनैतिक रैली थी।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर ने भाजपा को खलनायक जनता पार्टी की परिभाषा देते हुए कहा कि इस चुनाव में भाजपा का सफाया हो जाएगा। रैली में रावत पाल के सुखीराम रावत, किशोर रावत चैयरमैन, मंडकौला के पूर्व सरपंच बिजेंद्र डागर, जिला परिषद के पूर्व चैयरमेन पति हाजी इशाक, किसान सैल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुखराम डागर समेत कई लोग मौजूद थे।



हथीन के गांव मानपुर में बुधवार को जजपा प्रत्याशी हर्ष कुमार द्वारा आयोजित रैली में मंचासीन पूर्व सांसद दुष्यंत चौटाला तथा अशोक तंवर। -हप्र

### कांग्रेस, भाजपा ने 15 साल जनता को लूटा

**नूंह/मेवात (निस) :** दुष्यंत चौटाला ने बुधवार शाम देवीलाल स्टेडियम सोहना में कहा कि इस बार प्रदेश में जजपा सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 15 साल से भाजपा व कांग्रेस ने सोहना क्षेत्र की जनता से झूठ बोल-बोलकर लूटा। इस दौरान तावडू के पार्षद मनीष सोनी, पार्षद माया पति देवेन्द्र कुमार, भाजपा किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व सैनिक लालचंद आर्य, गांव सीलको के पूर्व सरपंच, भाजपा नेता पुष्पा भारद्वाज तावडू, इनेलो नेता विजय डागर, कांग्रेस नेता अनिल कुमार सूंधिया आदि ने अपने दलों से विदा कहकर जजपा का पटका पहना।




ग्राउंड जीरो : विकास के साथ नौकरियां, भ्रष्टाचार, गुंडागर्दी जैसे मुद्दे लोगों की जुबान पर

# हनुमान जन्मभूमि, ऋषि कपिलमुनि की तपोभूमि में छिड़ी 'इमेज वार'

## कांग्रेस के सुरजेवाला की नज़र जीत की हैट्रिक पर, भाजपा ने चौटाला सरकार में एमएलए लीलाराम गुर्जर पर खेला दांव

दिनेश भारद्वाज
ट्रिब्यून न्यूज सर्विस

**कैथल :** शहर के बड़े बाजार हों या फिर अनाजमंडी में आढ़तियों की दुकान। गांव की गलियां हों या फिर चौक-चौराहों पर बैठे बुजुर्गों के ताश खेलने के ठिकाने। हर तरफ एक ही चर्चा है कि युधिष्ठिर की नगरी कहे जाने वाले कैथल का 'सिकंदर' इस बार कौन होगा। लोग बोलते तो हैं लेकिन पहले तोलते हैं। ऋषि कपिलमुनि की तपोभूमि भी इसे कहते हैं। कपिलमुनि के नाम पर ही इसका नाम कैथल बना। किंवदंतियों को सही मानें तो यह हनुमान की जन्मस्थली भी रहा। बहरहाल, इन पौराणिक बातों और घटनाओं के बीच कैथल में चुनावी संग्राम छिड़ा है। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शुमार रणदीप सिंह सुरजेवाला अपनी जीत की हैट्रिक के लिए सियासी रण में जुटे हैं। वहीं सत्तारूढ़ भाजपा ने चौटाला सरकार में विधायक रहे लीलाराम गुर्जर पर दांव खेला है। इलाके में गुर्जर वोट बैंक को नज़र में रखते हुए भाजपा ने कैथल में सुरजेवाला को हराने के लिए 'चक्रव्यूह' रचा है। चुनावों



में माइक्रो मैनेजमेंट के माहिर माने जाते सुरजेवाला इस चक्रव्यूह को तोड़ पाएंगे या नहीं, इस पर सभी की नज़रें हैं। रोचक बात यह है कि कैथल में राष्ट्रीय मुद्दों के साथ स्थानीय मुद्दों को जोर-शोर से उठाया जा रहा है। विकास भी मुद्दा है। नौकरियों को लेकर भी बात हो रही है। सबसे बड़ी बात यह है कि कैथल का चुनाव धीरे-धीरे 'इमेज वार' में बदल रहा है। ऐसे में भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी जैसे मुद्दे और आरोप-प्रत्यारोप भी सुर्खियों में हैं। कांग्रेस सरकार में लगातार 10 वर्षों तक कैबिनेट मंत्री रहे सुरजेवाला अब कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन हैं। राष्ट्रीय राजनीति में भी सुरजेवाला बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। पिछले लगभग पंद्रह वर्षों से कैथल पर सुरजेवाला परिवार का ही दबदबा है। 2005 में उनके पिता शमशेर सिंह सुरजेवाला ने यहां से चुनाव लड़ा और जीते। इसके बाद 2009 में खुद रणदीप मैदान में आये और 2014 में लगातार दूसरी बार चुनाव जीता। मतदाताओं का मन टटोला गया तो एक बात स्पष्ट थी कि वोट डालने से पहले वोटर दोनों प्रत्याशियों के बारे में अच्छे से समझ रहे हैं। दोनों प्रत्याशी सत्ता में रहे हैं। ऐसे में उनके कार्यकाल और काम करने के तौर-तरीकों को जांचा-परखा जा रहा है। चंदाना गेट के रमेश कुमार का कहना है कि सुरजेवाला ने मंत्री रहते हुए शहर में बहुत विकास करवाया। वहीं शक्ति नगर के राकेश का कहना है कि भाजपा में कई युवाओं को बिना सिफारिश के नौकरी लगी है। उनका कहना है, बेरोजगारी बहुत है। इसे दूर करने के लिए बड़े कदम उठाने होंगे। बुढ़ाखेड़ा गांव के हरभगवान कहने लगे, अब हवा बदल रही है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में अंतर है। किसी को भी वोट देने से पहले मतदाता बहुत सोचेंगे। ग्योंग गांव के रामकिशन और नैना के राहुल का कहना है कि आर्टिकल-370 खत्म करने से गांव के लोग खुश हैं लेकिन अब सरकार को हरियाणा के मुद्दों पर बात करनी चाहिए।

### भाजपा के टारगेट वाली अहम सीटों में टॉप पर

सत्तारूढ़ भाजपा के टारगेट वाली अहम सीटों में कैथल भी टॉप पर है। इसीलिए भाजपा ने इस सीट पर विजयी हासिल करने के लिए पूरा जोर लगाया हुआ है। 2000 से 2005 की चौटाला सरकार में भाजपा के मौजूदा प्रत्याशी लीलाराम गुर्जर ही यहां से विधायक थे। 2 लाख 2 हजार मतदाताओं वाले इस हलके में सबसे अधिक 45 हजार के करीब जाट वोटर माने जाते हैं। इसके बाद पंजाबी, बनिया, ब्राह्मण, सैनी व गुर्जर वोटर हैं, जो चुनावों में हार-जीत तय करते हैं।

## योगेंद्र यादव ने स्वराज इंडिया पार्टी प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

नरवाना, 16 अक्तूबर (अस)

स्वराज इंडिया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. योगेंद्र यादव ने बुधवार को गांव धरोदी में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए नरवाना हलके की जनता को स्वराज इंडिया के प्रत्याशी हरदीप सिंह धरोदी के पक्ष में वोट डालने की अपील की। उन्होंने चुनाव घोषणा पत्र की तर्ज पर पार्टी का ईमानपत्र पेश करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और रोजगार के मुद्दों पर अपनी पार्टी के रोड मैप से लोगों को अवगत किया। उन्होंने कहा कि स्वराज इंडिया पार्टी बाकी पार्टियों की तरह पैसे के बल पर चुनाव जीतने के लिए नहीं बल्कि बदलाव की परिपाटी को स्थापित करने के लिए चुनाव में उतरी है।

## 5 साल में जो नुकसान हुआ, उसकी भरपाई करेंगे : वरुण मुलाना



गांव सबगा में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करते कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना। -निस

अंबाला/मुलाना, 16 अक्तूबर (निस)

मुलाना से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना ने कहा कि कांग्रेस की सत्ता आने पर पिछले 5 साल में जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई की जायेगी। वरूण मुलाना आज गांव सबगा में एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने लोगों से वोट की अपील की और कहा कि भाजपा को सत्ता से दूर करें। वरूण मुलाना ने कहा कि भाजपा का झूठ लोगों की समझ में आ गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की फसल को ऑनलाइन कर एक बड़ा घोटाला किया जा रहा है। फसल बीमा के नाम पर लोगों को लूटा जा रहा है। ट्रैक्टरों के चालान लाखों में हो रहे हैं। इस मौके पर बसपा के कई कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल हुए। का ऐलान किया। वहीं मुलाना हलके की सियासत का केंद्र बिंदु रहे फूलचंद मुलाना भी चुनाव मैदान में बेटे का प्रचार कर रहे हैं। उनका कहना है कि मैं तो अब बूढ़ा हो चुका हूं लेकिन तुमने वरूण को जिता कर हलके में विकास की गति को तेज करना है। हलके के विकास की गति को कायम रखना है तो पढ़े-लिखे वरूण को एक मौका दें।

## गर्ल्स कॉलेज, लाडवा बाईपास होगी प्राथमिकता : मेवा सिंह

बाबैन,16 अक्तूबर (निस)

लाडवा हलके से कांग्रेस प्रत्याशी मेवा सिंह ने कहा कि वे जीवन भर हलके की जनता की बेटा व भाई बनकर सेवा करते रहेंगे और जो भी वादे हलके की जनता से करेंगे उसे हर हाल में पूरा करेंगे। मेवा सिंह आज हलके के अनेक गांवों का दौरा करने के उपरांत गांव गुहण में जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। इस दौरान अनेक गांवों के एससी-बीसी समाज, प्रजापत समाज सैनी समाज, जाट समाज व कश्यप समाज के अन्य लोगों ने भाजपा एवं इनेलो छोड़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल होने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भाजपा की जनविरोधी नीतियों से तंग होकर लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। मेवा सिंह ने कहा कि बाबैन में गर्ल्स कॉलेज व लाडवा में बाईपास बनवाना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि हलके के युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे है और किसान मजदूर व व्यापारी अनदेखी का शिकार हो रहे हैं।



बाबैन में बुधवार को हलका लाडवा से कांग्रेस प्रत्याशी मेवा सिंह अपने समर्थकों के साथ प्रचार करते हुए। -निस

## विपक्ष के बहकावे में न आना, कमल का बटन दबाना : राणा



भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र राणा गांव मुंगलाई में बुधवार को लोगों से वोट की अपील करते हुये। -निस

अंबाला, 16 अक्तूबर (निस)

नारायणगढ़ से भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र राणा ने जनता को आगाह किया कि विपक्षी दल आने वाले दिनों में बहकाने के लिये आयेंगे, क्योंकि वे भाजपा को सत्ता में नहीं देख पा रहे। जनता को इस बात को समझते हुये भाजपा को वोट देना है। उन्होंने कहा कि इस बार नारायणगढ़ हलके में विकास की सभी कमियों को पूरा करने का काम किया जायेगा। राणा आज हलके के गांव मुंगलाई, खुड्डा, सपेहड़ा और रतनहेड़ी आदि गांवों में सभाएं कर रहे हैं। सुरेंद्र राणा ने कहा कि भाजपा ने पिछले पांच सालों में विकास किया है। पूर्व की सरकारें तो सत्ता पाकर लोगों को नजरअंदाज करती थी। जनता का कोई भी काम बिना भ्रष्टाचार के नहीं होता था, लेकिन मनोहर सरकार ने एक बेहतर व्यवस्था की और इससे पांच साल में सूबे में बहुत से बदलाव आये।

उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक घराने सत्ता से दूर हो जाने के कारण खासे बेचैन हैं। वे लोगों को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं लेकिन हमने मिलकर ऐसे लोगों से दूरी बनाकर रखना है।

## महिलाओं की सुरक्षा पर नहीं सरकार का ध्यान : सपना बड़शामी

बाबैन,16 अक्तूबर (निस)

हलका लाडवा से इनेलो प्रत्याशी सपना बड़शामी ने कहा कि आज जो प्रदेश के बुजुर्गों को सम्मान के तौर पर बुढ़ापा पेंशन मिल रही है, ये सब पूर्व उपप्रधान मंत्री ताऊ देवी लाल की सोच की बदौलत मिल रही है,क्योंकि बुढ़ापा पैंशन योजना देवी लाल ने अपनी कलम से शुरू की थी। सपना बड़शामी गांव बड़तौली में जनसभा को सम्बोधित कर रहीं थीं। सपना ने कहा कि लाडवा हलके के 36 बिरादरी के लोगों का भारी समर्थन उन्हें मिल रहा है जिसे वे कभी नहीं भूलेंगीं। उन्होंने कहा कि भाजपा को सत्ता सौंपने के बाद प्रदेश में भाजपा सरकार ने महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा व स्वास्थ्य को पूरी तरह से दरकिनार किया है और प्रदेश में महिलाएं न तो घर में में सुरक्षित हैं व न ही घर से बाहर सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में इनेलो सरकार बनने पर महिलाओं के हर सपने पूरे होंगे और वह खुद महिलाओं की वकील बनकर इनकी पैरवी करेंगीं। इस मौके पर बच्चन कौर बड़शामी, गगन बड़शामी, महिला जिला प्रधान सुरजीत कौर व अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



बाबैन में बुधवार को हलका लाडवा से इनेलो प्रत्याशी सपना बड़शामी अपने समर्थकों के बीच प्रचार करते हुए। -निस

## महिलाओं को देंगे 33% आरक्षण : शैली चौधरी



नारायणगढ़ के वार्ड 2 में बुधवार को चुनावी जनसभा में मौजूद कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी।-निस

नारायणगढ़, 16 अक्तूबर (निस)

कांग्रेस प्रत्याशी शैली चौधरी ने नारायणगढ़ विधानसभा के गांव बीबीपुर, बड़ा गांव, सलौला, तानका माजरा, पंजेटों, परैल, हांडी खेड़ा, शेर पुर, मघर पुरा, रजपुरा, धमौली माजरी, नगांवां, उपरली धमौली, भूड़ माजरी, सादिकपुर, बनौंदी व वार्ड 2, नारायणगढ़ का दौरा कर ग्रामीण जनसभाओं को सम्बोधित किया। शैली चौधरी ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनते ही बुढ़ापा पैंशन 5100 रूपये होगी और सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जायेगा। पार्षद सुधा शर्मा व समाजसेवी नरेन्द्र देव शर्मा ने शैली चौधरी व उनके पति पूर्व विधायक राम किशन गुज्जर का स्वागत किया। शैली चौधरी ने इस मौके पर कहा कि वे हलके की जनता के सदैव आभारी रहेंगे। पूर्व विधायक राम किशन गुज्जर ने भी इस मौके पर अपने विचार रखे।

## भाजपा की जनविरोधी नीतियों से सभी वर्ग परेशान : गुलशन सैनी

नारायणगढ़, 16 अक्तूबर (निस)

नारायणगढ़ विधानसभा से लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी प्रत्याशी गुलशन सैनी ने रविवार को हलका नारायणगढ़ के गांव रतनहेड़ी, कपूरी, बिलपुरा, बड़ा खुड्डा, मंगलई, सलारहेड़ी, रोलों, पुलेवाला, फतेहगढ़, जटवाड़, अम्बली, पूजा विहार व वालिया मोहल्ला नारायणगढ़ में जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस अवसर पर गुलशन सैनी ने कहा कि भाजपा अपने 5 वर्ष के शासनकाल में एक भी वादे पर खरी नहीं उतरी। भाजपा की जनविरोधी नीतियों के कारण प्रदेश के सभी वर्गों के लोग परेशान हैं और अब बदलाव चाहते हैं। सैनी ने कहा कि लोसुपा सरकार बनते ही क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार के साथ जोड़ा जायेगा। साथी ही पहली कलम से नारायणगढ़ को जिला बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि नारायणगढ़ शुगर मिल से किसानों को गन्ने की फसल की पेमेंट में आने वाली समस्या का स्थाई हल करवाने के लिए नारायणगढ़ क्षेत्र में सहकारी शुगर मिल खोली जायेगी।



नारायणगढ़ में बुधवार को लोसुपा प्रत्याशी गुलशन सैनी पार्टी में आने वाले लोगों का स्वागत करते हुए। -निस

## महीपाल ढांडा ने विकास कार्यों के बदले मांगा आशीर्वाद



पानीपत ग्रामीण हलके की कालोनी में बुधवार को लोगों का संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी महीपाल ढांडा।-निस

पानीपत, 16 अक्तूबर (एस)

भाजपा प्रत्याशी महीपाल ढांडा ने बुधवार को ग्रामीण हलके की अशोक विहार कालोनी, डाबर कालोनी, कुटानी रोड पर निर्माण कुटिया, असंध रोड हनुमान मंदिर, भारत नगर बाबैल रोड, हरिसिंह कालोनी, दिनानाथ कालोनी का दौरा किया और कालोनी वासियों से वोट देने की अपील की। वहीं सभी कार्यक्रमों में पहुंचने पर महीपाल ढांडा का कालोनी वासियों ने ढोल नगाड़े, फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। महीपाल ढांडा ने कालोनी वासियों से कहा कि उन्होंने 2014 के विधानसभा चुनाव में किए गए अपने वादे के अनुसार हलके की सभी कालोनियों को वैध करवाया। महीपाल ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पिछले पांच साल में करवाए गए विकास कार्यों व कल्याणकारी नीतियों के चलते आज प्रदेश में भाजपा के पक्ष में लहर है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष तो मुद्दाविहीन हो चुका है। वहीं, कालोनी वासियों ने महीपाल ढांडा को भाजपा के पक्ष में मतदान करने का आश्वासन दिया।

## सरकार की नीयत में खोट : दिग्विजय

शाहाबाद मारकंडा, 16 अक्तूबर (निस)

इनसो के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि बिना पर्ची, बिना खर्ची रोजगार देने वाली भाजपा सरकार की नीयत में खोट है। उन्होंने कहा कि एस.डी.ओ., एच.सी.एस. व बिजली विभाग की निकाली गई नौकरियों में गुजरात के लोगों का चयन हुआ है जो भाजपा सरकार के दिए गए नारे को झुठलाता है। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा का उच्च शिक्षा प्राप्त बच्चा सरकारी नौकरी को तरस गया है और योग्यता होते हुए भी बेलदार, चौकीदार व माली की नौकरी करने को मजबूर है। वह आज शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रामकरण काला के समर्थन में गांव नलवी, धुराला, ठोल व खरींडवा में जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता हर क्षेत्र में आगे है लेकिन नौकरियों में पीछे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने जिस ट्रैक्टर का गड्ढा घोषित किया था आज उसी ट्रैक्टर को चलाने के लिए हैवी लाइसेंस की मांग की जा रही है और यातायात नियमों के नाम पर 3-3 लाख का जुर्माना वसूला जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि शाहाबाद के कांग्रेस प्रत्याशी अनिल धंतौड़ी किसी गिनती में नहीं आते।



गांव नलवी में बुधवार को जजपा प्रत्याशी रामकरण काला की जनसभा को संबोधित करते इनसो के राष्ट्रीयाध्यक्ष दिग्विजय चौटाला। -निस

## झूठ व जातपात की राजनीति न की है, न करूंगा : सतबीर भाणा



पूंडरी में बुधवार को कांग्रेस उम्मीदवार सतबीर भाणा ग्रामीणों को अपने पक्ष में मतदान की अपील करते हुए। -हप्र

कैथल, 16 अक्तूबर (हप्र)

पूंडरी से कांग्रेस उम्मीदवार सतबीर भाणा ने गांव भाणा में कहा कि गांव भाणा के साथ हलके के हर गांव में 36 बिरादरियों द्वारा उनके प्रति जताए गए विश्वास पर कभी आंच नहीं आने दूंगा। हलके में फैले जातपात के जहर को समाप्त कर हर वर्ग के लोगों को एकता के सूत्र में पिरोना उनकी प्राथमिकता रहेगी। भाणा ने कहा कि उन्होंने कभी भी झूठ व जाति-पाति की राजनीति न की है और न ही करेंगे।

## थानेसर के विकास पर ही फोकस : सुभाष सुधा

कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर (हप्र)

विधायक सुभाष सुधा ने थानेसर हलका वासियों के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि पिछली सरकारों में विधायकों ने जनता के हितों को दरकिनार करते हुए अपने स्वार्थों की पूर्ति की जबकि भाजपा विधायक ने केवल जनता की सुख-सुविधाओं के लिए रेल ऐलिवेटिड ट्रैक, देश की पहला आयुष विश्वविद्यालय, राजकीय महिला कालेज, नर्सिंग कालेज जैसी परियोजनाओं को मांगा। सुभाष कई जगह सभाओं को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि थानेसर का विकास और लोगों की सुख सुविधाओं का ध्यान रखना उनकी प्राथमिकता रहेगी।



थानेसर के भाजपा प्रत्याशी सुभाष सुधा बुधवार को अपना चुनाव प्रचार करते हुए। -हप्र

## कांग्रेस भूअधिग्रहण का डर दिखाकर लूटती थी जमीन : कर्णदेव कांबोज



रादौर में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी मंत्री कर्णदेव कांबोज लोगों को संबोधित करते हुए। -निस

रादौर, 16 अक्तूबर (निस)

भाजपा प्रत्याशी मंत्री कर्णदेव कांबोज ने कहा कि कांग्रेस सरकार में मुख्यमंत्री रहे भूपेंद्र सिंह हुड्डा के राज में किसानों को भूमि अधिग्रहण का डर दिखाकर उनकी जमीनें लूटी जाती थी, जिसके बाद प्राइवेट बिल्डर जमीनों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। कांग्रेस प्रत्याशी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्होंने हर बार नये दल से चुनाव लड़ा और विधायक बनकर लोगों से कहा कि उनकी सरकार नहीं है इसलिये आपका काम नहीं हो सकता। रादौर विधानसभा क्षेत्र के साथ इनेलो और कांग्रेस राज में सौतेला व्यवहार किया जाता था।

## घोषणापत्र के हर वादे को पूरा करेगी कांग्रेस : जयप्रकाश

कलायत,16 अक्तूबर (निस)

कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश ने कहा कि कांग्रेस सरकार के सत्ता में आने पर, जो जनहितैषी घोषणा पत्र तैयार किया गया है, उसे तुरंत लागू किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि हर गांव में मिल रहे भारी समर्थन से कांग्रेस की जीत होना निश्चित है। जयप्रकाश ने बुधवार को चौशाला, बढ़सीकरी, हरिपुरा, कलायत अनाज मंडी और नगर में डोर-टू-डोर कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान की अपील की। इस दौरान बढ़सीकरी में कई लोगों ने विभिन्न पार्टियों को छोड़कर कांग्रेस में अपनी आस्था जताई। जयप्रकाश ने जनसभाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ने अपने पिछले कार्यकाल के दौरान 154 वादे करके प्रदेश को लूटा था। लेकिन एक भी वादा भाजपा सरकार ने पूरा नहीं किया।



कलायत के गांव खरक पांडवा में बुधवार को वोट की अपील करते कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश। -निस

हिमाचल के सीएम ने ज्ञानचंद गुप्ता के लिए मांगे वोट

# विकास की पहचान बन चुका हरियाणा : जयराम

सुरेंद्र सिंह सांगवान/ट्रिब्यू
बरवाला (पंचकूला), 16 अक्तूबर

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि विकास की दृष्टि से हरियाणा देश में पहचान चुका है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर का जाता है। विधायक ज्ञानचंद गुप्ता ने भी सेवा भाव से धरातल से जुड़कर हलके में जो कार्य कराये उससे पंचकूला का नाम दुनिया के नक्शे पर पहचाना जाने लगा है। उन्होंने विधानसभा चुनाव में कमल का बटन दबाकर गुप्ता को विजयी बनाने की अपील की। जयराम ठाकुर बुधवार को यहां भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर गुप्ता के अलावा जिला प्रधान दीपक शर्मा, युवा इकाई के जिला अध्यक्ष योगेंद्र शर्मा, महामंत्री हरेंद्र मलिक, पूर्व चेयरमैन संतोष शर्मा, हिमाचल के विधायक हीरा लाल ने भी सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटने के बाद वे सभी 104 कानून लागू हो गये हैं जो पहले लागू नहीं थे। आज कश्मीर से कन्या कुमारी तक देश में एक ही झंडा है। भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता ने सभा में पिछले 5 साल में कराये गये विकास कार्यों की जानकारी दी। सभा में उमेश सूद, ओमप्रकाश देवीनगर, बीबी सिंघल, वीरेंद्र भाऊ, विनोद ठाकुर, जगदीश कश्यप, मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग आदि मौजूद थे।


पंचकूला के बरवाला में बुधवार को जनसभा के दौरान हिमाचल के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, ज्ञानचंद गुप्ता व अन्य।

## प्रदेश के लिए मोदी जैसे हैं मनोहर

**पिंजौर (निस)** : चोना चैक और गांव मड़ावाला में कालका प्रत्याशी लतिका शर्मा के समर्थन में बुधवार को हुई जनसभा में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पहुंचे। इस अवसर पर जयराम ठाकुर ने कहा कि जैसे देश के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उसी प्रकार हरियाणा के लिए मनोहर लाल खट्टर जैसा मजबूत, ईमानदार नेतृत्व जरूरी है। क्योंकि इन्होंने प्रदेश को विकास की पटरी पर ही नहीं लाया बल्कि दुनिया के मानचित्र में अलग पहचान बनाई है। जनसभा में लतिका शर्मा, भाजपा नेता श्याम लाल बंसल, दीपक शर्मा, संजीव कौशल मौजूद थे।

**पंचकूला (ट्रिन्यू) :** भाजपा प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता ने मंगलवार रात को सेक्टर 20 के पार्क में आयोजित सभा में कहा कि जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटने के बाद पत्थरबाज बिलों में छिप गये हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के सत्तारूढ़ होने के बाद अब लोगों में राम मंदिर बनने की आस भी जगी है। इस मौके पर समाज सेविका सविता कोडान, युवा इकाई के प्रधान योगेंद्र शर्मा, महामंत्री हरेंद्र मलिक, ओमप्रकाश देवीनगर मौजूद रहे।

मेवात में हरियाणा प्रभारी ने की सभा

# आईएमटी का विरोध करने वाले मांग रहे माफी : असीम

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल ने कहा कि आईएमटी का विरोध करने वाले अब जनता की नाराजगी को देखकर आईएमटी बनाने की बातें कर रहे हैं तो वहीं युवाओं के रोजगार के दुश्मन नेता जनता के बीच जाकर आईएमटी का विरोध के लिए माफी मांगते फिर रहे हैं। असीम ने कहा कि अंबाला की जनता इन नेताओं को माफ नहीं करेगी। गोयल ने सीधे तौर पर कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर व आजाद प्रत्याशी निर्मल सिंह पर वार करते हुए कहा कि जनता को फैसला करना है कि निजी स्वार्थ के लिए आईएमटी का विरोध करने वालों का साथ देना है या फिर बिना किसी भेदभाव के लिए काम करने वाली भाजपा के पक्ष में वोटकर आईएमटी का सपना साकार करना है। असीम गोयल ने घागरू, मुजफरा, धूलकोट गांव, सद्दोपुर, गीता नगरी, हीरानगर, अशोक विहार, कमल विहार, शालीमार कालोनी, डीडब्ल्यूएस कालोनी, सेक्टर-9 सहित कई एरिया में जनसभा के साथ-साथ डोर टू डोर अभियान कर रहे थे।

**मिला सामाजिक संगठनों का साथ :** प्रचार अभियान के तहत अंबाला शहर में हुए विकास कार्यों की बदौलत ही असीम को लगातार मजबूती मिल रही है। इसी कड़ी के तहत मुस्लिम समाज से मौलाना जावेद, ब्राह्मण समाज से प्राणनाथ शर्मा, इसाई समाज से सुनील सादिक, सैन समाज से जसवंत सिंह, कपड़ा मार्केट सेक्टर-7 से हरीश चड्ढा सहित कई सामाजिक सगठनों ने भी अपना समर्थन दिया। असीम गोयल ने कहा कि सीएम मनोहर लाल खट्टर ने अंबाला के लोगों के दर्द को समझा है।


अंबाला शहर में बुधवार को एक चुनावी सभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी असीम गोयल। -प्रदीप मैनी

# सरकारी कर्मचारियों के लिये बनवाएंगे मकान : चंद्रमोहन

पंचकूला, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी चंद्रमोहन ने घोषणा की है कि पंचकूला में सरकारी कर्मचारियों के रहने के लिये और मकानों का निर्माण करवाया जाएगा। यहां हजारों ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें सरकारी मकान न होने के कारण भारी भरकम किराया देने पड़ता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर पंचकूला में कर्मचारियों के उत्थान पर फोक्स रहेगा।

चंद्रमोहन ने आज भी विभिन्न गांवों एवं सेक्टरों में नुक्कड़ बैठकें एवं जनसभाएं की। इस दौरान सरकारी कर्मचारियों के परिवारों ने उनके सम्मुख समस्यायें रखीं। उन्होंने ने गांव सुंदरपुर, ढंडारडू, माजरी, हरीपुर, राजीव कालोनी, एक मरला प्लॉट सेक्टर 20, आशियाना कालोनी सेक्टर 20, मद्रासी कालोनी सेक्टर 21, इंडस्ट्रियल एरिया, गांव अभयपुर, देवीनगर और खड़क मंगोली में बैठकें, नुक्कड़ सभाएं और जनसभाएं की। इस दौरान विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं अन्य संगठनों ने चंद्रमोहन को समर्थन दिया। अग्रवाल समाज के संगठनों ने भी चंद्रमोहन को समर्थन का पत्र सौंपा है।

**मोरनी (निस) :** कांग्रेस पार्टी में एक दर्जन भर युवाओं ने टिक्कर ताल में ज्वाइनिंग की। मोरनी में बुधवार को कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के बेटे अमनदीप चौधरी ने एक कार्यक्रम में क्षेत्र के काफी युवाओं को पार्टी में शामिल किया।

कांग्रेस प्रत्याशी का सरकार पर वार

# 5 साल लूटा, अब मोदी के नाम पर मांग रहे वोट : मलौर


अंबाला शहर में बुधवार को चुनाव अभियान के तहत लोगों से जन संपर्क करते कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर। -हप्र

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर ने बुधवार को सिटी विधानसभा क्षेत्र में कई सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सीधे तौर पर विधायक असीम गोयल के विकास के दावों की पोल खोल दी। उन्होंने कहा कि विधायक असीम गोयल विकास के दावे करते हैं। सच्चाई है कि जमीनी तौर पर विकास कहीं नहीं हुआ। कांग्रेस प्रत्याशी जसबीर मलौर ने बुधवार को सिटी के देवी नगर, जंडली, कौंला, नया बांस नजदीक गुरुद्वारा, अशोक विहार आदि स्थानों पर सभाएं की। मलौर ने कहा कि 5 साल लूट मचा दी और अब जब चुनाव आया तो विधायक धारा 370 का जिक्र करते हुए मोदी के नाम पर वोट मांग रहे हैं। वह ऐसा इसलिए कर रहे हैं कि विकास के नाम पर कुछ भी नहीं किया। अब जब हार सामने नजर आ रही है तो घबराए हुए हैं और मोदी की नाव के सहारे एक बार फिर से चुनावी वैतरणी पार करने का प्रयास कर रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि सच है कि विकास हुआ है लेकिन आम जन का नहीं, बल्कि विधायक के चहेतों का। जो कल खाली हाथ घूम रहे थे आज वे आलीशान बंगलों और कारों के मालिक बन बैठे हैं। यह विकास सिर्फ पांच सालों में हुआ है। विधायक अपने आप को नगर सेवक कहते हैं नगर सेवक की संपत्ति 5 साल में कई गुना बढ़ गई।

मलौर ने कहा कि हम सवाल पूछते हैं कि कहां हुआ है विकास। विकास के नाम पर मजबूत गली और सडक़ों को तोड़ कर टाइल्स लगवाई गई। लगाई गई टाइल्स भी विवादों के घेरे में हैं। विधायक इन मुद्दों पर चुप हैं। कांग्रेस प्रत्याशी ने कहा कि कांग्रेस पूंजीपतियों की पार्टी नहीं है। वह हमेशा गरीबों के हित में काम करती है।

# भाजपा कर रही कर्मियों के वोटों का अवैध जुगाड़ : चित्रा


अंबाला छावनी में बुधवार को आजाद उम्मीदवार चित्रा सरवारा भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के उनके साथ आने पर स्वागत करती हुई। -प्रदीप मैनी

अंबाला, 16 अक्तूबर (निस)

अंबाला छावनी विधानसभा सीट से आजाद उम्मीदवार चित्रा सरवारा ने आज भाजपा पर अपना अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए कहा है कि 75 पार का ढोल पीट रही भाजपा की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि वह इज्जत बचाने के खातिर प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मचारियों के वोटों का अवैध जुगाड़ कर रही है। भारतीय संविधान की ओर से प्रत्येक देशवासी को मिले मताधिकार को छीनने के मकसद से प्रदेश के लाखों सरकारी कर्मियों के अग्रिम फार्म भरवाए जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि निश्चित रूप से भाजपा इन लाखों कर्मियों के मताधिकार का प्रयोग अपने निहित स्वार्थों के लिए करेगी। उन्होंने कहा कि ऐसे औच्छे हथकंडे अपनाकर न केवल प्रदेश के लाखों लोगों की भावनाओं से खिलवाड़ करने की साजिश की जा रही है बल्कि लोकतंत्र की हत्या का भी खूब प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के इन हालातों पर जिला प्रशासन और राज्य चुनाव आयोग मौन हैं। सरवारा ने दावा किया कि प्रदेश का मतदाता पूरे देश में सबसे जागरूक है और अन्याय के खिलाफ संघर्ष का बिगुल बजाना धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र के प्रदेश के लोगों के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि भाजपा की इस साजिश का पूरे प्रदेश में न केवल पर्दाफाश किया जाएगा बल्कि डटकर विरोध भी किया जाएगा। इसी बीच आज जनसंपर्क अभियान के तहत चित्रा सरवारा ने सदर बाजार मार्केट में डोर टू डोर अभियायन चलाया तथा राजापार्क, एफसीआई गोदाम, नन्हेड़ा नई आबादी चक नन्हेड़ा, घसीटपुर, तेली मंडी में प्रभावी ढंग से जनसंपर्क किया।

केंद्रीय मंत्री ने किया लतिका का प्रचार

# भाजपा ने दी भ्रष्टाचार मुक्त सरकार : कृष्णपाल गुर्जर

पंचकूला/ मोरनी, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू/निस)

केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने आज कालका हलके के रायपुररानी गांव में भाजपा प्रत्याशी लतिका शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने ने कहा कि भाजपा ने देश व प्रदेश में ईमानदार व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है। पिछली सरकारों के मंत्री भ्रष्टाचार करके जेल में जाते थे, लेकिन भाजपा के मंत्री ईमानदारी के लिए पहचाने जाते हैं। कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा में एक ईमानदार सरकार आपके लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री मनोहरलाल ने पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है। उधर, कालका विधानसभा से आजाद उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रही विद्या वाल्मीकि ने अपना समर्थन बुधवार को भाजपा प्रत्याशी को दिया। एक कार्यक्रम में विद्या वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी लतिका शर्मा ने कालका में विकास करवाने के साथ ही सबका साथ दिया है। किसी वर्ग की अनदेखी नहीं की इसलिए वह उन्हें समर्थन दे रही हैं। उधर लतिका शर्मा ने जनसभा में आए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने मोरनी क्षेत्र के लिए हमेशा प्राथमिकता दिखाई है। इस अवसर पर उनके साथ मोरनी के सरपंच माम चंद भंवरा, पवन धीमान, कनकरेखा, सुखबीर सिंह, भूपेंद्र हथिया व हेमराज सहित भाजपा मण्डल के लोग रहे।


रायपुररानी में जनसभा के मंच पर मौजूद केंद्रीय मंत्री कृष्णलाल गुर्जर, भाजपा प्रत्याशी लतिका शर्मा व अन्य।

## सरकारी पोल पर झंडा लगाता काबू

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

सामान्य ऑब्जर्वर गंगाराम बदेरिया ने आचार संहिता का उल्लघंन करके सरकारी पोल पर झंडा लगाते एक व्यक्ति को पकड़ा है। उसके खिलाफ चुनाव आचार संहिता के नोडल अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

## हिमाचल के पूर्व मंत्री ने कांग्रेस प्रत्याशी के लिए मांगे वोट

पिंजौर, 16 अक्तूबर (निस)

हिमाचल सरकार में तीन बार केबिनेट मंत्री रहे और नैना देवी से कांग्रेस विधायक रामलाल ठाकुर ने कालका-पिंजौर के गांवों और बाजार में लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए वोट मांगे। उसके बाद पूर्व चेयरमैन विजय बंसल के निवास पर कालका में कांग्रेस को विजयी बनाने के लिए रणनीति बनाई।






इनेलो नेता ने थामा भाजपा का दामन

# अनिल विज के समर्थन में महिलाओं का रोड शो

अंबाला, 16 अक्तूबर (निस)

अंबाला छावनी में बुधवार को भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष विजय गुप्ता के नेतृत्व में विजय संकल्प रोड शो निकाला गया। यहां बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने भाजपा उम्मीदवार अनिल विज के समर्थन में नारे लगाए। रोड शो चुनाव कार्यालय से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से निकला। दुकानदारों एवं समर्थकों ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। रोडशो में सुनीता कपूर, शांति देवी, सुनीता कपूर, पुष्पा वैश्य, अंजू बिंद्रा, प्रेमलता, मोनिका सुदन और रेणू चौहान भी मौजूद थीं। इस अवसर पर इनेलो के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृपाल सिंह अरोड़ा ने अपने साथियों के साथ अनिल विज के नेतृत्व में भाजपा का दामन थाम लिया।


अंबाला छावनी में बुधवार को भाजपा प्रत्याशी अनिल विज इनेलो के वरिष्ठ कार्यकर्ता का पार्टी में स्वागत करते हुए। -प्रदीप मैनी

कृपाल सिंह अरोड़ा 40 साल से इनेलो से जुड़े रहे। अनिल विज ने उन्हें गले लगाया और पटका पहनाकर उन्हें भाजपा में शामिल किया। इस अवसर पर इंडिया सैनी समाज के मेहर सैनी, श्री गुरु विश्वकर्मा मंदिर प्रधान राजीव शर्मा ने भी कांग्रेस को अलविदा कहकर भाजपा में शामिल हो गये। वहीं दूसरी ओर अनिल विज ने बुधवार को जनसम्पर्क अभियान के तहत पंजाबी गुरुद्वारे में माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य ग्रंथी प्रधान बलदेव सिंह और बीएस बिंद्रा ने अनिल विज को सिरोपा भेंट किया।


epaper.dainiktribuneonline.com

# पार्क में युवती ने लगाया फंदा

मोहाली, 16 अक्तूबर (निस)

मटौर थाने के ठीक पीछे फेज-7 के पार्क में बुधवार को एक युवती ने



आम के पेड़ पर चढ़कर अपने ही दुपट्टे का फंदा बनाकर खुदकुशी कर ली। किसी राहगीर ने देखकर वहां के एमसी सैहबी आनंद को फोन किया और एमसी ने मौके पर पहुंचकर मटौर थाना पुलिस को बुलाया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पेड़ से लटक रही लाश को नीचे उतारा।

एसएचओ मटौर राजीव कुमार ने बताया कि युवती के पास से किसी तरह का कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ और न ही मृतक युवती की शिनाख्त हो पाई है। मृतका की उम्र 30 से 35 साल के आसपास बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार युवती आस-पास की कोठियों में काम करने वाली बताई जा रही है। युवती ने हाथों में मेहंदी लगाई हुई थी। पुलिस ने मृतका की शिनाख्त के लिए लाश सिविल अस्पताल फेज-6 की मॉर्चरी में रखवा दी है।

## यूटी की 20 डिस्पेंसरी होंगी अपग्रेड

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

शहर की 20 डिस्पेंसरी को चंडीगढ़ प्रशासन ने अपग्रेड करने का फैसला किया है। इसके तहत अब इन सभी डिस्पेंसरियों को म्यूनिसिपल कॉरपोरेशन से छिनकर डायरेक्टर हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर विभाग को सौंप दिया जायेगा। यूटी के प्रशासक वीपी सिंह बदनौर द्वारा इस मामले में फैसला लिया गया है। इसके तहत इस सभी डिस्पेंसरी में लोगों को विभिन्न सुविधायें मिलेंगी। इनमें गर्भवती महिलाओं की देखरेख, फैमिली प्लानिंग, ओपीडी सर्विस, कानों एवं आंखों आदि बीमारियों को लेकर भी इन डिस्पेंसरी में सुविधा मिलेगी। बता दें कि साल 2010 में इन 20 डिस्पेंसरी को एमसी को दिया गया था, लेकिन सूत्रों का कहना है कि एमसी की ओर से इन डिस्पेंसरी की सही देखरेख नहीं की जा रही थी।

पंजाब विश्वविद्यालय सिंडिकेट बैठक

# अब 60 के ही रिटायर होंगे कालेज प्रिंसिपल

## कालेजों में फुल सैलरी पर टेम्परेरी रखे जाएंगे टीचर

जोगिंद्र सिंह/ट्रिब्यू
चंडीगढ़, 16 अक्तूबर

**बजट को मंजूरी**

सिंडिकेट ने 2019-20 के 564.52 करोड़ के संशोधित बजट अनुमानों और अगले साल के लिये प्रस्तावित 586.28 करोड़ के बजट को भी मंजूरी दे दी। सिंडिकेट ने फैसला लिया कि अब किसी को भी पीएचडी कम्पलीट करने के लिये 8 साल से ज्यादा की एक्सटेंशन नहीं मिलेगी। बैठक में पीयू की अपनी ओर से पीएचडी के लिये दी जाने वाली स्कॉलरशिप/फेलोशिप की संख्या 20 से बढ़ाकर 40 कर दी गयी है।

कुलपति और सिंडिकेट के बीच ढाई महीने की खींचतान और मनमुटाव के बाद आज पंजाब विश्वविद्यालय सिंडिकेट की बैठक 'सौहार्दपूर्ण' माहौल में हुई, जिसमें पिछले महीने के एजेंडा के अलावा टेबल एजेंडा भी क्लीयर कर लिया गया और वह भी पहले के मुकाबले कम वक्त की बैठक करके। कुलपति प्रो. राज कुमार भी बैठक में आज नरमी से पेश आये। पंजाब विश्वविद्यालय ने कैंपस के टीचर्स की तरह कालेज प्रिंसिपलों को 65 साल की आयु तक अब तक मिलने वाला सेवा विस्तार समाप्त कर दिया है। किसी भी कालेज के प्रिंसिपल चाहे वह कांस्टीचुएंट कालेज हो या



एफिलिएटिड, 60 साल के बाद कोई सेवा विस्तार नहीं दिया जायेगा। हालांकि जिन्हें एक्सटेंशन दी जा चुकी हैं, वे काम करते रहेंगे।

बीएड कालेजों के प्रिंसिपल को डिग्री कालेज में और डिग्री कालेज के प्रिंसिपल को बीएड में न लगाये जाने पर भी रजामंदी हो गयी, इसके लिये कुछ औपचारिकताओं को जल्द एग्जामिन कर लिया जायेगा। इसी के साथ सिंडिकेट ने कालेजों को पेंडिंग फीस व ड्यूज पीयू को जमा कराने के लिये और 7 कार्य दिवस का वक्त देने का फैसला लिया है। साथ ही सभी कांस्टीचुएंट कालेजों में गेस्ट/कांट्रेक्ट पर टीचरों को फुल सैलरी पर टेम्परेरी रखने का फैसला लिया गया। पता चला है कि कैंपस में फैकल्टी के जिन 26 पदों को भरने पर ठनी थी, अब बात बनती नजर आ रही है। तीन पदों को क्लीयर कर दिया गया है जबकि 9 पद रोस्टर के चक्कर में फंस सकते हैं।

**ई-रिक्शा चालकों का प्रदर्शन**

पिछले 14 दिन से हड़ताल पर चल रहे ई-रिक्शा चालकों ने आज एसएफएस के छात्रों के साथ मिलकर सिंडिकेट बैठक से पहले एडम ब्लॉक के सामने धरना दिया और नारेबाजी की। ई-रिक्शा चालकों का ठेकेदार से वेतन को लेकर विवाद चल रहा है जिसमें कई दिन से एसएफएस के छात्र भी कूद पड़े हैं। उन्होंने सिंडिकेट सदस्यों को अपना मांग-पत्र भी दिया।

'पेट बायलॉज' में संशोधन करने जा रहा है प्रशासन

# कुत्ते ने पार्क में गंदगी फैलाई तो मालिक पर 5 हजार जुर्माना

रामकृष्ण उपाध्याय/ ट्रिन्यू
चंडीगढ़, 16 अक्तूबर

पालतू कुत्तों को पार्क, गार्डन या सुखना लेक ले जाने वाले मालिकों पर 5 हजार रुपये जुर्माना लगाने की तैयारी की जा रही है। यूटी प्रशासन 'पेट बायलॉज 2010' में संशोधन के लिए जल्द ही ड्राफ्ट नोटिफिकेशन जारी कने जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक संशोधन के लिए प्रशासन के स्थानीय निकाय विभाग को नगर निगम से मसौदा मिल चुका है। नगर निगम ने 'पेट बायलॉज' के हर तरह के उल्लंघन के लिए जुर्माना 10 गुना बढ़ाकर 500 से 5 हजार रुपये करने का प्रस्ताव दिया है। लोगों से आपत्तियां मांगने के बाद संशोधन किया जाएगा। मसौदे में रजिस्ट्रेशन फीस भी 200 से बढ़ाकर 500 रुपये



करने का प्रस्ताव है।

बायलॉज के अनुसार, पालतू जानवरों को मलत्याग के लिए सार्वजनिक स्थान पर नहीं ले जाया जा सकता। पालतू जानवर के गले में पट्टा और रजिस्ट्रेशन अथॉरिटी की तरफ से जारी टोकन डालना जरूरी है। मौजूदा नियमों के तहत एक परिवार में अधिकतम 2 कुत्ते रखने की इजाजत है। कुत्ते के 4 महीने का होते ही नगर निगम से उसका रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है।

103 लोगों के और कटे चालान

# कचरा पृथक न करने वालों पर सख्ती

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

**कचरा परिवहन के लिए हाइड्रोलिक टिपर देगा गेल**

इसी बीच चंडीगढ़ के महापौर राजेश कालिया ने बताया कि गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (गेल)निगम को सॉलिड वेस्ट के परिवहन के लिए हाइड्रोलिक टिपर देगा।

स्रोत स्तर पर कचरे को अलग न करने वाले 103 लोगों का आज नगर निगम ने चालान किया। इसके साथ 4 वेस्ट कलेक्टरों के भी चालान किए गए जिन्होंने घरों से गीला -सूखा कचरा अलग किए बिना ही उठाया। ज्ञात रहे कि पिछले कल निगम ने 40 डिफाल्टरों के चालान काटे थे। शहर में इस योजना को गत 11 अक्तूबर को शुरू किया गया था व दो दिनों में निगम ने 143 चालान काटे हैं।

निगमायुक्त केके यादव के आदेशों पर निगम के स्वच्छता विंग की अलग-अलग टीमों ने पूरे शहर में अपने-अपने क्षेत्रों का निरीक्षण किया और डिफॉल्टरों का चालान किया। घरों से कचरा पृथक कर उठाने के संबंध में निगम कई दिनों से सार्वजनिक नोटिस देता रहा है।

सेक्टर 44 और मौली जागरां क्षेत्रों में डोर टू डोर वेस्ट कलेक्टरों का चालान किया गया। निगम ने लोगों को चेतावनी दी कि अगली बार गीला व सूखा कचरा अलग-अलग नहीं दिया तो घर से कचरा उठाना भी बंद कर दिया जाएगा। आज लोग जैसे ही मिक्स कचरा लेकर आए निगम के कर्मचारियों ने मकान नंबर नोट कर लिये। कर्मचारियों का कहना है कि यदि मौके पर चालान की फीस नहीं दी तो पानी के बिल के साथ जोड़कर भेज दी जाएगी। ज्यादातर चालान आवासीय क्षेत्रों में ही किए गए। यहां 200 रुपये के चालान किए गए जबकि मिक्स कचरा लेने वाले कर्मचारियों का मौलीजांगरा और सेक्टर 44 में 500 रुपये का चालान किया गया। इसके बाद अब व्यावसायिक क्षेत्रों में भी चालान शुरू किए जाएंगे।

महापौर ने कहा कि इसके लिए एक तीन सदस्य समिति का गठन पार्षद शक्ति प्रसाद देवशाली की नेतृत्व में गठित किया गया था। इसमें पार्षद रविकांत शर्मा और निगम के चिकित्सा अधिकारी भी शामिल थे। उनका कहना था कि टीम ने निगम को मिलने वाले वाहनों का निरीक्षण भी किया है। इनका उपयोग कर निगम कचरा ट्रांसफर स्टेशनों से कचरा प्रसंस्करण संयंत्र तक ले जायेगा। उन्होंने कहा कि अगले 10 दिनों के भीतर हाइड्रोलिक टिपरों को स्वच्छता बेड़े में शामिल कर लिया जाएगा।

**मरम्मत बनी मुसीबत**



चंडीगढ़ में बुधवार को सेक्टर-26/28/27 के चौक पर वाटर पाइप लाइन की मरम्मत करती जेसीबी। इस दौरान वहां ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। -मनोज महाजन

# ऐली मांगट का आरोप, डॉक्टरों ने बनाई गलत रिपोर्ट

## सिविल सर्जन, प्रिंसिपल सेक्रेटरी को शिकायत दे की जांच की मांग

मोहाली, 16 अक्तूबर (निस)

पंजाबी सिंगर रम्मी रंधावा के साथ फेसबुक पोस्ट पर हुई तकरार को लेकर विवादों में आए पंजाबी सिंगर ऐली मांगट ने अब सिविल अस्पताल मोहाली फेज-6 के डॉक्टरों पर गलत मेडिकल रिपोर्ट तैयार करने के आरोप लगाए हैं।

ऐली मांगट आज अपने वकील के साथ उनका मेडिकल करने वाले डॉक्टरों के खिलाफ एसएमओ, सिविल सर्जन, प्रिंसिपल सेक्रेटरी पंजाब को शिकायत देने आया था। अपनी शिकायत में ऐली मांगट ने कहा कि उसे 11 सितंबर को गिरफ्तार किया गया था तथा 12, 13 और 14 सितंबर को पुलिस ने उसका मेडिकल करवाया। उसका आरोप था कि मेडिकल के दौरान पुलिस ने उसे धमकाया कि अगर उसने मारपीट के बारे में बात की तो इससे भी बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। उसका यह भी आरोप था कि वह लंगड़ाकर अस्पताल आता रहा लेकिन डॉक्टर केवल उससे यह पूछते थे कि उसका बीपी ठीक है या कोई नशा तो नहीं लेते, जिसके बाद उसके साइन करवाकर उसे वापस ले जाया जाता था परंतु 15 तारीख को उनके वकील के दखल के बाद जिस बोर्ड ने उनका मेडिकल किया उसमें 6 से 7 इंजरी आ गईं। उसका आरोप है कि ऐसा कैसे हो सकता है कि पहले तीन दिन किए मेडिकल में एक भी इंजरी नहीं आई हो जबकि चौथे दिन किए मेडिकल में 7 इंजरी आ जायें। उन्होंने इस संबंध में एसएमओ, सिविल सर्जन, प्रिंसिपल सेक्रेटरी को शिकायत देकर मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने मारपीट की रोपड़ के एसएसपी स्वपन शर्मा व एआईजी द्वारा की जा रही जांच पर संतोष जताया।

# कॉलोनी नंबर 4 निवासियों ने किया प्रदर्शन

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चंडीगढ़ कांग्रेस महासचिव शशिशंकर तिवारी ने कहा की कॉलोनी नंबर 4 में स्माल फ्लेट स्कीम 2006 क़े लम्बित मामलों में प्रशासन का सम्पदा विभाग संबंधित लोगों को एसडीएम( ईस्ट) के कार्यालय में सुबह 9 बजे से बैठा लेता है । उनसे पुराने दस्तावेज ही बार बार मांगे जा रहे हैं। तिवारी ने चंडीगढ़ उपायुक्त से मांग की कि एक बार स्पष्ट कर दिया जाए की किन कॉलोनीवासियों क़ो मकान मिलेगा और किसको नहीं मिलेगा । उनका कहना है कि अगर स्थिति स्पष्ट कर दी जाये तो गरीब, मज़दूर, दिहाड़ीदार की दिहाड़ी नहीं टूटेगी और अफसरों का भी समय बचेगा । इन्हीं सब के विरोध में आज शशि शंकर तिवारी के नेतृत्व में कॉलोनीवासी ने एसडीएम ईस्ट के कार्यालय के आगे रोष प्रदर्शन किया । सभी मज़दूरों ने एक स्वर में जिला मजिस्ट्रेट से मांग की पुनर्वास स्कीम के तहत उन्हें मकान दिया जाए ।

## आरोपी न्यायिक हिरासत में

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

थाना अंबाला शहर में दर्ज हत्या की कोशिश के मामले में गिरफ्तार आरोपी नवदीप को एक दिन के पुलिस रिमांड के बाद आज न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले के संबंध में रुचिर निवासी अशोक विहार ने 12 अक्तूबर को थाना अंबाला शहर में शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी नवदीप उर्फ चुन्नू ने चाकू से जानलेवा हमला कर उसकी हत्या करने की कोशिश की और मारपीट कर घायल करते हुए जान से मारने की धमकी दी। गत दिवस इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था।

देर शाम मार्केटों से उठाकर सामुदायिक केन्द्रों में भेजे मेहंदीवाले

# निगम में कोई नहीं आया मेहंदी के स्टाल की पर्ची कटवाने

रंजू ऐरी डडवाल/ ट्रिन्यू
चंडीगढ़,16 अक्तूबर

करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी लगाने वालों की मार्केटों में बढ़ती भीड़ को देख कर नगर निगम ने इस बार उनके लिए शहर के 62 सामुदायिक केन्द्रों में व्यवस्था की थी। कल करवाचौथ है व आज रात मेहंदी लगवाने वाली महिलाओं की भीड जुटी। आश्चर्य की बात है कि निगम के सामुदायिक केन्द्रों में बैठने के लिए किसी ने भी 200 रुपये की पर्ची नहीं कटाई।

निगम ने पिछले कल से अनुमति के लिए आवेदन स्वीकार करने थे पर एक भी आवेदन न मिलने से आज निगम सतर्क हो गया। देर शाम सेक्टर 22, 19, 15 व अन्य सेक्टरों में निगम की इनफोर्समेंट टीम के लोग मेहंदी वालों की मौके पर ही पर्चियां काट कर उन्हें सामुदायुक केन्द्रों में भेज रहे थे व जो पर्ची नहीं कटा रहे थे उन्हें मार्केटों से उठाया जा रहा था। निगम ने सामुदायिक केंद्रों की पार्किंग और परिसर के अंदर ओपन एरिया में 20 स्क्वायर फीट की जगह मेंहदी लगाने वालों को देने के लिए निर्धारित थी। छोटे सामुदायिक केंद्र में अधिकतम 100 और बड़े केंद्र में अधिकतम 200 लोगों को स्टॉल लगाने की अनुमति दी जानी थी।



चंडीगढ़ में बुधवार को सेक्टर-19 में हाथों पर हिना लगवाती महिलाएं। -रवि कुमार

**शहर की मार्केटों में रही रौनक**

हाईकोर्ट के निर्देशानुसार वेंडरों को मार्केटो में बैठने की अनुमति नहीं दी जा रही है। हालांकि सामुदायिक केंद्र सेक्टर के बीचोंबीच हैं फिर भी मेहंदी लगाने व मार्किटों के गलियारों में बैठने वालों को वह स्थान उचित नहीं लगे। निगम को उम्मीद थी कि इस बार मेहंदी लगाने वालों की पर्चियां काटने से उन्हें राजस्व मिलेगा। सूत्रों के अनुसार देर शाम तो इनफोर्समेंट स्टाफ ने स्वयं को बचाने के लिए मार्केटों से मेहंदी लगाने वालों को उठा-उठा कर बिना पर्ची काटे ही सामुदायिक केन्द्रों में भेजना शुरू कर दिया था। कल करवाचौथ के त्यौहार के चलते आज शहर की मार्केटों में रौनक रही।

शहर की मुख्य मार्केटों में तो निगम का अभियान कुछ देर चला पर अन्य मार्केटों में मेहंदी लगवाने वाले पहले की भांति ही अपना काम कर रहे थे।



मोहाली में बुधवार को करवाचौथ त्योहार के मद्देनजर बाजार में खरीदारी करती महिलाएं। -विक्की

**करवाचौथ के उपलक्ष्य में कार्यक्रम**

पंचकूला (ट्रिन्यू) : करवाचौथ के उपलक्ष्य में आज महिला अग्रवाल विकास ट्रस्ट द्वारा करवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक की पत्नी बिमला गुप्ता रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित करके की गई। इस मौके पर तंबोला, गिद्दा, डांडिया तथा कैटवॉक का भी आयोजन किया गया। जिन महिलाओं ने इन कार्यक्रमों में भाग लिया उनके ड्रा निकाले गए और मुख्य अतिथियों ने विजेताओं को इनाम देकर सम्मानित किया।


## क्लासीफाइड

### रिक्त स्थान

**आनंदपुर साहिब, जिला रोपड़ में** प्रतिष्ठित अस्पताल माता नानकी चेरिटेबल अस्पताल हेतु तुरंत चाहिए— पूर्णकालिक आई सर्जन (एमएस), रेडियोलॉजिस्ट (एमडी), आर्थोपैडिक सर्जन (एमएस), शानदार वेतन, आवास उपलब्ध, प्रदूषण मुक्त क्षेत्र। संपर्क करें : 98150-30026, ईमेल : matananki@yahoo.co.in (CL19099023)

विज्ञापन के लिए आपकी सही पसंद दैनिक ट्रिब्यून क्लासीफाइड

### खोया एवं पाया

**यह सूचनार्थ अधिसूचित किया जाता** है कि सीबीएसई द्वारा जारी मुख्य उच्चतर माध्यमिक परीक्षा वर्ष 2008 एवं अनुक्रमांक 2121390 उत्तीर्ण करने से संबंधित मेरा प्रमाणपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। शुभम् आर्य, मकान नं. 206, विश्वकर्मा कॉलोनी, बालसमंद रोड, हिसार। मो. 9729404050 (CL19099058)

### सार्वजनिक सूचना

**मैं, आर्मी नं. 15338754के, रैंक** SPR, लखमीर सिंह पुत्र श्री दीदार सिंह निवासी गांव फतेहपुर बुंगा, डाकघर Gardley, जिला रोपड़ (पंजाब), घोषित करता हूं कि मेरे आर्मी दस्तावेजों में मेरे पुत्र का नाम गलती से Balkaar Singh दर्ज हो गया है। उसका सही नाम Balkar Singh है। संबद्ध कृपया नोट करें। (CL19098995)

**मैं, दपिन्द्र जीत सिंह मेहता पुत्र कंवल** जीत सिंह, कोर्ट कालोनी, सिरसा, ने नाम बदलकर दपिन्द्र जीत सिंह रख लिया है। (CL19099030)

**मैं, रमिन्द्र कौर मेहता पत्नी दपिन्द्र** जीत सिंह, कोर्ट कालोनी, सिरसा, ने नाम बदलकर रमिन्द्र कौर रख लिया है। (CL19099034)

**मैं, हर्ष कुमार पुत्र पवन कुमार,** एमएसजी कॉम्पलैक्स, सिरसा, ने अपनी नाबालिग पुत्री सीरत का नाम बदलकर सीरत छाबड़ा रख दिया है। (CL19099036)

**मैं, शैलेन्द्र सिंह निवासी 935-बी,** सेक्टर 43-ए, चंडीगढ़, ने भविष्य के सभी उद्देश्यों हेतु अपने पहले नाबालिग पुत्र का नाम शाश्वत से बदलकर शाश्वत सिंह तित्तल एवं दूसरे नाबालिग पुत्र का नाम अविनाश से बदलकर अविनाश सिंह तित्तल रख दिया है। (CL19099039)

**मैं, अशोक कुमार पुत्र किशन लाल** निवासी गांव व डाकघर बरवा, जिला कुरुक्षेत्र, ने अपने नाबालिग पुत्र Harash Kumar का नाम बदलकर Harsh Kumar रख दिया है। (CL19099040)

**आवश्यक सूचना**

दि ट्रिब्यून ट्रस्ट का इस समाचार पत्र में मुद्रित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचारपत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। पाठकों से विनती है कि वे इन विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें।

### सार्वजनिक सूचना

**मैं, बबली विधवा राकेश शर्मा** निवासी पुलिस चौकी, पटरी मौहल्ला, जगाधरी, अपने पुत्र राहुल शर्मा को मेरे कहने-सुनने से बाहर होने पर अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। इससे लेन -देन करने पर मैं व मेरा परिवार जिम्मेवार नहीं होगा। (CL19099046)

**मैं, रेनू दीवान पत्नी स्व. श्री प्रेम कुमार** दीवान निवासी मकान नं. 1563, सेक्टर-7, अर्बन एस्टेट, करनाल, ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम दमन से बदलकर दक्ष दीवान रख दिया है। (CL19099094)

**मैं, राजेंद्र पुत्र सुरता निवासी गांव-** डाकघर बिशनपुरा (जींद), बयान करता हूं कि मेरा लड़का दीपक मेरे व मेरे परिवार के कहे-सुने से बाहर है। मैं उसे अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। उसके साथ किसी भी प्रकार का लेन -देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। (CL19099151)

**मैं, ममतेश रानी पत्नी आर्मी नं.** 15213594P रैंक लांस नायक रवि कुमार निवासी वार्ड नं. 12, गांव ताजकपुर, जिला यमुनानगर, बयान करती हूं मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम ममतेश (गलत) दर्ज है। मेरा वास्तविक नाम ममतेश रानी है। (CL19099157)

### न्यायालय सूचना

**न्यायालय सूचना**
**(आदेश 5 नियम 20 सीपीसी अधीन)**
**न्यायालय श्री मुनीष नागर, अति. सिविल जज सीनियर डिवीज़न, नरवाना**

रामेश्वर दास 64 वर्षीय, पुत्र लछमण दास एकमात्र प्रोपराइटर मै. लछमण दास सतीश कुमार कमिशन एजेंट्स, अनाज मण्डी नरवाना।

आदि
बनाम

मै. अमीरा प्योर फूड्ज़ प्राई. लिमि. मार्फत इसके एम.डी., 54 प्रकृति मार्ग एम.जी. रोड सुल्तानपुर, नई दिल्ली।

CNR No. HRJNA1-000200-2018

सूचना बनाम :

मै. अमीरा प्योर फूड्ज़ प्राई. लिमि. मार्फत इसके एम.डी., 54 प्रकृति मार्ग एम.जी. रोड सुल्तानपुर, नई दिल्ली।

जबकि उक्त मुकदमे में प्रतिवादी की तामील नहीं हो सकती। यह आदेश दिया जाता है कि प्रतिवादी असालतन या वकालतन 07.12.2019 को प्रातः 10 बजे हाजिर हो।

विवरण हेतु लॉगऑन करें : https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Jind

दिनांक 11.10.2019 को जारी।

हस्ता./-
अति. सिविल जज,
सीनि. डिवी.

CL19098997


epaper.dainiktribuneonline.com

# हादसों में गई 2 की जान

## एक था मोटरसाइकिल सवार, तो दूसरा सड़क कर रहा था पार

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

शहर क्षेत्र में हुई दो दुर्घटनाओं में 2 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने अलग-अलग मामले दर्ज करके कार्रवाई शुरू की है।

हादसों में मारे गए लोगों की पहचान विक्रम सिंह माडल टाउन तथा दूसरे की पहचान धर्मपाल निवासी नसीरपुर के रूप में हुई है। एक हादसे में कूरियर कंपनी में काम करने वाला विक्रम सिंह रावत एक मोटरसाइकिल पर पीछे बैठ कर नई अनाज मंडी अंबाला शहर से जा रहा था कि गेट नंबर दो से थोड़ा आगे हिसार रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उस मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, जिससे विक्रम की मौके पर ही मौत हो गई।

दूसरे मामले में धर्मपाल नामक व्यक्ति दुकान से सामान लेकर जब सड़क पार कर रहा था तो पिहवा की तरफ से एक तेज रफ्तार आई गाड़ी ने धर्मपाल को सीधी टक्कर मारी, जिससे वह उछलकर गाड़ी के सामने वाले शीशे पर गिरा और दूर जाकर सड़क पर गिर गया। उसे एक कार चालक की मदद से सिविल अस्पताल लाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## फिर शुरू हुआ टैक्सी चालकों से अवैध वसूली का खेल

जीरकपुर, 16 अक्तूबर (निस)

**सैकड़ों ने थाने पहुंचकर दी शिकायत**

जीरकपुर-अंबाला रोड पर सिंघपुरा चौक के नजदीक पीआरटीसी की ओर से बनाए गए अस्थाई बस स्टैंड पर कुछ राजनीतिक सरपरस्ती प्राप्त लोगों ने एक बार फिर अवैध टैक्सी स्टैंड बनाकर कथित रूप से वसूली शुरू कर दी है, जिसके खिलाफ आज जीरकपुर पुलिस स्टेशन पहुच सैकड़ों स्थानीय टैक्सी चालकों ने विरोध दर्ज करवाया। पहले भी एक बार पुलिस ने वसूली के इस खेल पर नकेल कसी थी।

आरोप है कि ये लोग टैक्सी चालकों से जबरन 1000 रुपए मंथली व सवारियां उठाने के लिए प्रति चक्कर 200 रुपए वसूल कर रहे हैं।

आरोप है कि रुपए न देने पर टैक्सी माफिया के लोग टैक्सी चालकों से मारपीट करते हैं। इस अवैध टैक्सी स्टैंड के चलते बस चालकों को अपनी बसें सड़क के बीच में रोकनी पड़ रही हैं, जिसके चलते यहां हर समय ट्रैफिक जाम लगा रहता है।

### थानेदार ने दिया न्याय का आश्वासन

टैक्सी चालकों ने आज मीडिया कर्मियों को बुला मामले की जानकारी दी। टैक्सी चालकों राजेश कुमार, रविंद्र सिंह, मोनी, नरेश, राजू, जस्सी, कमल, मोहित मग्गू, गोरा आदि ने थाने पहुंच कर इस मामले की शिकायत दी है। थानेदार गुरचरन सिंह ने टैक्सी चालकों को न्याय का आश्वासन दिया कि गैरकानूनी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## स्पोर्ट्स कॉर्नर

## ट्रिब्यून और सैक्रेड हार्ट स्कूल की टीमें फुटबाल चैंपियन



चंडीगढ़ के ट्रिब्यून स्कूल में बुधवार को फुटबाल चैंपियन बनीं ट्रिब्यून मॉडल स्कूल और सैक्रेड हार्ट स्कूल की टीमें। -दैनिक ट्रिब्यून

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

चौथे ट्रिब्यून ट्रस्ट फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में बुधवार को लड़कों के मुकाबले में ट्रिब्यून मॉडल स्कूल की टीम ने बाजी मारी। लड़कियों के बीच हुए मुकाबले में सैक्रेड हार्ट स्कूल की टीम अव्वल रही।

सेक्टर 29 स्थित ट्रिब्यून मॉडल स्कूल परिसर में तीन दिन तक खेले गए फुटबॉल मैच के मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। फाइनल में लड़कों की टीम में सेंट जेवियर्स दूसरे नंबर पर रही, जबकि लड़कियों में ट्रिब्यून स्कूल की टीम को यह स्थान मिला। इसके बाद दोनों मुकाबलों में क्रमशः अंकुर स्कूल एवं न्यू पब्लिक स्कूल की टीमें रहीं। लड़कों की टीम में बेहतरीन खिलाड़ी के तौर पर ट्रिब्यून मॉडल स्कूल के कक्षा आठ के अमित को ट्रॉफी दी गयी। अमित ने टूर्नामेंट में 5 गोल दागे। इसी तरह लड़कियों में यह ट्रॉफी ट्रिब्यून स्कूल की कक्षा आठ की ही आयुषी को मिली। आयुषी ने 4 गोल किए। इस मौके पर टॉप 4 पर रहीं टीमों के कोच को भी सम्मानित किया गया।

फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे पंजाब यूनिवर्सिटी में खेल विभाग के पूर्व डायरेक्टर प्रोफेसर गुरमीत सिंह। मुख्य अतिथि को एक पेंटिंग भेंट की गई। कार्यक्रम में स्कूल की चेयरपर्सन चांद नेहरू भी मौजूद रहीं। प्रिंसिपल वंदना सक्सेना एवं ट्रिब्यून स्कूल स्पोर्ट्स विभाग के प्रमुख सचिन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।




## तिब्बती विद्यार्थियों ने किया एमसीएम का दौरा



चंडीगढ़ में बुधवार को एमसीएम डीएवी कालेज पहुंचे तिब्बती छात्र कालेज स्टाफ के साथ।

**चंडीगढ़ (ट्रिन्यू) :** एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वूमेन ने सम्भोटा तिब्बतियन स्कूल के विद्यार्थियों की मेजबानी में 'बियॉन्ड बाउंड्रीज' कार्यक्रम का आयोजन किया। स्कूल की शिक्षा पूर्ण करने के उपरान्त उच्च शिक्षा के लिए उपलब्ध विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी हासिल करने हेतु 28 तिब्बती विद्यार्थियों ने अपने तीन शिक्षकों के साथ एमसीएम डीएवी कॉलेज फॉर वीमेन का दौरा किया। विद्यार्थियों ने अपनी कैंपस विजिट के दौरान कॉलेज की विज्ञान प्रयोगशालायें, लैंग्वेज लैब, इंटीरियर डिजाइनिंग स्टूडियो, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, बायोगैस प्लांट, वर्मीकम्पोस्टिंग यूनिट और साइंस म्यूजियम को देखा। इसके बाद उन्होंने संस्थान के पाठ्यक्रमों, सुविधाओं और उपलब्धियों से अवगत कराने के लिए एक पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति भी दी गई। प्रिंसिपल डॉ निशा भार्गव इस अवसर पर मौजूद थीं।

### स्लोगन लेखन में रिया प्रथम

**अम्बाला (नस) :** गवर्नमेंट कॉलेज के रेड रिबन क्लब की तरफ से एड्स के प्रति जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से पोस्टर व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता करवाई गई। रेड रिबन क्लब की इंचार्ज डॉ.अंजू तंवर ने बताया कि एड्स को लेकर बहुत सी भ्रांतियां हैं। ऐसे में सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने बताया कि स्लोगन लेखन में रिया प्रथम, महक व कोमल दूसरे तथा मेधा व अंकिता तीसरे स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में नेहा व खुशी प्रथम,राजेंद्र कौर दूसरे व किरण तीसरे स्थान पर रहीं।

### स्वरोजगार मेले का आयोजन

**अम्बाला (नस) :** आर्य कन्या कॉलेज में विश्व खाद्य दिवस मनाने के उद्देश्य से स्वरोजगार मेले का आयोजन वूमेन सैल और अर्थशास्त्र विभाग द्वारा किया गया। मुख्यातिथि के रूप में पुनरनावा कंपनी से संजय गुप्ता, दीपिका वियोगी, जेसीआई फोरम ऑफ अम्बाला, उद्योग अध्यक्ष से पूजा पुरी, फ्रेंड्स क्लब अध्यक्ष मोनिका ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. अनुपमा आर्य ने कहा कि छात्राओं को स्वाभिमान से जीने के लिए यह आवश्यक है कि वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों और सम्पन्न हों। विभिन्न प्रकार के स्टाल लगाए गए। मेले में गुलदस्ते, बैग, पेपर बैग, गुजिया, आरगेनिक सब्जियों, पेपर बैग, दीए आदि के स्टाल लगाये।

### मेहंदी प्रतियोगिता में सुधा, अनु प्रथम

**अम्बाला (नस) :** गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में करवा चौथ के मौके पर वूमैन सैल की तरफ से मेहंदी व हेयर स्टाइल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस मौके पर कार्यवाहक प्राचार्य प्रो रेखा शर्मा ने कहा कि करवा चौथ भारतीय परंपरा में बहुत महत्व रखता है। हमें अपने त्योहारों को इसी उल्लास व श्रद्धा के साथ मनाना चाहिए। वूमैन सैल की इंचार्ज प्रो.रजनी सैनी ने बताया कि इसमें सुधा व अनु ने प्रथम, ज्योति ने दूसरा व सुमित ने तीसरा स्थान हासिल किया। हेयर स्टाइल प्रतियोगिता में रेखा,एकता व प्रीति ने प्रथम,दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया।


चंडीगढ़ में बुधवार को जर्मन स्कूल के विद्यार्थियों व अध्यापकों के दल ने सेक्टर-29 स्थित ट्रिब्यून कार्यालय का दौरा किया। -नितिन मित्तल

### महावीर स्कूल में मेहंदी प्रतियोगिता

**अम्बाला (नस) :** लॉर्ड महावीर जैन पब्लिक स्कूल में करवा चौथ के उपलक्ष्य में आयेजित मेहंदी प्रतियोगिता में बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया और मेहंदी लगाकर हाथों को सजाया। कहीं ब्राइडल कहीं अरेबियन तो कहीं राजस्थानी मेहंदी देखकर मन में अपनी भारतीय संस्कृति की याद ताजा हो गई। अध्यापिकाओं ने भी मेंहदी लगवाकर विद्यार्थियों का उत्साह बढाया। प्रधानाचार्य रुचि शर्मा ने सभी को सराहा।

### रंगोली और नृत्य में माताओं ने दिखाई प्रतिभा

**अंबाला शहर(हप्र) :** राधा लाल गीता विद्या मंदिर में आज करवाचौथ धूम धाम से मनाया गया। बच्चों द्वारा मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यार्थियों की माताओं के लिए रंगोली तथा नृत्य प्रतियोगिता रखी गई। माताओं ने हाथों पर बहुत ही उत्साह से मेहंदी लगवाई। प्रधानाचार्य अनिल कुमार शर्मा ने सभी उपस्थित माताओं को करवाचौथ की शुभकामनाए दीं। रंगोली में माहि ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। डांस में गुरदीप ने प्रथम, गीता ने द्वितीय तथा तृतीय स्थान नीरू ने प्राप्त किया। हरियाणा कला परिषद से हरमोहन कुमार ने विजेता माताओं को इनाम देकर प्रोत्साहित किया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में साक्षी प्रथम

**बीबीएन (निस) :** गीतांजलि स्मार्ट स्कूल नालागढ़ में करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चौथी कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य गीतांजलि सचदेवा ने बताया कि चौथी से पांचवी कक्षा में साक्षी ने प्रथम, अदिति ने द्वितीय व अर्शिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छठी कक्षा से आठवीं कक्षा तक निपुण ने प्रथम, सिया ने द्वितीय व अमीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नवमी से दसवीं कक्षा में अनुष्का ने प्रथम, खुशबू ने द्वितीय व कमला और कंचन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### करवाचौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता

**बीबीएन (निस) :** बद्दी के कडुआना स्थित नव आदर्श सीसे स्मार्ट स्कूल में करवाचौथ के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य विनय शर्मा एवं स्कूल के प्रबंधक हरदेव सैणी ने बताया कि 8वीं से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्रों के लिए मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें 10वीं कक्षा की प्रिया देवी ने प्रथम, आठवीं के विपिन ने द्वितीय व आठवीं कक्षा की सिमरन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।


बद्दी के नव आदर्श स्कूल कडुआना में बुधवार को मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं।- निस

## मुख्यमंत्री से टैक्सी शुल्क कम करने की मांग

पिंजौर, 16 अक्तूबर (निस)

कालका टैक्सी आप्रेटर यूनियन प्रधान कुलविंदर शंटी ने पिंजौर जनसभा में मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर को ज्ञापन देकर हिमाचल प्रदेश में टैक्सियों पर लगने वाले प्रतिदिन 500 रुपये के शुल्क को कम करने की मांग की। कुलविन्द्र ने बताया कि इससे पूर्व भी टैक्सी ड्राइवरों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया था । आज उसका रिमाइंडर दिया।

## 34 बोतल अवैध शराब बरामद

बीबीएन, 16 अक्तूबर (निस)

पुलिस ने अवैध देसी व अंग्रेजी शराब की 34 बोतल बरामद की हैं। पुलिस ने शराब को कब्जे में लेकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सूचना मिली की बलविन्द्र कुमार निवासी गरींडा जिला पंचकूला अपनी दामुवाला गांव में स्थित करियाणा की दुकान में अवैध शराब बेचने का धंधा करता है। पुलिस ने तुरंत दुकान में दबिश दी। पुलिस ने दुकान की तलाशी ली तो वहां से 12 बोतल शराब अंग्रेजी व 22 बोतल शराब देशी बरामद हुई। मामले की पुष्टि एएसपी बद्दी एनके शर्मा ने की है।

## दिन शगना दा का आयोजन

अम्बाला, 16 अक्तूबर (नस)

जेसीआरटी विंग ऑफ जेसीआई अम्बाला ने हर साल की तरह करवा चौथ का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया। इवेंट का नाम था दिन शगना दा। कार्यक्रम में जेसीआई अम्बाला की सदस्यों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इवेंट में काफी प्रतियोगिताएं जैसे मिस ब्लेस्ड, मिस एक्यूरेट, करवा क्वीन, ड्रीम गर्ल, मिस ब्रिलियंट, मिस चार्मिंग, मिस परफेक्ट भी कराई गई। मुख्य अतिथि मीनाक्षी गुप्ता व विशिष्ट अतिथि सुरभि जैन व ऋतु जैन रहीं। कार्यक्रम में जेसीआई अम्बाला के प्रधान अनुभव गोयल, अंशुम जिंदल, निशांत जोशी, निशि जैन एवं गीतांजलि जैन आदि मौजूद रहे।

# विहिप, बजरंग दल ने सौंपा ज्ञापन

बीबीएन, 16 अक्तूबर (निस)

पश्चिमी बंगाल के मुर्शिदाबाद में बंधु प्रकाश पाल, उनकी पत्नी व 8 वर्षीय बेटे की हत्या के मामले में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल व अन्य संगठनों ने वहां की सरकार को निरस्त करते हुए राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की है। इन संगठनों के पदाधिकारियों का कहना है कि हत्याकांड की सीबीआई से जांच करवाई जानी चाहिए। एसडीएम नालागढ़ प्रशांत देष्टा के माध्यम से इस संबंध में राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया।

विहिप के गुरदयाल सिंह ठाकुर, विहिप के जिलाध्यक्ष राजीव भल्ला, संरक्षक हितचिंतक मास्टर सुरेंद्र शर्मा, दुर्गा वाहिनी विभाग संयोजिका पूजा शर्मा, मातृशक्ति जिला संयोजक प्रवीण कौशिक आदि द्वारा हस्ताक्षरित ज्ञापन में कहा गया है कि पश्चिम बंगाल के हिंदू समाज को आतंकित व प्रताड़ित किया जा रहा है और आतंकियों को राज्य सरकार का खुला समर्थन प्राप्त है, जिसके विरोध में बजरंग दल ने दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए देशव्यापी प्रदर्शन किया है। इसी कड़ी में नालागढ़ में उपमंडल प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपा गया है।


नालागढ़ में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद के नेता एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए।- निस

# हमले में 2 महिलाओं सहित 3 घायल

बीबीएन, 16 अक्तूबर (निस)

रामशहर में घर में घुसकर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला कर 2 महिलाओं सहित 3 लोगों को घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में धर्म सिंह निवासी गांव मनलोगकलां ने थाना रामशहर में शिकायत दर्ज कराई है कि 15 अक्तूबर की रात को वह अपने परिवार के साथ आंगन में बैठा था कि तभी लीलावती, कलावती, रमा देवी व संजय आए और संजय ने कुल्हाड़ी से उन पर प्रहार किया, जबकि कलावती व लीलावती ने डंडों से प्रहार किया, जिससे वे घायल हो गए।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुनानगर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए मोहरबंद खुली ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **1. कार्य का नाम:** जगाधरी कार्यशाला, उत्तर रेलवे में BOXN, BCN, BCNA, BOST & BRN टाइप वैगन की कटिंग का काम। **2. कार्य स्थल:** सवारी व माल डिब्बा कारखाना, उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशाप, यमुनानगर हरियाणा- 135002 **3. मात्रा:** कार्य और दरों की अनुसूची के अनुसार। **4. निविदा फार्म का मूल्य:** रु. 3000/- **5. कार्य की कुल अनुमानित लागत:** रु. 48,55,320/- **6. जमा की जाने वाली धरोहर राशि:** रु. 97,100/- **7. कार्य पूर्ण करने की अवधि:** ऑफर की स्वीकृति की जारी तिथि से 12 महीने तक। **8. निविदा फार्म को जमा करने की तारीख एवं समय:** 13.11.2019 को 15:30 बजे तक। **9. निविदा को खोलने की तारीख एवं समय:** 13.11.2019 को 15:35 बजे तक निविदा खोलने की निविदा समापन समय के बाद किसी भी समय किया जाएगा। निविदाकर्ताओं को उद्घाटन के दौरान उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद करने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे को सुरक्षित रखता है। **10. वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in टेण्डर न. 6-एस/18/टेण्डर/2019-20 दिनांक 14.10.2019 3306/19

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**HIMACHAL PRADESH**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
e-Procurement Notice
**RE-INVITATION FOR BIDS (IFB)**

1. **The Executive Engineer, Electrical Division No.-II, HPPWD Shimla – 2** on behalf of Governor of H.P re-invites the online bids on item rate in electronic tendering system in 2 Cover System for the undermentioned work from the eligible and approved Contractors/Firms. Eligible bidders are the Principal manufacturer or the authorized agency/firm of the Principal Manufacturer, registered with HPPWD/CPWD/Any State of India in appropriate Class. The bidder shall have to fulfil the criteria as specified in Technical Qualification Criteria (TQC) contained in Form 8 page 53 available online in tender document.

| Sr. No. | Name of work | Estimated cost | Earnest money | Time | Cost of form |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C/o new OPD at IGMC, Shimla (SH:- Providing 1 No. 26 person capacity bed cum passenger elevator for trauma centre between level 2171.20 to 2178.00) | 33,00,000 | 57000/- | 1 year | 1500/- INR |

2. **Availability of Bid Document and mode of submission:** The Bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website **https://hptenders.gov.in**.
Bidder would be required to register in the website which is free of cost. For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities (CA). "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website: **https://hptenders.gov.in**. Digital signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the digital signature issued from authorized CAs can use the same in this tender
3. **Key Dates:**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Online Publication | 23.10.2019 17:00 Hrs. |
| 2. | Document Download Start and End Date | 23.10.2019 17:30 Hrs. up to 13.11.2019 17:00 Hrs. |
| 3. | Bid Submission Start and End Date | 23.10.2019 17:30 Hrs. up to 13.11.2019 17:00 Hrs. |
| 4. | Physical Submission of EMD and Cost of Tender Document | 14.11.2019 up to 11:00 Hrs. |
| 5. | Date of Technical Bid opening, Evaluation of Technical Bid followed by Opening of Financial Bid | 14.11.2019 11:30 Hrs. |

4. **Tender details:**
The Tender Documents shall be uploaded online in 2 Cover:
**Cover 1:** shall contain scanned copies of all "Technical Documents/ Eligibility Information".
**Cover 2:** shall contain "BOQ/Financial Bid", where contractor will quote his offer for each item.
5. **Submission of original documents:** The bidders are required to submit (a) original demand draft towards the cost of bid document and (b) original bid security/Earnest Money Deposit (EMD) and other Technical Documents in **O/o Executive Engineer, Electrical Division No.-II, HPPWD Shimla-2** as specified in Key dates under Sr. No. 3 on Tender Opening Date, failing which the bids will be declared non-responsive.
6. **Bid opening details:** The bids shall be opened on **14.11.2019 at 11:30 Hrs.** in the office Executive Engineer, Electrical Division No.-II, HPPWD Shimla-2 by the authorised officer. In their interest the tenderers are advised to be present along with original documents at the time of opening of tenders.
7. If it happens to be holiday on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time and venue and no separate notice will be given in this regard.
8. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than **120 days** after the deadline date for bid submission.
9. Other details can be seen in the bidding documents. The officer-inviting tender shall not be held liable for any delays due to system failure beyond its control. Even though the system will attempt to notify the bidders of any bid updates, the Employer shall not be liable for any information not received by the bidder. It is the bidder's responsibility to verify the website for the latest information related to the tender.
10. The competent authority on behalf of Governor of H.P reserves the right to reject any or all the tenders received without assigning any reason.
11. Registration with HP Sales Tax is essential. If the bidder has not registered and found to be the lowest bidder he is supposed to register him on award of work. He shall submit the Sales Tax paper to the employer, before any payment is made to him.

**Executive Engineer,
Electrical Division No. II,
HPPWD, Shimla – 2.**

DPR/HP/2479 HIM SUCHNA AVAM JAN SAMPARK

***HIMACHAL PRADESH***
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT**
"E-Procurement Notice"
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**

The Executive Engineer, Bharmour Division, HP:PWD, Bharmour — 176315, H.P. on behalf of Governor of Himachal Pradesh invites online bids on item rate, in electronic tendering system, in 2 (Two cover system for the undermentioned work from the eligible and approved contractors/Firms registered with HPPWD.

| Sr. No. | Division | Name of Work | Estimated Cost | Earnest Money | Cost of Form | Class | Time for Completion period |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Bharmour Division | Beautification of Hadsar to Dal Lake (SH:- Construction of mule track and toilet between Gourikund to Dal Lake) | 1155650/- | 20700/- | 500/- | Class C-D | One year |
| 2. | Bharmour Division | Construction of Motorable link road from Samot to Sima Km 0/0 to 1/500 (SH:- Formation cutting at RD 0/260 to 0/585) | 1872121/- | 37500/- | 500/- | Class C-D | One year |
| 3. | Bharmour Division | Construction of Jeepable road village Jaintra top Ghata (SH:- C/o R/wall & B/wall at RD 0/520 to 0/537, 0/630 to 0/647, 1/050 to 1/070 & 1/320 to 1/330 ) | 424184/- | 8500/- | 350/- | Class | One year |
| 4. | Bharmour Division | Construction of Pakka road from Andred to Nag Mandir Sanwa (SH:-P/L Inter Paver Vivro) | 544683/- | 109000/- | 350/- | Class C-D | Six months |
| 5. | Bharmour Division | Construction of Community Bhawan in GP Ulansa (village Sulkhar) | 633583/- | 12700/- | 350/- | Class C-D | Six months |
| 6. | Bharmour Division | Construction of Jeepable link road to village Lothal (SH:- F/cutting R/wall & wire crates at RD 0/0 to 0/500) | 1224041/- | 24500/- | 500/- | Class C-D | Six months |
| 7. | Bharmour Division | Construction of Sarai Building at Keylong Temple at Kugti (SH:- C/o Building portion, Water Supply and Sanitary Installation) | 2308829/- | 46200/- | 500/- | Class C-D | Six months |
| 8 | Bharmour Division | Construction of toilet block at Kelang Temple at Kugti | 148909/- | 3000/- | 350/- | C-D | Six Months |

1. **AVAILABILITY OF BID DOCUMENT AND MODE OF SUBMISSION:** The bid document is available online and bid should be submitted in online mode on website **http://hptenders.gov.in** Bidder would be required in the website which is free of cost, For submission of bids, the bidder is required to have Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized (CA) "Aspiring bidders who have not obtained the user ID and password for participating in e-tendering in HPPWD may obtain the same from the website **http://hptenders.gov.in** Digital Signature is mandatory to participate in the e-tendering. Bidders already possessing the Digital Signature issued from authorized CAs can use the same in this tender.
2. **KEY DATES:**
(1) Date of Online Publication **01.11.2019, 10:00 AM**
(2) Document download Start and End date: **1.11.2019, 10:00 Hours 15.11.2019, 11:00 Hours.** Bid submission Start and End date: **01.11.2019, 10:00 Hours up to 15.11.2019, 11:00 Hours.**
(3) Date of Technical Bid opening **16.11.2019, 11.30 Hours.** Date of Financial Bid opening **16.11.2019, 11:30 Hours.**
3. **Submission of original documents:** The original document in respect of cost of document and EMD should be submitted to the inviting, Authority i.e. Exetutive Engineer, Bharmour Division, HPPWD, Bharmour by registered post/courier latest on or before **16.11.2019, 11:00 hours.**
4. **TENDER DETAILS:**
The Tender Document shall be uploaded online in 2 (TWO) Cover.
**Cover 1:** Shall contain scanned copies of all : Technical Document/Eligibility, EMD, Cost of Tender Form.
**Cover 2:** Shall contain **"BoQ/Financial Bid"** where contractor will quote his offer for each item.
5. **SUBMISSION OF ORIGINAL DOCUMENTS:** The bidders are required to submit (a) Original Demand Draft toward the cost of bid document and (b) Original bid security/Earnest Money Deposit (EMD) and other Technical Document in O/o Executive Engineer, Bharmour Division, HPPWD, Bharmour as specified in dates at Sr. No. 3 on Tender Opening Date, failing which the bids will be declared non-responsive.
6. **BID OPENING DETAILS:** The Technical bids shall be opened **16.11.2019, 11:30 hours,** Financial Bid opening **16.11.2019, 11:30 Hours** in the office of the Executive Engineer, Bharmour Division, HPPWD, Bharmour by the authorized officer. If the office happens to be closed on the date of opening of the bids as specified, the bids will be opened on the next working day at the same time venue.
7. The bids for the work shall remain valid for acceptance for a period not less than **One Hundred Twenty days** after the deadline date for bid submission.
8. Other details/terms and conditions regarding machinery & experience can be seen in the bidding documents.
9. The undersigned has right to extend or cancel the bids without declaring any reasons thereof.

**On behalf of Governor of Himachal Pradesh.**
Sd/- **Executive Engineer, Bharmour Division, HPPWD, Bharmour.**
DPR/HP/2477

epaper.dainiktribuneonline.com

दैनिक ट्रिब्यून

स्थापना 15 अगस्त 1978

# सांसों पर संकट

## प्रदूषण से निपटने को बने कारगर रणनीति

यह नयी बात नहीं है। हर साल अक्तूबर के मध्य से नवंबर तक राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली समेत देश के अन्य भागों में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब होने लगती है। दलील दी जाती है कि हरियाणा, पंजाब, राजस्थान व उ.प्र. के किसान खेतों में धान की फसल के अवशेष जलाते हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने खेतों में पराली जलाने को अपराध घोषित किया है और जुर्माने का प्रावधान भी है। फिर भी पंजाब में इस बार भी खेतों में पराली जलाने के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। बहरहाल, समस्या जटिल है, आम आदमी के लिये भी और सांस की बीमारियों से जूझ रहे लोगों के लिये तो यह मौसम काल बन कर आता है। भारत में वायु प्रदूषण से मरने वाले लाखों लोगों का आंकड़ा विश्व में ऊंचा है। मगर सिर्फ किसान ही इसके लिये दोषी नहीं है। आईआईटी कानपुर की शोध में खुलासा हुआ है कि अक्तूबर मध्य से नवंबर मध्य तक होने वाले वायु प्रदूषण में खेतों में पराली जलाने का हिस्सा सिर्फ 25 फीसदी है। तो साफ है कि बहुत कुछ ऐसा है जो प्रदूषण को जहरीले स्तर तक ले जाता है। समस्या यह भी है कि सरकारें समस्या की गंभीरता को नहीं समझ रही हैं। टुकड़ों-टुकड़ों में उपाय किये जा रहे हैं। आग लगने पर कुआं खोदने की प्रवृत्ति सरकारों की बनी हुई है। दिल्ली सरकार वाहनों का प्रदूषण रोकने के लिये ऑड व ईवन योजना को अमल में लाने की योजना बना ही रही थी कि जानलेवा हवा ने दस्तक दे दी। निःसंदेह इस मौसम में हवा का वेग भी कम होता है। इसी बीच दीपावली के त्योहार में होने वाली आतिशबाजी भी समस्या की जटिलता को बढ़ा देती है। जहां तक किसानों द्वारा पराली जलाने का सवाल है तो हम किसानों को दंड का भय तो दिखा रहे हैं, मगर कारगर विकल्प देने में विफल रहे हैं।

दरअसल, ऐसे वक्त में जबकि खेती लगातार घाटे का सौदा साबित हो रही है, किसान पराली जलाने में पैसा लगाने की स्थिति में नहीं है। पंजाब व हरियाणा में मजदूरी की लागत बढ़ने से किसान खेत में ही फसल के अवशेष जलाने में फायदा महसूस करता है। वहीं मनरेगा के क्रियान्वयन के बाद बिहार व अन्य राज्यों से आने वाले श्रमिक कम हुए हैं। पराली के निस्तारण के जो विकल्प दिये जा रहे हैं, वे किसान की पहुंच में नहीं हैं। उसे उनमें फायदा नजर नहीं आता। किसान को रचनात्मक उपायों से समझाना होगा कि फायदा किसमें है। हमें यह भी समझना होगा कि किसान को रबी की फसल बोने की तैयारी करनी होती है। अतः वह तुरत-फुरत पुआल को जलाना ही फायदेमंद समझता है। गेहूं और धान की फसल के लिये बढ़ते न्यूनतम समर्थन मूल्य के चलते किसान ने दलहन-तिलहन से किनारा कर लिया है। किसान को फसलचक्र में बदलाव के लिये भी प्रेरित करने की जरूरत है। साथ ही समस्या के विभिन्न पहलुओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत है। यदि ऐसा न किया गया तो अक्तूबर-नवंबर में आसमान में छाने वाला प्रदूषण निरंतर बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण को भी इस जटिल समस्या के समाधान के लिये कारगर योजना सामने लानी होगी। इसके क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकारों की जवाबदेही तय करनी होगी। हमें भी गंभीरता से विचार करना होगा कि दैनिक जीवन में हम ऐसा क्या कर रहे हैं, जो वायु प्रदूषण को बढ़ाने वाला है। हम आबोहवा ज़हरीली होने के लिये सिर्फ किसान को ही कठघरे में खड़ा करके अपने दायित्वों से नहीं बच सकते। भावी पीढ़ी के भविष्य को बचाने के लिये हमें कुछ त्याग करने के लिये भी तैयार रहना होगा। इसको लेकर रचनात्मक सक्रियता अनिवार्य शर्त है। हम दूसरे देशों द्वारा अपनाये जा रहे विकल्पों के बारे में भी सोच सकते हैं।

## आज का विचार

यदि हम विश्वास के साथ लड़ते हैं तो हमारी शक्ति दुगनी हो जाती है।

– प्लेटो

## एकदा

### मंझधार में परीक्षा

सवारियों से भरी एक नाव एक किनारे से उस पार जा रही थी। तूफान से नाव बीच मंझधार में डांवांडोल होने लगी तो लोग घबराकर रोने लगे तो कुछ अपना सामान समेटने लगे। सब अपने-अपने ईश्वर को भजन कीर्तन से याद करने लगे। नाव में एक फकीर भी था मगर उस पर कुछ असर नहीं दिख रहा था। वह कोने में अपनी माला फेरते हुए आंखें बंद किए बैठा था। कुछ लोगों ने उससे कहा—आप ही कुछ प्रार्थना कर लो, शायद तूफान थम जाए। सुना है पीर-फकीरों की दुआओं में बहुत असर होता है। मगर फकीर निर्विकार मुस्कुराता रहा। तभी दूर से किनारा दिखाई पड़ने लगा। अब तो प्रार्थनाओं की आवाज़ भी मंद पड़ने लगी। किनारा पास आते ही सब शांत हो गए और हंसी मज़ाक में डूब गए। इसके विपरीत फकीर हाथ उठाकर दुआ करने लगा। यह देखकर एक यात्री ने कहा—जब कुछ करने का वक्त था तो कुछ किया नहीं। अब सुरक्षित पहुंच गए तो दिखावा करते हो। इस पर फकीर हंसते हुए बोला—असली परीक्षा तो मंझधार में ही होती है, जहां हर कोई सावधान रहता है। मगर किनारा दिखते ही सब भूल जाते हैं। मैं बीच में भी निश्चिंत था और यहां किनारे पर भी। हाथ उठाकर तो मैं ऊपर वाले का शुक्रिया अदा कर रहा हूं कि उसने हम सबको सुरक्षित किनारे लगा दिया।

**प्रस्तुति : मुकेश कुमार जैन**

## 40 साल पहले

### दैनिक ट्रिब्यून

#### पाकिस्तान में चुनाव स्थगित

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (युन्यू)। पाकिस्तान में 27 नवंबर से होने वाले आम चुनाव अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करके सभी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। रेडियो पाकिस्तान के अनुसार प्रेस पर तात्कालिक रूप से सेंसर लगा दिया गया है। राष्ट्र के नाम आज रात अपने प्रसारण में राष्ट्रपति जनरल जिया ने उक्त घोषणा करते हुए कहा कि ये कदम देश में अनिश्चितता की स्थिति को समाप्त करने के लिए उठाया गया है। हड़तालों और तालाबंदियों पर भी पाबंदी लगा दी गयी है।

#### रेलवे बोर्ड के आरक्षण आदेश पर अमल रुका

नयी दिल्ली (युन्यू)। सर्वोच्च न्यायालय ने आज रेलवे बोर्ड के उस आदेश पर अमल रोक दिया जिसमें नियुक्तियों और कर्मचारियों में से पदोन्नति के लिए अनुसूचित जातियों के लिए 15 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। अखिल भारतीय शोषित कर्मचारी संघ जो 63,000 सदस्य होने का दावा करता है, ने इस आदेश को चुनौती देते हुए इसे अनुच्छेदों 13 और 16 के विपरीत बताया था।

# तनाव घटा मगर बाकी हैं चुनौतियां



जी. पार्थसारथी

राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच मल्लापुरम में हुई शिखर वार्ता से चीन-भारत के रिश्तों में सुधार की आस जगी है। मगर सवाल यह है कि क्या इसके बाद हमारे पड़ोस में चीन के साम्राज्यवादी मंसूबों पर विराम लगेगा? क्या पाकिस्तान को लेकर उसकी नीति में किसी बदलाव की उम्मीद की जा सकती है?

मल्लापुरम में राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई शिखर वार्ता से चीन-भारत के रिश्तों में सुधार आने का अहसास हो रहा है। जबकि हाल ही में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर चीन ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के प्रति अपेक्षाकृत कम मैत्रीपूर्ण रुख अख्तियार किया था। हालांकि, अब लग रहा है कि भारत और चीन दोनों ही आपसी सहयोग, द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर सहयोग बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इससे यह उम्मीद बंधी है कि आने वाले दिनों में कई शिखर सम्मेलनों जैसे कि ब्रिक्स, जी-20 और एसियान संगठन द्वारा आयोजित पूर्वी एशिया सम्मेलन और यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र के आम इजलास में भी, भारत और चीन के बीच अनेकानेक विषयों, मसलन वैश्विक व्यापार से लेकर पर्यावरण में बदलाव के विषयों पर नजदीकी सहयोग देखने को मिलेगा। मल्लापुरम वार्ता में भारत और चीन के बीच जिन विषयों पर सहमति बनी है उसमें सीमा पर तनाव न बढ़ पाए या स्थिति हाथ से न निकल जाए, उसके लिए उपायों को सुदृढ़ करना सुनिश्चित किया जाएगा।

निःसंदेह चीन को अहसास होगा कि पाकिस्तान के उकसावे में आकर कश्मीर को अंतर्राष्ट्रीय मुद्दा बनाने के लिए जो कुछ उसने किया है, उससे अपनी साख को ही नुकसान पहुंचाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में एक भी स्थाई सदस्य अथवा अस्थाई सदस्य ने चीन द्वारा कश्मीर को लेकर पेश किए गए प्रस्ताव का समर्थन नहीं किया था, अलबत्ता ब्रिटेन ने अपने चरित्र के अनुरूप दोगली भूमिका जरूर अदा की थी। हालात यहां तक बन गए कि चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में जम्मू-कश्मीर के मुद्दे पर औपचारिक विचार करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत तक नहीं कर सका था। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में भी चीन को अपनी कोशिशों में मुंह की खानी पड़ी थी। आलम यह था कि संयुक्त राष्ट्र के आम सत्र में जब चीन ने कश्मीर विषय को उठाया तो हाजिर 193 मुल्कों में से महज 3 देशों यानी चीन, मलेशिया और तुर्की ने पाकिस्तान के समर्थन में अपनी आवाज उठाई थी!

लेकिन मल्लापुरम में माहौल एकदम सौहार्दपूर्ण और दोस्ताना रहा है। इस भेंट में जिन मुद्दों पर दोनों देशों के बीच मतभेद हैं, उनको सुलझाने के लिए प्रयास करने, व्यापार और निवेश जैसे क्षेत्रों में निकट



द्विपक्षीय सहयोग को बढ़ावा देने, अस्पष्ट सीमा की वजह से समय-समय पर उठ खड़े होने वाले तनावों को काबू में रखने की दिशा पर सहमति बनी है। तथापि यह पता नहीं है कि हिंद महासागर क्षेत्र में, हमारे ठीक पास-पड़ोस में, अपना वर्चस्व बनाने की राह पर चला चीन क्या इस इलाके में भारत के प्रभाव को कमतर करने के अपने प्रयासों कोई अंतर लाएगा? मालदीव से लेकर श्रीलंका और म्यांमार से लेकर नेपाल तक में चीन उनके आंतरिक मामलों में गुपचुप दखलअंदाजी कर रहा है। हमें सावधानीपूर्वक नजर बनाए रखनी होगी कि अगले महीने श्रीलंका में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव में चीनी सरकार का व्यवहार किस तरह का रहता है।

निःसंदेह आगे भी चीन पाकिस्तान को अपना सामरिक, सैन्य, आर्थिक और राजनयिक समर्थन लगातार जारी रखेगा। निरंतर बढ़ते जा रहे जिस किस्म के आर्थिक संकट का सामना पाकिस्तान को करना पड़ रहा है, उससे वह हाथ में भीख का कटोरा पकड़ने को मजबूर हो गया है और खैरात पाने के लिए वह दुनियाभर के मुल्कों के अलावा बहुपक्षीय सहायता संगठनों के सामने हाथ फैला रहा है। वहीं सैन्य क्षेत्र में पाकिस्तान की नौसेना चीन निर्मित नवीनतम फ्रिगेट और पनडुब्बियां प्राप्त करने जा रही है।

हाल फिलहाल जिस बात को लेकर चीन परेशान है, वह भारत और अमेरिका बीच बने रिश्ते न होकर रूस के साथ हमारे संबंधों में बनती प्रगाढ़ता को लेकर है। चीन को कतई यह उम्मीद नहीं थी कि अमेरिका के संभावित प्रतिबंधों की परवाह न करते हुए भारत रूस से एस-400 मिसाइलरोधी सुरक्षा प्रणाली की खरीद कर गुजरेगा। इसके अलावा रावलपिंडी के सेना मुख्यालय में बैठे पाकी जरनलों और चीन को जरा भी अपेक्षा न थी कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव अपने पाकिस्तानी समकक्ष शाह महमूद कुरैशी को दो टूक शब्दों में कह देंगे कि रूस संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मामले को उठाने के कदम का हरचंद विरोध करेगा। रूस के पूर्वी प्रांत की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री मोदी ने उस इलाके के विकास हेतु 1 बिलियन डॉलर के भारतीय निवेश की पेशकश की है, यह संवेदनशील इलाका वह है जो चीन की सीमा से लगता है और जहां वर्ष 1969 में रूस और चीन के बीच खूनी युद्ध हुआ था। पूर्वी रूस की मोदी की यात्रा के संदर्भ में चीन का सरकारी समाचारपत्र ग्लोबल टाइम्स लिखता है : 'भारत-रूस के संबंधों में और आगे बनती प्रगाढ़ता से अंतरराष्ट्रीय रिश्तों में बहु-ध्रुवीकरण बनेगा और एशिया में भारत की भूमिका में मजबूती आएगी। इन संबंधों के बनने से चीन पर और ज्यादा भू-राजनीतिक दबाव बनेगा और चीन के साथ लगते इलाकों में असंतुलन बढ़ेगा।'

चीन और भारत दोनों ही ट्रंप प्रशासन की अनेक नीतियों को लेकर असहज हैं। हाल ही में ट्रंप ने दावा किया कि तालिबान से और आगे बातचीत नहीं की जाएगी और अफगान सरकार को हमारा पूरा समर्थन है तो उनके इन खोखले बयानों से भारत जरा भी प्रभावित नहीं हुआ है। इन बयानों के पीछे एक बड़ा कारण पेंटागन और गृह विभाग का बना दबाव था कि जैसे भी हो, उन्हें हर हाल में अफगान सरकार के साथ खड़ा हुआ दिखना है। लेकिन जैसे ही तालिबान ने संकेत दिया कि वह अफगानिस्तान में शांति बनाने को तैयार हैं (जाहिर है पाकिस्तान के दबाव तले) वैसे ही ट्रंप के विशेष दूत जलमई खालिजाद आननफानन में इस्लामाबाद पहुंचकर तालिबान को युद्धविराम कायम रखने और शांति वार्ता फिर से शुरू करने पर टिके रहने के लिए मनाने लगे। ट्रंप सीरिया से भी अमेरिकी सैनिकों की घर वापिसी करवा कर अपने देश के अंदर युद्धविरोधी भावुकता को खुश करना चाहते हैं। उन्हें उम्मीद है कि इमरान खान तालिबान को युद्धविराम के लिए मनाकर अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों का बाइज्जत वापिसी करवाने में उनकी मदद करेंगे। इसके बाद ट्रंप यह घोषणा करने लायक हो जाएंगे कि 'देखो, मैंने तमाम विदेशी भूमि पर मौजूद अपने सभी सैनिकों की वापिसी करवा दी है जो वहां अमेरिकी हितों से इतर किसी और की लड़ाई लड़ रहे हैं और इस तरह अगले साल 3 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव से पहले उनकी सुरक्षित वतन वापिसी सुनिश्चित करवा दी है।' लेकिन संसद के एक सदन में बहुमत रखने वाली विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी द्वारा ट्रंप के खिलाफ शुरू करवाई गई महाभियोग की प्रक्रिया के मद्देनजर वतन वापिसी के इस कार्ड को ट्रंप मतदाताओं के बीच किस हद तक भुना पाएंगे, यह देखना बाकी है। इधर अगर इमरान खान सोचते हैं कि अफगानिस्तान में आग के दरिया में फंसे अमेरिकी सैनिकों की वतन वापिसी में सहयोग करने पर अमेरिकी लोग उनके अहसान तले दब जाएंगे तो यह भी उनका मुगालता है।

प्रधानमंत्री मोदी इस तथ्य से संतोष महसूस कर सकते हैं कि चीन के प्रयासों और पाकिस्तान से उसके गठजोड़ के बावजूद भारत ने अनुच्छेद 370 को हटाने के बाद विदेशों से आए दवाबों का सामना सफलतापूर्वक कर दिखाया है। अब भारत इन बाहरी चुनौतियों के बावजूद देश की सामरिक स्वायत्तता कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने की ओर बढ़ सकता है। इधर कश्मीर में लोगों की जिंदगी को सुचारु बनाने के उद्देश्य से मोबाइल फोन सर्विस बहाल करने के बाद उम्मीद है कि कश्मीर घाटी में हालात सामान्य करने की दिशा में अन्य उपाय अमल में लाए जाएंगे।

**लेखक पूर्व राजनयिक हैं।**

पर्यावरण विरोधी नीति

# पानीदार आदिवासी इलाकों में अकाल की छाया

**अमरेंद्र किशोर**

झारखंड के आदिवासी बहुल इलाके कभी परंपरागत तौर-तरीके अपनाकर पानी से लबालब थे। मगर, अब उन इलाकों में पानी कम, ज़मीन पर अंगारों की खेती ज्यादा होती है। विकास के नाम पर हुई तबाही ने अकाल के बीज बो दिए हैं।

कभी झारखंड का पलामू पानीदार था। पश्चिमी ओडिशा की आबोहवा में भी सालों भर नमी रहा करती थी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी में पानी से उपजी खुशियां वहां के लोकगीतों में छलकती थीं। ये सभी आदिवासी बहुल इलाके हैं जहां कभी पानी संग्रह करने की तरह-तरह की तरकीबें थीं मगर अब उन इलाकों में पानी कम, ज़मीन पर अंगारों की खेती ज्यादा होती है। जनवरी गुजरते ही धरती का थन सूखने लगता है। हवाएं गर्म रुख अपनाती हैं। सूखे से जुड़ी खबरें अकाल की दस्तक का आगाज करतीं हैं। कुओं का पेंदा नजर आने लगता है और हैंडपंप हिचकियां ले दम तोड़ देते हैं।

ये तमाम पंक्तियां रेणु की 'परती परिकथा' का हिस्सा नहीं हैं बल्कि उस आदिवासी भारत का सच है, जिसके नाम पर राहत की झोलियां फैलाये राज्य सरकारें आत्मदया का एकांकी खेलती हैं। जंगलों की अंधाधुंध कटाई से आदिवासी इलाके बंजर और बदहाल हुए। नदियां सूखने लगीं। अनगिनत झरने और अन्य जलस्रोतों का अस्तित्व मिटता चला गया। जंगल नहीं होने की वजह से बारिश की मात्रा में कमी आयी, जिससे धरती की कोख का पानी सूखता चला गया। जंगल सिकुड़ते गए तो साथ में खेती को लेकर अफरातफरी मचने लगी। उपाय की बात शुरू हुई तो कहीं कुएं खोदे गए तो कहीं धरती की छाती खुरचकर तालाब बनाये गए। लेकिन नतीजा न तो समाज के पक्ष में रहा, न ही स्थानीय पर्यावरण के। हालत ऐसे हुए कि पलामू के सूखे के नाम पर कागजों पर हजारों कुएं खोदे गए। हकीकत में हर कदम पर एक कुएं की तस्वीर उभरकर सामने आयी। कालाहांडी के सूखे के निवारण के नाम पर करीब पैंतीस सालों में जितने पैसे गांवों में उलीचे गए, वास्तविकता में उतनी रकम से वहां की



पूरी धरती को ढका जा सकता है।

सरकारों ने आदिवासी आबादी और ज़मीन का मनमाना इस्तेमाल किया है। झारखंड-ओडिशा और मध्य प्रदेश की लाल माटी की बेहद उपजाऊ ज़मीन पर उत्तम खेती को लेकर सरकार ने तरीके से मन बनाया ही नहीं। आदिवासी इलाकों में नकारात्मक राजनीति और प्रशासन की दखल के कारण समाज का ज़मीन से नाता जुड़ा नहीं रह पाया। बल्कि जरूरतमंद आदिवासियों ने राहत और स्पेशल पैकेज के बूते जिंदगी जीना बेहतर समझा।

दरअसल, राज्य सरकारों और केंद्र सरकार ने दया-दान-पुण्य की राजनीति के तहत किसानों के बीच खैरात के चावल बांटकर ज़मीन को परती रखने की परम्परा शुरू की। हालात इस कदर खराब हुए कि इन आदिवासी इलाकों में चावल की देशावरी (इंडिजेनस) किस्म की लगभग 500 प्रजातियां उगाना किसान भूल गये। हालांकि, विशेषज्ञों ने ऐसा नहीं करने की नसीहत सरकार को दी थी। लेकिन सच तो यही है कि वोटतंत्र की सरकारें ऐसे मामलों में लालचवश तानाशाह होकर निरंकुश फैसले लेती हैं, भले ही अमानत में खयानत हो जाए।

माटी की सेहत और देशज नस्ल के पेड़ों को बचाकर उन्हें लोकोपयोगी बनाने की दिशा में एक से एक प्रयोग किये जा चुके हैं। ख़ासतौर से जलछाजन के जरिये सफलता और समृद्धि की एक से एक गाथाएं देश के लोकमानस में गेय हैं। ऐसे में भविष्य डरा रहे हैं— विशेषकर उस हालात में जब दुनिया भर से खेती के चौपट होने और जलवायु परिवर्तन से हो रही बर्बादी के उदाहरण प्रेत-कथाओं की तरह रोंगटे खड़े कर देते हैं। यदि निवारण के रूप में जलछाजन के लिए व्यावहारिक योजना को अमल में लाएं तो परिणाम बेहतर होंगे। इसके तहत जगह-जगह चौकोर गड्ढे खोदकर बारिश का पानी जमा किया जाता है जो मानसून लौटने के बाद जाड़े के दिनों में और कभी-कभार फरवरी महीने तक पानी की जरूरतों को पूरा करता है।

जिन ऊपरी भूमि में बारिश जाते ही सूखे के हालात पैदा हो जाते हैं, माटी में नमी नहीं रह जाती तो सवाल उठता है कि इनसान और खेत को पानी कैसे मिले। इसके लिए पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के तक़रीबन पांच दर्जन गांवों, झारखण्ड के रांची जिले के कुछेक गांवों में जमीन के ढालूपन का आंकलन और विश्लेषण कर समाज को पानीदार बनाने का काम पूरा किया गया है और साथ में फसलों को सालों भर पानी मिलता है। इसलिए जरूरत है किसानों को खेती के विभिन्न तकनीकों में दक्ष करना और परम्परागत ग्रामीण प्रौद्योगिकी को भी पुनर्जीवित किया जाए। यदि माटी और मौसम के अनुकूल किसान बागवानी का सहारा लें और अपने इलाके के उन परंपरागत पौधों को अपनाएं तो हालात बेकाबू नहीं हो सकते। संक्षेप में, गांवों के जल-संकायों को बचाये बगैर सूखे से मुक्ति की परिकल्पना बेमानी है। वैसे जलछाजन से एक पीढ़ी आगे बढ़कर झारखण्ड में नीरांचल योजना 2018 में विश्व बैंक के सहयोग से शुरू की गयी है, जिसके नतीजे को लेकर ढेर सारी उम्मीदें हैं।

## आपकी राय

### आसान हुई राह

16 अक्तूबर के दैनिक ट्रिब्यून में राजकुमार सिंह के 'विपक्षी बिखराव से आसान भाजपा की राह' लेख का निष्कर्ष है कि विरोधियों का बिखराव बीजेपी का रास्ता आसान कर रहा है। राहुल ने फिर पुरानी हमलावर नीति अपनाई और तल्खी में ज्यादा इजाफा भी कर दिया। तीन सौ सत्तर पर सबको बात करना इसलिये भी जरूरी है कि आतंकी गतिविधियां पहले से ही देश में मुश्किलें पैदा कर रही हैं। सबको साथ आने की जरूरत थी। आतंकवाद ने पूरे देश को चपेट में ले रखा है। हरियाणा में तो रास्ता साफ दिख रहा है। पीएमसी बैंक के कारण हुई मौतें फडणवीस के लिये मुश्किल पैदा कर सकती है क्योंकि यह मसला रोजमर्रा की जरूरत से जुड़ा है। इस बार नयी स्थितियां बनी हैं।

**मीरा गौतम**, जीरकपुर

### राजनीतिक महत्वाकांक्षा

हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टियों में अवसरवादी राजनीति का जीता-जागता सबूत है। विधायक बनने की होड़ में जिस तरह से खींचतान हुई, उसने राजनीति का चेहरा दिखाया। भितरघात की संभावनाएं अधिक हैं। दल-बदल की इस मौकापरस्त सियासत ने दलीय विचारधारा से मतदाताओं का भरोसा तोड़ा है। इन चुनावों में एक ओर पार्टी आला कमान ने तमाम समीकरणों को ध्यान में रखकर जिताऊ उम्मीदवारों को तरजीह दी, तो दूसरी ओर मतदाताओं की रुचि भी विकास कार्यों की अपेक्षा ध्रुवीकरणीय समीकरणों में अधिक नजर आ रही है। नेताओं की राजनीतिक महत्वाकांक्षा उनके जनसेवा के दावों को झुठलाती है।

**सुरेन्द्र सिंह 'बागी'**, महम

### आत्मघाती कोशिश

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव प्रचार के दौरान वही गलती कर रहे हैं जो उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान की थी। वे प्रधानमंत्री को फिर से चोर साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। लोकसभा में अपनी पार्टी की करारी हार से उन्होंने कोई सबक नहीं लिया। अगर उन्हें मर्यादा की सीमा लांघने से नहीं रोका गया, तो कांग्रेस का विधानसभा के चुनाव में भी नुकसान होना निश्चित है।

**राम मूरत**, सूर्यदेव नगर, इंदौर

**संपादकीय पृष्ठ पर प्रकाशनार्थ लेख इस ईमेल पर भेजें :-**

dtmagzine@tribunemail.com

तिरछी नज़र

# कायदे से रहेगा तो फायदे में रहेगा

**शमीम शर्मा**

दुकानों से पैकिंग का आटा खरीदने वाले नेताओं को क्या पता कि किसानों ने धूप में गेहूं काटा था। अब वही धूप नेताओं के सिर में खाज और खीझ पैदा कर नानी याद दिला रही है।

फेसबुक खोलते ही सबसे ऊपर एक लाइन लिखी मिलती है—'व्हट्स इन यूअर माइंड।' यानी कि आपके दिमाग में क्या चल रहा है। नेताओं का बस चले तो वे भी एक-एक वोटर से यही पूछना चाहते हैं—तेरे जी मैं के है? और वोटर है कि एक बेवफा प्रेमी की तरह नेता को अनुमान तक नहीं लगने देना चाहते कि उनके दिमाग में क्या अंट-शंट घूम रहा है।

वोट मांगने की तैयारियां जोरों पर हैं। नेताओं के अजब-गज़ब तरीके। रथ, घोड़े, ऊंट, बैलगाड़ी, बाइक-कार सभी यूज हो रहे हैं। पेट्रोल पानी की तरह बह रहा है। चाय के कपों की गिनती करना किसी के बस की बात नहीं। नेतागण घर से चलने से पहले वायदों की पोटली उठाना नहीं भूलते।

अपने धवल वस्त्रों के साथ टोपी, पगड़ी व जैकेट पहनने के बाद पहले तो वे शीशे के सामने खड़े होकर चेहरे पर चार इंच चौड़ी मुस्कान से श्रृंगार करते हैं। आंखों में काजल की जगह नम्रता-सहृदयता का संचार करते हैं। अपने हाथों को हिदायत देते हैं कि वे जनता जनार्दन के सामने करबद्ध ही रहें। अपनी कमर को वे झुक-झुक कर अभिवादन करने के लिये तैयार करते हैं। पता नेता को भी है कि वो कायदे से रहेगा तो पूरे फायदे में रहेगा।

वोट देने से पहले तैयारियां जनता भी करती है। शिकवे-शिकायतों के गट्ठर बांधने में जुट जाती है। बिजली की शिकायतें सुन-सुनकर नेताओं के दिमाग की बत्ती गुल हो जाती है। अपने कटु उलाहनों-तानों से नेताओं की खाल खींचने का एक भी मौका जनता गंवाना नहीं चाहती। नेताओं को अपने आंगन में बिछी खाट पर बिठाकर उनसे कई तरह के वादे लेती है। और नेता भी एक-एक बात पर यूं हां भरता है जैसे जज के सामने मुजरिम नाड़ झुकाकर अपनी सारी गलतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य में गलती न दोहराने की कसम खाता है।

हरियाणवी माणस अपने बच्चों की सलामती के लिये छठ नहीं रखते बल्कि लट्ठ रखते हैं और नाराज़गी व शिकायतों के यही लट्ठ वे चुनावों में चारों ओर घुमा देते हैं, जिससे कई महाशयों का सूपड़ा साफ होने में देर नहीं लगती। दुकानों से पैकिंग का आटा खरीदने वाले नेताओं को क्या पता कि किसानों ने धूप में गेहूं काटा था। अब वही धूप नेताओं के सिर में खाज और खीझ पैदा कर नानी याद दिला रही है।

000

एक बर की बात है अक नत्थू बैंक मैं पीसे जमा कराण गया। कैशियर नैं नोट उलट-पलट कै देखे तो बोल्या—ताऊ! ये नोट तो तूं नकली ले रह्या है। ताऊ बोल्या—फेर तेरै के खाज है, जावैंगे तो मेरे खाते मैं।

## शाही जोड़ा चितराल में



**पेशावर :** ब्रिटेन के युवराज विलियम और उनकी पत्नी केट मिडलटन ने बुधवार को पाकिस्तान के उत्तरी खैबर पख्तूनखवा प्रांत में चितराल का दौरा किया। शाही दंपती के यहां पहुंचने पर उन्हें चितराल की परंपरागत टोपी और राजकुमारी डायना के 1999 के दौरे के समय की तस्वीरों की एक किताब भेंट की गयी। विलियम को सफेद, कढ़ाई वाला एक कोट भी उपहार में दिया गया, वहीं केट मिडलटन को गर्म शॉल भेंट किया गया। केट मिडलटन इस मौके पर मोरपंख वाली बिल्कुल वैसी ही हैट पहने हुए थीं जैसी दिवंगत डायना ने इस घाटी की अपनी यात्रा के दौरान पहनी थी।- एजेंसी

# अमेरिकी सदन में 'हांगकांग लोकतंत्र अधिनियम' पारित

## चीन ने दी कड़ी प्रतिक्रिया, कहा- ठोस कदम उठाएंगे

वाशिंगटन, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने मंगलवार को हांगकांग में लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों की मांग वाले एक विधेयक को पारित कर दिया, जिसका उद्देश्य उस अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र में नागरिक अधिकारों की रक्षा करना है। इस कदम पर चीन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

'हांगकांग मानवाधिकार एवं लोकतंत्र अधिनियम' को अब सीनेट में पेश किया जाएगा, जहां से पारित होने के बाद यह कानून बन जाएगा।

विधेयक को कांग्रेस में द्विदलीय समर्थन मिला जो दुर्लभ बात है। यह कानून हांगकांग-अमेरिका के विशेष व्यापारिक दर्जे को समाप्त कर देगा जब तक कि विदेश विभाग सालाना यह प्रमाणित नहीं कर देता कि शहर के अधिकारी मानवाधिकारों और कानून-व्यवस्था का सम्मान कर रहे हैं।

इस विधेयक में अमेरिकी राष्ट्रपति को उन लोगों की पहचान करने और उन पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देने का प्रावधान किया गया है जो हांगकांग में स्वायत्तता और मानवाधिकारों के गंभीर हनन के लिए जिम्मेदार हैं।

चीन ने इस विधेयक के पारित होने पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग ने एक बयान में कहा कि अमेरिका को इस मामले में हस्तक्षेप बंद करना चाहिए। उन्होंने आगाह भी किया कि चीन प्रस्तावित हांगकांग विधेयक से निपटने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

### हंगामे के कारण भाषण पूरा नहीं कर सकीं कैरी

**हांगकांग (एजेंसी) :** हांगकांग की नेता ने बुधवार को नगर संसद के



अंदर अराजक दृश्यों के बीच विपक्षी सांसदों द्वारा परेशान किए जाने के बाद अपना भाषण बीच में ही रोक दिया। मुख्य कार्यकारी कैरी लैम के भाषण को 4 महीनों से जारी लोकतंत्र समर्थकों के विरोध प्रदर्शनों के बीच दिल और दिमाग जीतने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा था। लैम ने दो बार नीति संबंधी अपना भाषण शुरू करने की कोशिश की लेकिन लोकतंत्र समर्थक सांसदों ने लैम के भाषण को बाधित करने की कोशिश की। लैम ने पहले से रिकार्ड एक वीडियो जारी किया। यह पहला मौका था जब हांगकांग में कोई नेता वार्षिक भाषण नहीं दे सका। यह परंपरा 1948 में शुरू हुयी थी। लैम ने अपने संबोधन में कहा-मेरा दृढ़ विश्वास है कि हांगकांग इस तूफान को झेल कर आगे बढ़ने में सक्षम होगा। उन्होंने प्रदर्शनकारियों के लिए किसी रियायत की घोषणा नहीं की। उधर, लोकतंत्र समर्थकों ने उनके संबोधन को खारिज कर दिया।

## सांसों के लिए फुहार



नयी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए बुधवार को पानी की फुहार बरसाते टैंकर। सांसद मनोज तिवारी और गौतम गंभीर ने इन टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। -प्रेट्र

## वायु प्रदूषण को अन्य अपराधों की तरह रोकें : एनजीटी

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

पराली जलाने पर रोक के लिए राज्यों द्वारा उठाए गए कदमों पर असंतोष जताते हुए राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कहा है कि जिस तरह अन्य अपराधों पर नियंत्रण के लिए कानूनों को लागू किया जाता है उसी तरह राज्य सरकारों को वायु प्रदूषण रोकने को लेकर जिम्मेदारी निभानी चाहिए। तथ्य यह है कि अभी भी जमीनी स्तर पर पराली जलायी जा रही है। एनजीटी के बुधवार को अपलोड हुए आदेश में कहा गया है कि प्रदूषण को रोकने के लिए कानून लागू करने की जिम्मेदारी राज्यों की है पर वे ऐसा नहीं कर रहे हैं। पीठ ने चिंता जताते हुए कहा कि पांच साल में भी अगर राज्य सरकारें किसानों को पराली जलाए बिना फसलों की बुवाई की तकनीक के बारे में नहीं बता सकी तो यह 'अप्रिय स्थिति' है। पीठ ने राज्यों को 15 नवंबर तक कार्रवाई रिपोर्ट दायर करने का निर्देश दिया।

## किम का अमेरिकी प्रतिबंधों के खिलाफ लड़ने का संकल्प



'पाइकेतो पर्वत' पर बर्फबारी के बीच घोड़े पर सवार किम जोन उन।

सियोल, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग-उन ने अमेरिका नीत प्रतिबंधों के खिलाफ लड़ने का संकल्प लिया और कहा कि इनकी वजह से उनके देश को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। सरकारी मीडिया ने बुधवार को किम को सफेद घोड़े पर उत्तर कोरिया के 'पाइकेतो पर्वत' जाते दिखाया। कोरियाई प्रायद्वीप की इस सबसे ऊंची चोटी को उत्तर कोरियाई लोग पवित्र मानते हैं। किम महत्वपूर्ण फैसलों से पहले यहां जाते हैं। वाशिंगटन और सियोल के साथ कूटनीतिक संबंध शुरू करने से पहले 2018 में भी वह यहां गये थे।

### पुलिस हिरासत में मौत का मामला

## यूपी के मुख्य सचिव और डीजीपी से जवाब तलब

लखनऊ, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश के पिलखुआ में पुलिस हिरासत में एक व्यक्ति की मौत की मीडिया खबरों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए राज्य के मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक को नोटिस भेजकर चार सप्ताह में जवाब मांगा है। आयोग ने विस्तृत रिपोर्ट तलब करने के साथ ही पूछा है कि दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी और इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन से कदम उठाये गये।

खबरों के मुताबिक प्रदीप तोमर पिलखुआ में अपने घर पर पत्नी से यह कहकर बाहर निकला था कि छोटे भाई की बाइक का टायर पंचर हो गया है और वह उसकी मदद को जा रहा है। तोमर अपने 11 वर्षीय बेटे को साथ ले गया। रास्ते में उसे पुलिस पूछताछ के लिए उठा कर ले गयी। खबरों के अनुसार तोमर के पुत्र ने बताया कि पुलिस वालों ने पिता को पीटा और उसे भी थप्पड़ मारे। उसके मुंह में बंदूक की नली डालकर पुलिस वालों ने धमकाया कि उसने जो कुछ देखा, वह किसी को बताएगा नहीं। खबरों में यह भी बताया गया है कि पुलिसकर्मी नशे में थे। प्रदीप को स्थानीय अस्पताल तो ले जाया गया लेकिन इलाज नहीं कराया गया।

**यह कहा आयोग ने**

आयोग की ओर से बुधवार को जारी बयान में कहा गया कि व्यक्ति की पुलिस हिरासत में 13 अक्तूबर को मौत हुई थी। उसे हत्या के एक मामले में पूछताछ के दौरान बर्बरता से पीटा गया था। पूछताछ के दौरान लात मारी गयी, घूंसे से प्रहार किया गया, डंडों से पीटा गया, बिजली का करंट दिया गया और पेंचकस से छेदा गया। व्यक्ति के शव के एक वीडियो में उसके शरीर पर गंभीर चोटों के निशान साफ नजर आ रहे हैं। आयोग ने कहा, ऐसा लगता है कि पुलिस हिरासत में उक्त व्यक्ति के मानवाधिकार का घोर उल्लंघन हुआ है।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हुई चिन्मयानंद की पेशी

शाहजहांपुर (उप्र), 16 अक्तूबर (एजेंसी)

छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पूर्व केंद्रीय गृहराज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद की सुरक्षा कारणों के चलते बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हुई। चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह ने बताया कि स्वामी की आज अदालत में पेशी होनी थी परंतु सुरक्षा कारणों से न्यायिक मजिस्ट्रेट गीतिका सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उनकी पेशी ली। मामले में अगली सुनवाई 30 अक्तूबर को होगी। स्वामी से पांच करोड़ रुपए मांगने के आरोप में गिरफ्तार संजय सिंह की जमानत अर्जी पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होगी।

### चीन में उठी आवाज

## गरीबी उन्मूलन के लिये हमें मिले नोबेल

बीजिंग, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

चीन में लोगों का कहना है कि 85 करोड़ से अधिक लोगों को भयानक गरीबी से बाहर निकालने के कारण चीन को अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिलना चाहिए। भारतीय मूल के अमेरिकी अर्थशास्त्री अभिजीत बनर्जी, एमआईटी की एस्थर डफ्लो और हार्वर्ड के प्रोफेसर मिशेल क्रेमर को इस साल अर्थशास्त्र का नोबेल पुरस्कार मिला है।

इन तीनों को वैश्विक स्तर पर गरीबी उन्मूलन के प्रयोगात्मक आर्थिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिये यह सम्मान मिला है। इसके बाद विश्वभर में बहस का दौर शुरू हो गया।

चीन के सरकारी अखबार ग्लोबल टाइम्स ने बुधवार को कहा कि चीन में इंटरनेट के उपयोक्ता कह रहे हैं कि 85 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से बाहर निकालकर चीन ने वैश्विक स्तर पर गरीबी के उन्मूलन में 70 प्रतिशत योगदान दिया है, अतः अर्थशास्त्र के नोबेल पुरस्कार पर चीन का अधिक मजबूत दावा है। कुछ उपयोक्ताओं ने कहा कि अमेरिका के इन तीनों अर्थशास्त्रियों की गरीबी उन्मूलन में चीन से कोई तुलना नहीं हो सकती।

एक पोस्ट में दावा किया गया है, 'गरीबी उन्मूलन पर बोलने के लिये चीन अधिक योग्य है। चीन की सरकार और शोधकर्ताओं ने महज प्रयोग करने से बढ़कर काम किया है।'

### आतंकियों का वित्त पोषण बना गले की फांस

## फरवरी तक संदिग्धों की सूची में रहेगा पाक

इस्लामाबाद, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

बहुपक्षीय वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) ने पाकिस्तान को मनी लांडरिंग और आतंकवादियों के वित्त पोषण के मुद्दे पर फरवरी 2020 तक 'संदिग्ध देशों की सूची' में बनाए रखने का निर्णय किया है। पाकिस्तान को इस अविध में इस दिशा में ठोस प्रगति करने का निर्देश है। समझा जाता है कि पेरिस में एफएटीएफ की बैठक में चीन, तुर्की और मलेशिया-तीन देशों के समर्थन के चलते पाकिस्तान काली सूची में रखे जाने से फिलहाल बच गया है। एफएटीएफ ने पाकिस्तान सरकार को निर्देश दिया है कि वह इस अवधि में मनी लांडरिंग और आतंकवादियों को बैंकिंग सेवाओं के उपयोग को पूरी तरह से रोकने के पुख्ता इंतजाम करे। एफएटीएफ का गठन 1989 में किया गया था ताकि वैश्विक बैंकिंग एवं वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता को बचाए रखा जा सके।

पाकिस्तान के डान अखबार के मुताबिक मंगलवार को पेरिस में हुई इसकी ताजा बैठक में इस मामले में पाकिस्तान की ओर से किए गए उपायों की समीक्षा की गयी। अखबार ने आज टीवी के हवाले से कहा कि पेरिस स्थित इस संगठन ने पाकिस्तान को आतंकवादियों के वित्त पोषण तथा मनी लांडरिंग को रोकने के लिए अभी और भी उपाय करने का निर्देश दिया है ताकि इन पर पूरी तरह से अंकुश लगाया जा सके। एफएटीएफ पाकिस्तान के बारे में अंतिम निर्णय फरवरी 2020 में लेगा।

इस बीच पाकिस्तान के वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता उमर हमीद खान ने इस आशय के समाचारों को खारिज किया है कि एफएटीएफ ने उनके देश को संदिग्धों की सूची में बनाए रखा है। उन्होंने कहा, 'यह (खबर) सही नहीं है, 18 अक्तूबर से पहले इस बारे में ठोस रूप से कुछ नहीं कहा जा सकता।' पाकिस्तान के आर्थिक मामलों के मंत्री हम्माद अज़हर ने इससे पहले एफएटीएफ की बैठक में इस मंच की ओर से सुझाए गए उपायों पर अपने देश की स्थिति स्पष्ट की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने 27 में से 20 मुद्दों पर प्रगति की है।

## दहेज में कार नहीं मिली तो तीन तलाक

बांदा, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले के अंदौली गांव में शबनम नाम की महिला ने पुलिस को शिकायत दी है कि दहेज में होंडा सिटी कार नहीं मिलने से नाराज शोहर हयात आलम ने उसे तीन बार तलाक बोलकर घर से निकाल दिया है। शिकायत के अनुसार निकाह इसी साल 23 अप्रैल को हुआ था। निकाह के बाद से ही हयात, उसकी फूफी और बहन उसे प्रताड़ित कर रहे थे। आरोप है कि हयात ने मुंबई में नगमा नाम की युवती से दूसरा निकाह कर लिया। दोनों ने मुंबई में शबनम को बंधक बनाये रखा, जबरन गर्भपात कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## जुड़वां उत्सव



नाईजीरिया के ओयो प्रांत में इग्बो-ओरा विश्व जुड़वां उत्सव के दौरान एक जैसी शक्ल वाली जुड़वां बहने केहिन्डे और टाए। नाईजीरिया के दक्षिण पश्चिम में इग्बो-ओरा समुदाय जुड़वां बच्चों के लिए सुप्रसिद्ध है। इग्बो-ओरा में करीब करीब हर परिवार में जुड़वां बच्चे होने का इतिहास है।- एएफपी

# जिंदगी लाइव

## शरत चंद्र की 'दत्ता' में रितुपर्णा सेनगुप्ता



**कोलकाता (एजेंसी) :** शरत चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास 'दत्ता' के सौ साल पूरे होने के मौके पर नवोदित निर्देशक निर्मल चक्रवर्ती 'दत्ता' पर आधारित बंगाली फिल्म लेकर आ रहे हैं। रितुपर्णा सेनगुप्ता 'बिजोया' और जॉय सेनगुप्ता 'नरेन' की भूमिका वाली इस फिल्म की शूटिंग पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में की जा रही है। चक्रवर्ती का कहना है कि बंगाली फिल्मकार अब भी साहित्यिक रचनाओं के मूल कथानकों पर सिनेमाई रुपांतरण बनाने में दिलचस्पी रखते हैं। रितुपर्णा सेनगुप्ता कहती हैं कि फिल्म में काम करने से पहले उन्होंने उपन्यास को फिर से पढ़ा और उस किरदार से रूबरू हुईं। वैसे 'दत्ता' पर इसके पहले भी 1951 और 1976 में फिल्में बन चुकी हैं, लेकिन चक्रवर्ती का दावा है कि उनकी फिल्म में एक अलग अंदाज होगा जो पिछले दो रूपांतरणों से भिन्न होगा।

## बुजुर्गों को गैरजरूरी समझना दुखद : चंद्रा

**मुंबई (एजेंसी) :** अपनी दो बुआओं पर वृत्तचित्र बनाने वाली फिल्मकार तनुजा चंद्रा का कहना है कि अनुभवों से भरपूर जीवन जीने का अपना ही महत्व है जो हमें बहुत कुछ सिखा सकता है। 'यह दुखद है कि समाज यह मानता आया है कि बूढ़े लोगों का महत्व कम होता है या उनके पास समाज में योगदान देने के लिए कुछ भी नहीं होता है। मुझे लगता है कि वास्तविकता इसके विपरीत है।' वृत्तचित्र 'आंटी सुधा, आंटी राधा' में तनुजा ने दिखाया है कि जिंदगी की 80 और 90 से ज्यादा बहारें देख चुकीं उनकी दोनों बुआएं उत्तर प्रदेश के एक गांव में अपने अंतिम वर्ष कितनी शांति से बिता रही हैं।



तनुजा ने बताया, 'फिल्म मौत, बीमारी, बुढ़ापे, तन्हाई की चर्चा करती है, लेकिन इन सभी मुद्दों को हल्के-फुल्के अंदाज में पेश किया गया है।'



वेटिकन में बुधवार को इटैलियन सर्कस उत्सव के दौरान करतब दिखाते सर्कस के कलाकार। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर यह आयोजन पोप के साप्ताहिक सम्बोधन के मौके पर किया गया था।-एएफपी

## हाउस 4 का रेलवे में प्रमोशन ऑन व्हील्स



**मुंबई (एजेंसी) :** रेलवे की विशेष योजना के तहत आने वाली फिल्म 'हाउसफुल 4' का 'प्रमोशन ऑन व्हील्स' होगा। कहा जा रहा है कि ऐसा पहली बार हो रहा है और यह एक नया कांसेप्ट है। फिलहाल इस फिल्म के प्रचार के लिए रेलवे पूरी कास्ट के साथ मुंबई से दिल्ली मार्ग पर फिल्म का प्रचार करेगी। साजिद नाडियाडवाला की हाउसफुल 4 पहली फिल्म है जो इस ट्रेन में मुंबई से दिल्ली तक के अपने सफ़र में फ़िल्म के प्रमोशन को अंजाम देगी। फिल्म निर्माता साजिद नाडियाडवाला कहते हैं, 'मैं सरकार और रेलवे द्वारा शुरू की गई इस नयी पहल से बेहद खुश हूं। अब नए रास्ते खुलेंगे।'

## मंगल और चंद्रमा पर भविष्य में हो सकेगी खेती

**शोधकर्ताओं का दावा**

**लंदन (एजेंसी) :** नासा के वैज्ञानिकों ने कृत्रिम रूप से मंगल ग्रह और चंद्रमा जैसा वातावरण और मिट्टी तैयार कर उसमें फसल उगाने में सफलता पाई है। उनका मानना है कि यदि भविष्य में मंगल और चंद्रमा पर मानव बस्तियां बसाई जाती हैं तो वहां खाद्य पदार्थ उगाए जा सकेंगे। नीदरलैंड के वगेनिंगेन विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने तो यह भी कहा है कि मंगल और चंद्रमा पर उगाई गई फसल से बीज भी प्राप्त किए जाने की संभावना है ताकि नयी फसल ली जा सके। उन्होंने प्रयोग के दौरान हलीम, टमाटर, मूली, राई, क्विनोआ, पालक और मटर समेत दस अलग-अलग फसल उगाई। विश्वविद्यालय के वीगर वेमलिंक ने कहा, 'जब हमने कृत्रिम रूप से तैयार की गई मंगल ग्रह की मिट्टी में उगे पहले टमाटरों को लाल होते देखा तो हम उत्साह से भर गए थे। इसका मतलब था कि हमने सतत कृषि पारिस्थितिकी तंत्र की तरफ कदम बढ़ा दिए हैं।' शोधकर्ताओं ने मंगल और चंद्रमा की धरती के ऊपरी आवरण से ली मिट्टी में सामान्य मृदा मिलाकर कृत्रिम रूप से ऐसा वातावरण विकसित किया था, इसमें पालक को छोड़कर 9 फसल अच्छी तरह विकसित हुईं जिन्हें खाया भी जा सकता है।

## आज के ट्वीट



जीवन में छोटी-छोटी चीजों का भी आनंद उठायें। जब आप कभी पीछे देखेंगे तो आपको महसूस होगा कि वाकई वो चीजें तो बहुत बड़ी थीं। इसलिए आनंदित रहें।

**- सोनू सूद,** बॉलीवुड कलाकार (एक वीडियो के जवाब में)

बारहि बार लाइ उर लीन्ही। धरि धीरजु सिख आसिष दीन्ही।। अचल होउ अहिवातु तुम्हारा। जब लगि गंग जमुन जल धारा।



**- कुमार विश्वास,** कवि

epaper.dainiktribuneonline.com

# अकाली-भाजपा गठबंधन अटूट : सुखबीर

## बोले-विपक्ष फैला रहा दोनों पार्टियों में दरार की अफवाहें

लुधियाना/होशियारपुर, 16 अक्तूबर (निस)


मुकेरियां में बुधवार को शिरोमणि अकाली दल अध्यक्ष सुखबीर बादल भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में रैली को संबोधित करते हुए। -मलकीत सिंह

शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल ने कहा है कि अकाली-भाजपा गठबंधन देश व पंजाब के हित में है तथा पंजाब में दोनों पार्टियां स्थायी सहयोगी हैं। फगवाड़ा तथा मुकरियां में भाजपा उम्मीदवारों राजेश बाघा तथा जंगी लाल महाजन के समर्थन में आज रैलियों को संबोधित करते हुए अकाली दल के प्रधान ने कहा कि अकाली-भाजपा गठबंधन पंजाब में शांति तथा साम्प्रदायिक सौहार्द का प्रतीक है।

फगवाड़ा में भाजपा प्रत्याशी राजेश बग्गा के समर्थन में आयोजित एक चुनाव सभा सुखबीर बादल ने कहा कि कुछ पार्टियां व नेता उपचुनावों में राजनीतिक लाभ लेने के लिए अकाली दल तथा भाजपा में दरार की अफवाहें फैला रहे हैं, लेकिन वे इसमें सफल नही होंगे। उन्होने कहा कि गठबंधन आने वाले समय में भी ऐसे ही कायम रहेगा।

बादल ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने सिखों के लंबे समय से लटके मुद्दों का समाधान किया है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार द्वारा की गई ठोस कार्रवाई के कारण ही 1984 सिख कत्लेआम के केस दोबारा खुले थे तथा एसआईटी द्वारा उनकी दोबारा जांच की गई थी, जिसके कारण कत्लेआम के दोषी सज्जन कुमार को जेल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि जगदीश टाइटलर तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ का भी शीघ्र ही यही हाल होगा।

सुखबीर बादल ने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब सिख पंथ की सर्वोच्च संस्था है तथा अकाली दल इसके सभी आदेशों का पाबंद है। उन्होंने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि प्रकाशोत्सव को लेकर अकाल तख्त के जत्थेदार हरप्रीत सिंह द्वारा सबको राजनीति से परहेज करने के आग्रह के बाद भी कांग्रेस पार्टी राजनीति कर रही है। उन्होंने कहा कि श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार से मिले मंत्री कुछ और कहते हैं तथा मुख्यमंत्री उसके विपरीत बोल रहे हैं।

### बकाया भुगतान जल्द करवाने की मांग

# भड़के बागवान, चक्का जाम कर किया प्रदर्शन

शिमला, 16 अक्तूबर (निस)


शिमला के नारकंडा में बुधवार को ठियोग के विधायक राकेश सिंघा सेब उत्पादकों की ओर से हिमाचल किसान संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित चक्का जाम में भाग लेते हुए। -दैनिक ट्रिब्यून

हिमाचल किसान सभा के नेतृत्व में बागवानों ने आढ़तियों द्वारा बकाया भुगतान न करने, विभिन्न मंडियों में आढ़तियों द्वारा की जा रही गैर कानूनी काट तथा एपीएमसी की लचर प्रणाली को लेकर हल्ला बोला। शिमला जिले के नारकंडा में सैकड़ों बागवानों ने आज चक्का जाम कर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि बागवानों के पिछले वर्ष व इस वर्ष के आढ़तियों ने जो बकाया भुगतान करना है, उसे तुरंत करवाया जाए। साथ ही बागवानों से गैर कानूनी रूप से की गई काट को तुरंत लौटाया जाए।

हिमाचल किसान सभा के प्रदेश सचिव राकेश सिंघा और जिला सचिव देवकी नंद ने कहा कि पिछले कई वर्ष से प्रदेश की विभिन्न मंडियों में आढ़तियों व अन्य कारोबारियों के द्वारा किसानों व बागवानों के उत्पाद खरीदने के पश्चात उनकी बेची गई फसल का भुगतान समय पर नहीं किया जाता है। कई आढ़तियों ने तो वर्षों से बागवानों से खरीदे सेब का करोड़ों रुपए का भुगतान नहीं किया है। एपीएमसी का जिम्मा है कि एपीएमसी अधिनियम, 2005 के प्रावधानों को इन मंडियों में सख्ती से लागू करे। आज भी बड़ी संख्या में आढ़ती बिना लाइसेंस के गैर कानूनी तरीके से कारोबार कर रहें हैं लेकिन एपीएमसी इन पर कोई कार्रवाई करने से कतराती है। किसान सभा ने मांग की कि सरकार किसानों व बागवानों के बकाए का जल्द भुगतान करवाए, दोषी आढ़तियों व कारोबारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई अमल में लाकर किसानों व बागवानों का भुगतान सुनिश्चित करे तथा किसानों व बागवानों से मंडियों में गैर कानूनी रूप से की गई कटौती को जल्द वापस दिलवाए।

## विशाल जागरण 19 को अमरावती में

बीबीएन, 16 अक्तूबर (निस)

पूर्वांचल बाबा चौबे विद्या वैदिक जन मानव कल्याण सेवा समिति का छठा विशाल भगवती जागरण 19 अक्तूबर शनिवार को अमरावती कालोनी में करवाया जा रहा है। उपाध्यक्ष पिंटु सिंह ने बताया कि छठा विशाल भगवती जागरण शनिवार रात्रि को धूमधाम से मनाया जा रहा है। जिसमें भोजपुरी कलाकार सांय 5 बजे से सुबह पांच बजे तक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। भोजपुरी कलाकारों में प्रमुख तौर पर बनारस के सुजीत चौहान, गायक हिन्दी व भोजपुरी बलवन्त सिंह, भोजपुरी स्टार शालिनी दूबे, भोजपुरी हास्य कलाकार शभू बाबा तथा सरेगामा की यूजिशियन टीम पुरबईया बिग गंगा श्रोताओं का मनोरंजन करेंगे। वहां भुवन सिंह, विकास झा, सरवन ठाकुर, अजय चौबे, जगरनाथ साह, कृशण नन्द राय, पवन सिंह आदि मौजूद थे।

### यौन उत्पीड़न का मामला

# पूर्व कुलपति प्रो. ग्रोवर के खिलाफ दायर याचिका खारिज

चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

पंजाब विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.अरुण कुमार ग्रोवर के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाली महिला प्रोफेसर की याचिका को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया। हालांकि कोर्ट ने याची महिला को चांसलर द्वारा गठित की गयी इंटरनल कंपलेंट कमेटी (आईसीसी) के पास जाने की छूट दे दी और कहा है कि कसी भी तरह का विवाद या आपत्ति या कोई शिकायत हो तो उसे बतायें ताकि आईसीसी अपनी फाइनल रिपोर्ट से पहले इसे देख लें।

**क्या था मामला**

अप्रैल 2015 में प्रो. अरुण ग्रोवर को बतौर कुलपति जब दूसरी टर्म मिली तो उक्त महिला प्रोफेसर उन्हें बधाई देने गयी थीं, जिस पर कुलपति ने बधाई के जवाब में जो कहा, महिला ने उसे यौन उत्पीड़न के तौर पर पेश कर शिकायत कर दी थी। इसे लेकर कई बार कमेटियां बनीं, मगर कोई हल नहीं निकलता देख महिला प्रोफेसर ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

कोर्ट ने यह अवश्य कहा कि पटीशनर ने जो भी आपत्तियां उठायीं, उन्हें केवल चलताऊ ढंग से लिया गया और उनकी मेरिट के आधार पर कोई राय बनाने में उनका अर्थ नहीं निकाला गया। चांसलर ने हरियाणा की तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य सचिव नवराज संधू की अध्यक्षता में आईसीसी का गठन किया था, जिसमें ज्योति अरोड़ा, सीनियर मोस्ट प्रोफेसर मीनाक्षी मल्होत्रा, पीयू कैश की चेयरपर्सन प्रो. मनविंदर कौर, अनिता कौशल, पैम राजपूत, देवी सिरोही, जस्टिस हरबंस लाल और गुरजोत मल्ही भी शामिल थे।

## पूर्व सैनिक के खाते से निकाले 40 हजार

अंबाला शहर, 16 अक्तूबर (हप्र)

एसबीआई में पूर्व सैनिक के खाते से धोखाधड़ी करके 40 हजार रुपये निकालने का मामला सामने आने पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। ठगी का शिकार बने शहर के कैथ माजरी निवासी पूर्व सैनिक सुंदर लाल ने पुलिस को बताया कि उसने अपने चचेरे भाई के माध्यम से 10 जुलाई को एटीएम से 10 हजार रुपए निकलवाए थे। बाद में 26 जुलाई को जब सुंदर लाल बैंक में पासबुक में एंट्री करवाने गया तो वहां उसे पता चला कि उसके खाते से 40 हजार रुपए किसी कुलभूषण नाम के व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हुए हैं। इस सबंध में बैंक द्वारा कोर्ई ठोस कार्रवाई नहीं की गई तथा न ही पीड़ित को सीसीटीवी फुटेज मुहैया करवाई गई।

### सरकार दिन-रात बहा रही पसीना, कांग्रेस ने भी झोंकी ताकत

# पच्छाद में बागी दयाल प्यारी ने मुकाबले को बनाया तिकोना

कमलजीत चौहान/निस
सोलन, 16 अक्तूबर

हिमाचल प्रदेश की पच्छाद विधानसभा सीट के उपचुनाव लिए के मतदान की तारीख नज़दीक आते ही भाजपा की बागी उम्मीदवार दयाल प्यारी ने सत्तारूढ़ दल की धड़कनें बढ़ा दी हैं। आज़ाद दयाल प्यारी के समर्थकों ने प्रचार में दिन-रात एक कर सरकार की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आलम यह है प्रदेश सरकार के आधा दर्जन मंत्री क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए दिन रात पसीना बहा रहे हैं। दयाल प्यारी के मैदान में उतरने और जोरशोर से प्रचार करने के कारण इस सीट पर मुकाबला अब तिकोना बन चुका है।

कांग्रेस भी बीजेपी की इस बगावत का फायदा उठाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। यही वजह है कि मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के साथ-साथ पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल सहित कई बीजेपी दिग्गज हलके का दौरा कर चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के पुत्र विक्रमादित्य सिंह भी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप राठौर के साथ हलके में डटे हुये हैं। पच्छाद उपचुनाव में सोलन में साल 2000 में हुए उपचुनाव जैसी स्थिति बन गई है। जब भी प्रदेश में भाजपा की सरकार थी। सोलन उपचुनाव में तब भी भाजपा को बगावत का सामना करना पड़ा था। उस समय धूमल व शांता गुट में बंटी भाजपा को बागी नेता लेसु भाई ने दूसरे स्थान पर रह कर चुनाव में लोहे के चने चबाने पर मज़बूर कर दिया था। तब कांग्रेस तीसरे नंबर पर रही थी और मौजूदा विधानसभ अध्यक्ष राजीव बिंदल भाजपा टिकट पर मामूली अंतर से जीतकर पहली बार विधानसभा पहुंचे थे। उस समय मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने सोलन में घर घर जाकर वोट मांगे थे। वही हालात इस बार पच्छाद में बने हैं। पच्छाद में भी टिकट के लिए भाजपा में खूब जंग छिड़ी रही। भाजपा की बागी दयाल प्यारी अपने हलके में काफी लोकप्रिय रही हैं और भाजपा कार्यकर्ता के रूप में अपनी व्यक्तिगत छवि के बूते जिला परिषद की चेयरपर्सन भी रहीं। वह लोकल बॉडी चुनाव में तीन बार अलग-अलग हलकों से जीत दर्ज कर चुकी हैं। ऐसे में दोनों पार्टी उम्मीदवारों के लिए आज़ाद दयाल प्यारी ने काफी परेशानी खड़ी कर दी है। यही वजह है कि सरकार के साथ-साथ विपक्षी कांग्रेस भी प्रचार में पूरी ताकत झोंक रखी है।

## खबर है...

### तरनतारन धमाके के आरोपी 23 तक रिमांड पर

**मोहाली (निस) :** तरनतारन क्षेत्र में बंम धमाके में दो युवकों की मौत व एक के घायल होने के मामले में आरोपियों मंदीप सिंह उर्फ मस्सा, अमृतपाल सिंह, चांददीप सिंह व अमृतपाल सिंह को आज एनआईए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों को २३ अक्तूबर तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। एनआईए ने अदालत में रिमांड लेते समय यह तर्क रखा कि उक्त आरोपियों की सिख फॉर जस्टिस आर्गेनाइजेशन मदद कर रही है। पंजाब में आतंकवाद को वापस लाने के लिए ऐसा किया जा रहा है। ब्लॉस्ट के दौरान घायल हुए मलकीत सिंह को भी आज कोर्ट में पेश किया जाना था परंतु अस्पताल में भर्ती होने के चलते उसे आज पेश नहीं किया गया।

### बिजनेस में घाटे, कर्ज से परेशान दंपति ने की खुदकशी

**अमृतसर (ट्रिन्यू) :** स्थानीय मजीठा रोड स्थित फेयरलैंड कालोनी निवासी एक दंपति ने कारोबार में घाटे तथा मकान के कर्ज के कारण मानसिक परेशानी के चलते आत्महत्या कर ली। मृतकों की पहचान सुनील कुमार (50) तथा उसकी पत्नी मोनिका (44) के रूप में हुई है। घटना का पता उस समय चला जब सुनील के बेटे ने आज सुबह उनके कमरे का दरवाजा खटखटाया लेकिन अंदर से कोई जवाब न आने पर उसने तुरंत अपनी दादी को बुलाया और दरवाजा खोलकर दोनों को मृत पाया। पत्नी का शव बिस्तर पर पड़ा था जबकि पति का शव पंखे से लटका हुआ था। दंपति ने आत्महत्या से पूर्व इस कदम के लिए जिम्मेवार तीन लोगों के नाम कमरे की दीवार पर लिखे हुए थे। इसके आधार पर पुलिस ने तीन लोगों गुरविंदर सिंह, नवनीत सिंह तथा थॉमस को नामजद कर लिया है। इनमें से गुरविंदर पुलिस कर्मचारी है जबकि बाकी दोनों सुनील की दुकान पर काम करने वाले कर्मचारी हैं।

### राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय 18 को मेले का करेंगे शुभारंभ

**बीबीएन (निस) :** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय सोलन जिला के नालागढ़ में 18 अक्तूबर, २०19 को जिला स्तरीय रेडक्रास मेले का शुभारंभ करेंगे। यह जानकारी उपायुक्त सोलन केसी चमन ने जिला स्तरीय रेडक्रास मेले की तैयारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आज नालागढ़ में दी। उन्होंने कहा कि राज्यपाल सुबह दस बजे राजकीय महाविद्यालय नालागढ़ के खेल मैदान से नशा मुक्ति रैली को हरी झंडी दिखाकर मेले का शुभारंभ करेंगे। उपायुक्त ने कहा कि मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक बद्दी रोहित मालपानी करेंगे। द्वितीय सांस्कृतिक संध्या में मंडलायक्त शिमला राजीव शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मेले के समापन समारोह में दून विधानसभा क्षेत्र के विधायक परमजीत सिंह पम्मी मुख्य अतिथि होंगे।

### सीएम जयराम ठाकुर 22 को आयेंगे बीबीएन दौरे पर

**बीबीएन (निस) :** सीएम जयराम ठाकुर के नालागढ़ उपमंडल में आगामी २२ अक्तूबर को संभावित कार्यक्रम के दृष्टिगत नालागढ़ में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता एसडीएम नालागढ़ प्रशांत देष्टा ने की। उन्होंने बताया कि बीबीएनआईए आगामी २२ अक्तूबर को अपनी स्थापना के २5 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बद्दी में रजत जयंती समारोह आयोजित करने जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश जयराम ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

### डिफेंस पर कार्यशाला 20 को

**बीबीएन (निस) :** डीडी ट्रस्ट कायल सप्पड तथा ड्रिम शेर्पस अकेडमी अमरावती मिलकर सेना में भर्ती के अवसर, प्रक्रिया व संभावनाएं एक विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बददी में करवाने जा रही है जिसमें मुख्य वक्ता मेजर जनरल रिटायर डाक्टर पीएन वर्मा 11वीं तथा 1२वीं के विद्यार्थीयों को सेना में भर्ती होने के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। डीडी ट्रस्ट के अध्यक्ष बीआर वर्मा ने बताया कि आने वाली २0 अक्तूबर को ड्रीम शेपर्स अकेडमी अमरावती कै पस में सेना में भर्ती होने वाले बच्चों को नि:शुल्क जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी।जिसमें बीबीएन के सभी स्कूलों को निमंत्रण भेजा गया है।

### गुरु नानक देव का 550वां प्रकाश पर्व

# एक नवंबर से चलेंगी 300 मिनी बसें और 800 ई-रिक्शा

कपूरथला, 16 अक्तूबर (निस)

गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के सिलसिले में सुल्तानपुर लोधी आने वाली संगत को हर तरह की विशेष जानकारी मिलेगी। प्रकाश पर्व समागमों के दौरान सुल्तानपुर लोधी में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए पंजाब सरकार की तरफ से पहली नवंबर से 300 मिनी बसें और 800 ई-रिक्शा चलाए जाएंगे, जो संगत को पार्किंग से गुरुद्वारा श्री बेर साहिब लेकर जाएंगे। विधायक नवतेज सिंह चीमा, डीसी डीपीएस खरबंदा और एसएसपी सतिंदर सिंह ने पार्षदों के साथ बैठक में बताया कि जिला प्रशासन की यह कोशिश होगी कि संगत और शहरवासियों पर कम से कम रोक लगाई जाए।

**मुख्यमंत्री 23 को करेंगे 400 करोड़ के प्रोजेक्ट का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के प्रमुख सचिव सुरेश कुमार ने डीजीपी दिनकर गुप्ता और विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिवों के साथ 550वें प्रकाशोत्सव की तैयारियों का जायजा लिया। मीटिंग के बाद उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सुल्तानपुर लोधी में 400 करोड़ रुपए की लागत से चल रहे विकास प्रोजेक्ट 23 अक्तूबर को लोगों को समर्पित करेंगे। इसी दिन सुल्तानपुर लोधी से डेरा बाबा नानक बाया सुभानपुर-ब्यास-बटाला सड़क का नामकरण 'गुरु नानक मार्ग' किया जाएगा। मीटिंग में प्रमुख सचिव विकास प्रताप, सतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के विशेष प्रमुख सचिव गुरकिरत कृपाल सिंह, एडीजीपी ईश्वर सिंह, कमिश्नर जालंधर डिवीजन बी पुरुषार्थ, आईजी नौनिहाल सिंह, जसकरण सिंह, डीसी डीपीएस खरबंदा, एसएसपी सतिंद्र सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि पहली नवंबर से पवित्र नगरी में आने वाले सभी वाहनों को पार्किंग स्थानों से आगे जाने की अनुमति नहीं होगी और श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा श्री बेर साहिब के नजदीक स्थित पार्किंग में लाने-ले जाने के लिए 300 मिनी बसें लगाई जाएंगी, जहां से वे पैदल गुरुद्वारा साहिब के दर्शनों के लिए जाएंगे। बुजुर्ग या बीमार श्रद्धालुओं को गुरुद्वारा साहिब तक ई-रिक्शा की सुविधा मुहैया करवाई जाएगी। यह सुविधा बिल्कुल निशुल्क होगी।

पार्षदों के एक सवाल पर डीसी डीपीएस खरबंदा ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए शहरवासियों को विशेष पास भी जारी किए जाएंगे। डीसी ने अपील की कि 20 अक्तूबर के बाद शहर में किसी भी तरह का निर्माण कार्य न किया जाये। सुल्तानपुर लोधी को 15 सेक्टरों में बांटा गया है। विभाग के चार ज्वाइंट डिप्टी डायरेक्टर को नोडल अफसर नियुक्त किया गया है। हर सेक्टर के लिए कार्यकारी अधिकारी को सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**नियमानुसार ही दिये टेंडर**

एसजीपीसी ने एक लिखित बयान के जरिए स्पष्ट किया है कि श्री गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व के संबंध में सुल्तानपुर लोधी में लगाए जाने वाले पंडाल और अन्य सेवाओं के लिए दिया गया टेंडर बिल्कुल नियमों के अनुसार है। इसके लिए बाकायदा अखबारों में इश्तिहार देने के बाद ही प्रक्रिया मुकम्मल की गई है। एसजीपीसी ने पंजाब सरकार के विधायकों की तरफ से टेंडर के संबंध में उठाए गए सवालों को राजनीति से प्रेरित और गुमराह करने वाला बताया है।

### जागरूकता रैलियां निकाल करवायेंगे किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों से अवगत

# अब नौनिहाल जगायेंगे पर्यावरण संरक्षण की अलख

रवि पाठक/निस
कपूरथला, 16 अक्तूबर


पटियाला में सनौर के निकट बुधवार को खेतों में पराली को लगी आग से उठता धुआं। -राजेश सच्चर

पंजाब में धान के अवशेष जलाने के खिलाफ शुरू की गई मुहिम में अब राज्य के स्कूली बच्चे भी अपना योगदान देंगे। ग्रामीण क्षेत्र में सभी प्राइमरी, मिडल, हाई और सीनियर सेकंडरी स्कूलों के विद्यार्थी 18 अक्तूबर को अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में प्रातः 9 से 10 बजे तक जागरूकता रैलियों के जरिये किसानों को पराली जलाने के दुष्प्रभावों से अवगत करायेंगे। कृषि विभाग के सचिव काहन सिंह पन्नू ने बताया कि पराली न जलाने की मुहिम को पूर्णतः सफल बनाने के लिए जागरूकता अहम हथियार है जिसके लिए स्कूली बच्चे सबसे कारगर साबित हो सकते हैं। कृषि विभाग ने राज्य के स्कूल शिक्षा सचिव, सभी उपायुक्तों को पत्र लिखकर 18 अक्तूबर को निकाली जाने वाली रैलियों में छात्रों को शामिल करने का आग्रह किया है। वे किसानों को जागरूक करेंगे कि किस तरह पराली न जला कर भूजल को बचाने, उत्पादन बढ़ाने और सबसे अहम हमारे वातावरण को कैसे बचाया जा सकता है।

सरकार ने उपायुक्तों और स्कूल शिक्षा विभाग के जरिए पराली न जलाने के स्लोगन भी स्कूलों को मुहैया करवाए हैं। पराली जलाने से होने वाले धरती के खाद्य तत्वों के नुकसान और वातावरण में फैलती हानिकारक गैसों के बारे में भी जानकारी मुहैया करवाई गई है।

**किसानों को सब्सिडी पर मशीनें**

पन्नू ने बताया कि धान की पराली को आग लगाने से रोकने के लिए बड़ा अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में किसानों को सब्सिडी पर मशीनें मुहैया करवाने के साथ-साथ उनको पराली जलाने से वातावरण पर पड़ रहे बुरे प्रभावों के बारे में भी अवगत करवाया जा रहा है। पंजाब में बहुत किसान ऐसे हैं जो पराली को आग लगाए बिना ही खेतों को जोत कर गेहूं की बिजाई या सब्जियों की खेती कर बढ़िया उत्पादन प्राप्त करते हैं।

# राणा सोढी को अमरेंद्र के काफिले की गाड़ी में बैठने से रोका

लंबी, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए लंबी क्षेत्र के गांव मोहलां से मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह के रवाना होने के मौके पर आज उस समय आश्चर्यजनक स्थिति पैदा हो गई जब पंजाब के खेल मंत्री राणा गुरमीत सिंह सोढी को मुख्यमंत्री के काफिले की सरकारी गाड़ी में बैठने से रोक दिया गया। इतना ही नहीं उनकी गाड़ी को भी काफिले में शामिल नहीं होने दिया गया। मुख्यमंत्री के सुरक्षा सलाहकार खूबी राम इस मौके पर खेल मंत्री सोढी के रास्ते में रोड़ा बन गये और काफिले की गाड़ी नंबर-1 में बैठने की काफी कोशिश के बावजूद उनकी एक नहीं चली। प्रदेश की ताकतवर राजनीतिक हस्तियों में शामिल तथा मुख्यमंत्री के करीबी माने जाने वाले राणा सोढी इस दौरान सड़क पर सार्वजनिक तौर पर बेबस नजर आये। सारी घटना काफिले की गाड़ी नंबर-2 में बैठे मुख्यमंत्री के सामने हुई लेकिन इस मामले पर उनकी तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

### ड्रोन से हथियार गिराने का मामला

# खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के चारों आरोपी 7 तक न्यायिक हिरासत में


मोहाली में बुधवार को पुलिस ड्रोन हथियार मामले के आरोपियों को पेशी के बाद कोर्ट से बाहर लेकर आते हुए। -दैनिक ट्रिब्यून

मोहाली, 16 अक्तूबर (निस)

पाकिस्तान सीमा से सटे खेमकरण क्षेत्र में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा ड्रोन से हथियार गिराए जाने के मामले में नामजद खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के 4 आतंकियों को बुधवार को रिमांड खत्म होने पर दोबारा एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने आरोपियों आकाश दीप, बलवंत सिंह, मान सिंह, शुभदीप सिंह को 7 नवंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

बता दें कि पिछली सुनवाई पर इन आरोपियों को 16 अक्तूबर तक रिमांड पर भेज दिया गया था और बाकी आतंकियों बलवीर सिंह, हरभजन सिंह, गुरूदेव सिंह, सज्जनप्रीत, रोमनदीप को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। मान सिंह के वकील ने आज सुनवाई के दौरान कहा कि पूरा मामला झूठा व बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि जब ड्रोन आया तो बॉर्डर पर लगे बीएसएफ फ़ोर्स को इसका पता क्यों नहीं चला जबकि मामले में नामजद मान सिंह को ढाई साल जेल काटते हो गए हैं, वह कैसे इस मामले से जुड़ सकता है। ड्रोन के जरिए मंगवाई गई हथियारों की खेप के मामले में स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल (एसएसओसी) ने 22 सितंबर को अमृतसर थाने में खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स के 9 लोगों को नामजद करते हुए गिरफ्तार किया था।

## खबर है...

### सोहनलाल अखाड़े में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन



पानीपत के सोहनलाल अखाड़े में पहलवानों का हाथ मिलवाकर कुश्ती का शुभारंभ करवाते जयपाल सिंह निंबरी। -एस

**पानीपत (एस) :** पानीपत में नहर बाईपास पर विशाल कुश्ती दंगल का शुभारंभ बुधवार को पानीपत आयरन एंड स्टील एसोसिएशन के प्रधान एवं समाजसेवी जयपाल सिंह निंबरी ने किया। दंगल का आयोजन हिन्द केसरी रहे सोहन पहलवान द्वारा किया जा रहा है जिसमें पहला ईनाम 81 हजार, दूसरा 51 हजार व तीसरा ईनाम 21 हजार रूपये रखा गया है। जयपाल सिंह ने कहा कि सोहनलाल पहलवान द्वारा यहां पर अपने अखाड़े में इस तरह से बड़े स्तर पर दंगल करवाने से क्षेत्र के पहलवानों को आगे बढने का मौका मिलता है। बलवान शर्मा, मोहित, भीम पहलवान, बिट्टू घनघस, काला चमराड़ा, जयबीर चंदौली, जोगिंदर ढांडा, बलराज घनघस, खुशदिल कादियान सिवाह, सज्जन सिंह, नवीब, करतार आदि मौजूद रहे।

## सुडोकू

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 | 2 | | | | |
| | | 4 | | | 6 | | 5 | |
| | | 7 | | | | | 3 | 4 |
| | | | 3 | 9 | | 2 | | |
| 9 | | | 4 | | 5 | | | 3 |
| | | 5 | | 1 | 7 | | | |
| 4 | 6 | | | | | 5 | | |
| | 1 | | 6 | | | 9 | | |
| | | | | 4 | 2 | | | |

### पिछले कल का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 9 | 2 | 6 |
| 6 | 2 | 9 | 7 | 5 | 4 | 3 | 8 | 1 |
| 3 | 5 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 4 | 1 | 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 5 | 3 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 |
| 7 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 9 | 3 |

## आज का दिन

-सत्यव्रत बैंजवाल



बृहस्पतिवार, 17 अक्तूबर, परिधावी नामक विक्रमी संवत् 2076, कार्तिक कृष्ण पक्ष 3 तिथि ( सुबह 6.49 तक), कृतिका नक्षत्र (सायं 3.52 तक), व्यतिपात योग (रात 4.14 तक), कार्तिक 1 प्रविष्टे।

**व्रत-पर्व :** कार्तिक संक्रांति (45 मुहूर्ति), (पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 7.26 तक), श्री गणेश चतुर्थी व्रत, आकाश दीपदान प्रारंभ, भद्रा (सुबह 6.49 तक), व्रत करवा चौथ (करक-चतुर्थी) नक्कटैया चेतगंज (वाराणसी), ललिता चतुर्थी, दशरथ चतुर्थी (बंगाल)।

**दिशाशूल :** दक्षिण दिशा की यात्रा पर दही खाकर जाएं।

**राहुकाल :** दोपहर 1.30 से 3.00 तक।

| | जम्मू | दिल्ली | चंडीगढ़ |
|---|---|---|---|
| सूर्योदय | 6.39 | 6.27 | 6.30 |
| सूर्यास्त | 5.52 | 5.45 | 5.45 |

### करवा चौथ चंद्रोदय (रात)

| | | | |
|---|---|---|---|
| चंडीगढ़ - 8.16 | कुरुक्षेत्र - 8.18 | दिल्ली - 8.19 | पिहोवा - 8.20 |
| अमृतसर - 8.23 | कालका - 8.16 | देहरादून - 8.13 | फगवाड़ा - 8.20 |
| अंबाला - 8.18 | गुरदासपुर - 8.20 | नाहन - 8.16 | फरीदाबाद - 8.19 |
| कपूरथला - 8.22 | गुरुग्राम - 8.20 | पठानकोट - 8.19 | बठिंडा - 8.26 |
| करनाल - 8.18 | जम्मू - 8.21 | पटियाला - 8.20 | यमुनानगर - 8.16 |
| कांगड़ा - 8.17 | जालंधर - 8.21 | पंचकूला - 8.17 | रोहतक - 8.21 |
| कैथल - 8.21 | जीन्द - 8.22 | पानीपत - 8.19 | |

## सितारों के इशारे

-मदन गुप्ता सपाटू

### आज 17 अक्तूबर को जन्मदिन है तो कैसा रहेगा साल



यदि आपका जन्मदिन महिलाओं के खास उत्सव करवा चौथ के दिन पड़ता है तो मार्च के बाद आपके नये आइडिया अच्छे परिणाम दे सकते हैं। पदोन्नति हो सकती है या आय बढ़ सकती है। आपकी सम्प्रेषणीयता करिअर को आगे बढ़ाने में काफी मददगार साबित होगी। विदेश यात्रा भी संभव। जो आईटी सेक्टर में हैं उनकी आकांक्षाओं को नये पंख लग सकते हैं। हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और मानसिक शांति बनी रहेगी। बाधाएं दूर होंगी। कारोबार में लाभ होगा। कई स्रोतों से पैसा आयेगा। समाजकि रुतबा बढ़ेगा और आध्यात्मिक कामों में वक्त बीतेगा। शनि आपको शिष्ट, यथार्थवादी, सत्यवादी, अनुशासित और रचनाशील बनायेगा। अगर आप पत्रकार, डॉक्टर या मार्केटिंग प्रोफेशनल हैं तो ये साल आपको बहुत कुछ दिलायेगा। शादी के योग्य हैं तो, अगले साल इसका योग है।

**शुभ रंग :** गहरा नीला

**शुभ दिन :** शनिवार, बुधवार, शुक्रवार

**शुभ अंक :** 4, 5, 68

**शुभ रत्न :** नीलम, स्फटिक, फिरोजा

जन्मदिन पर जरुरतमंदों को धार्मिक स्थल के पास पीले लड्डू, बेसन, केले पपीता और कोई भी पीली वस्तु दान करें।

## राशिफल

**मेष** 21 मार्च से 20 अप्रैल — धर्म में रूचि हो सकती है। गुरूजनों से विवाद न करें। रिश्तेदारों की सेहत पर ध्यान दें।

**वृष** 21 अप्रैल से 21 मई — धन मिल सकता है। विवाह प्रस्ताव पर निर्णय ले सकते हैं। अनुबंध मिल सकता है।

**मिथुन** 22 मई से 21 जून — प्रतिष्ठा में कमी हो सकती है। खेल में रूचि हो सकती है। व्यापार में कम लाभ हो सकता है।

**कर्क** 22 जून से 22 जुलाई — खेल में रुचि हो सकती है। अनुबंध मिल सकता है। निवेश कर सकते हैं।

**सिंह** 23 जुलाई से 22 अगस्त — व्यापार में लाभ संभव है। बच्चों की उपलब्धियों से प्रसन्न होंगे। पदोन्नति संभव है।

**कन्या** 23 अगस्त से 22 सितंबर — आय-प्रतिष्ठा में कमी संभव है। सकारात्मक रहें। पदोन्नति संबंधी विवाद से बचें।

**तुला** 23 सितंबर से 23 अक्तूबर — कानूनी विवाद से तनाव हो सकता है। उच्चशिक्षा में विवाद न करें। कृषि में कम लाभ संभव है।

**वृश्चिक** 24 अक्तूबर से 22 नवंबर — विदेश यात्रा लाभदायक हो सकती है। लोन-अनुबंध मिल सकता है। निवेश कर सकते हैं।

**धनु** 23 नवंबर से 21 दिसंबर — सामाजिक आयोजन में सराहना हो सकती है। खेल में रूचि संभव है।

**मकर** 22 दिसंबर से 20 जनवरी — जमीन विवाद में सावधान रहें। जीवनसाथी की सेहत पर ध्यान दें। धन की कमी महसूस करेंगे।

**कुंभ** 21 जनवरी से 18 फरवरी — आय में कमी हो सकती है। निवेश प्रस्ताव पर निर्णय न लें। वाहन विवाद से बचें।

**मीन** 19 फरवरी से 20 मार्च — लोन मिल सकता है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता संभव है। विवाह प्रस्ताव मिल सकता है।

पं. भानुप्रतापनारायण मिश्र

## माहौल के अनुरूप नहीं था भारत का प्रदर्शन : छेत्री

कोलकाता, 16 अक्तूबर (एजेंसी)



भारतीय कप्तान सुनील छेत्री ने बुधवार को कहा कि बांग्लादेश के खिलाफ ड्रा रहे फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में टीम का प्रदर्शन साल्ट लेक स्टेडियम के जबर्दस्त माहौल के सामने कुछ नहीं था। आखिरी मिनटों पर आदिल खान के गोल ने भारत को अपने से निचली रैंकिंग वाली टीम से हारने से बचाया।

भारत की जीत की आस लेकर आये दर्शकों को हालांकि इस प्रदर्शन से काफी निराशा हुई। छेत्री ने ट्वीट किया,'हम उस तरह का प्रदर्शन नहीं कर सके जैसा साल्ट लेक स्टेडियम पर माहौल था। ड्रेसिंग रूम में इसे लेकर काफी निराशा है।' उन्होंने कहा कि टीम मौकों का फायदा नहीं उठा सकी और डिफेंस का प्रदर्शन भी लचर था। उन्होंने कहा,'हमें कई मौके मिले लेकिन हम उन्हें भुना नहीं सके। हम प्रयास करते रहेंगे।' भारत के तीन मैचों में दो अंक है जबकि बांग्लादेश के इतने ही मैचों में एक अंक हैं।

# आस्ट्रेलिया को 5-1 से पछाड़ भारत जोहोर कप के फाइनल में पहुंचा

जोहोर बाहरू (मलेशिया), 16 अक्तूबर (एजेंसी)

भारत की जूनियर पुरुष हाकी टीम ने बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया को 5-1 से हराकर नौवें सुल्तान आफ जोहोर कप के फाइनल में जगह बनाई। भारत की ओर से शिलानंद लाकड़ा (26वें और 29वें मिनट) ने दो जबकि दिलप्रीत सिंह (44वें मिनट), गुरसाहिबजीत सिंह (48वें मिनट) और मनदीप मोर (50वें मिनट) ने एक-एक गोल दागा। भारत को आस्ट्रेलिया की गलती से पहले ही मिनट में गोल करने का मौका मिला लेकिन रोबर्ट मैकलिनान ने तेजी दिखाते हुए गुरसाहिबजीत को सही कोण हासिल नहीं करने दिया और फिर गेंद को बाहर कर दिया। इसके बाद पूरे क्वार्टर में अधिकांश समय मिडफील्ड में खेल देखने को मिला। आस्ट्रेलिया को आठवें मिनट में पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन टीम इसे गोल में नहीं बदल सकी। भारत ने दूसरे क्वार्टर में गोलकीपर प्रशांत चौहान को मैदान पर उतारा। आस्ट्रेलिया ने इस बीच अच्छा मूव बनाया और माइकल फ्रांसिस के शाट को सैम मैककुलो ने गोल की तरफ घुमाया लेकिन चौहान ने इस हमले को नाकाम कर दिया।



मलेशिया के जोहोर बाहरू में भारतीय जूनियर पुरुष हाकी टीम के खिलाड़ी दिलप्रीत सिंह नौवें सुल्तान आफ जोहोर बाहरू कप में आस्ट्रेलिया के खिलाफ गोल करने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते हुए। -प्रेट्र

भारत को दूसरे क्वार्टर में अपना पहला पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन गुरसाहिबजीत से गोल में तब्दील करने में नाकाम रहे। भारत ने इसके बाद लाकड़ा के गोल की बदौलत बढ़त बनाई। दिलप्रीत के शानदार पास से आस्ट्रेलिया डिफेंस छिटक गया जिसका फायदा उठाते हुए लाकड़ा ने गेंद को गोल में पहुंचा दिया। दूसरे क्वार्टर के अंत में चौहान ने आस्ट्रेलिया के एक और प्रयास को नाकाम किया। दिलप्रीत और लाकड़ा की जोड़ी ने इसके बाद एक बार फिर शानदार मूव बनाया और लाकड़ा ने एक और गोल दागते हुए भारत को मध्यांतर से पहले 2-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने दो गोल की बढ़त के बाद अंतिम दो क्वार्टर में दबाव बनाए रखा और तीन और गोल दागे। आस्ट्रेलिया ने भी इस दौरान एक गोल किया। भारत अपने अंतिम राउंड रोबिन मैच में शुक्रवार को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा।

## टी-10 से ओलंपिक का हिस्सा बन सकता है क्रिकेट : रसेल

अबु धाबी, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसेल ने बुधवार को कहा कि टी-10 प्रारूप से क्रिकेट को ओलंपिक का हिस्सा बनाने में मदद मिल सकती है। टी-20 क्रिकेट के बेहद कामयाब बल्लेबाज रसेल अबुधाबी टी-10 टूर्नामेंट में नादर्न वारियर्स का हिस्सा होगा। इस लीग का तीसरा सत्र 14 से 24 नवंबर तक खेला जायेगा। यह पूछने पर कि क्या टी-10 प्रारूप से क्रिकेट को ओलंपिक में जगह मिल सकती है, उन्होंने हां में जवाब दिया। रसेल ने कहा,'यह क्रिकेट को ओलंपिक खेल बनाने के लिये बहुत अच्छा होगा। मुझे पता है कि सभी खिलाड़ी ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना चाहेंगे।' उन्होंने कहा,'टी-10 प्रारूप टी-20 से भी छोटा है। बल्लेबाजों को इसमें बहुत कम समय मिलता है और आते ही हमला बोलना पड़ता है।'

रसेल ने कहा,'गेंदबाज और क्षेत्ररक्षकों को भी अच्छी रणनीति बनाकर अपने खेल का स्तर बेहतर करना होता है।' अबुधाबी टी10 के बारे में उन्होंने कहा कि उन्हें यकीन है कि इस बार सत्र पिछली बार से बेहतर होगा। उन्होंने कहा,'मुझे यकीन है कि यह सुपरहिट होगा। अबुधाबी से बेहतर मेजबान नहीं हो सकता। खिलाड़ी के तौर पर दौरा करने के लिये यह बहुत अच्छी जगह है।'

## साइना पहले ही दौर में हारी

ओडेन्से (डेनमार्क), 16 अक्तूबर (एजेंसी)



भारतीय शटलर साइना नेहवाल डेनमार्क ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में बुधवार को यहां पहले दौर में जापान की सयाका तकाहाशी से हार गयी। विश्व में आठवें नंबर की खिलाड़ी साइना महिला एकल में 37 मिनट तक चले मैच को 15-21, 21-23 से गंवा बैठी। लंदन ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता पिछली बार यहां उप विजेता रही थी। साइना जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स जीतने के बाद फिटनेस मामलों के कारण मुश्किल दौर से गुजर रही है। वह चीन ओपन और कोरिया ओपन के भी पहले दौर में हार गयी थी। समीर वर्मा हालांकि पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। उन्होंने जापान के केंटा सुनेयामा को 29 मिनट में 21-11, 21-11 से शिकस्त दी। प्रणव जेरी चोपड़ा और एन सिक्की रेड्डी की मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में पहुंच गयी है। उन्होंने जर्मनी के मार्विन सिडेल और लिंडा एफलर को 21-16, 21-11 से पराजित किया। मिश्रित युगल में ही हालांकि सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और अश्विनी पोनप्पा पहले दौर के मैच में कोर्ट पर उतरे जिससे वांग यी लियु और हुआंग डोंग पिंग की दूसरी वरीयता प्राप्त चीनी जोड़ी को वाकओवर मिल गया।

## यशस्वी 200 रन बनाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर बने

बेंगलुरू, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

मुंबई के यशस्वी जायसवाल ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम उम्र में दोहरा शतक जड़ने का रिकार्ड अपने नाम कर लिया। विजय हजारे सत्र में पदार्पण कर रहे 17 बरस के यशस्वी ने झारखंड के खिलाफ 154 गेंद में 203 रन बनाये जिसमें 12 छक्के और 17 चौके शामिल हैं। मुंबई ने 359 रन का स्कोर खड़ा किया। जायसवाल ने इससे पहले केरल के खिलाफ 113 और गोवा के खिलाफ 122 रन बनाये। लिस्ट ए में दोहरा शतक जमाने वाले वह नौवें भारतीय बल्लेबाज बन गए। पिछले सप्ताह संजू सैमसन ने गोवा के खिलाफ नाबाद 212 रन बनाये थे।

# नॉर्थ जोन महिला फुटबॉल चैंपियनशिप में डीपीएस यमुनानगर की टीम रनरअप

यमुनानगर,16 अक्तूबर (हप्र)

दिल्ली पब्लिक स्कूल में चार दिवसीय सीबीएसई नॉर्थ जोन फुटबॉल महिला चैंपियनशिप में दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर की फुटबॉल टीम ने द्वितीय स्थान (रनरअप) प्राप्त कर नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में अपना स्थान पक्का कर लिया है। चैंपियनशिप में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश तथा जम्मू एंड कश्मीर से 17 एवं 19 आयु वर्ग की लगभग 300 लड़कियों ने भाग लिया। विद्यालय के चेयरमैन रामनिवास गर्ग, निदेशक डॉ पीएस राणा एवं प्रधानाचार्य बी मुरली ने सभी गर्ल्स खिलाडियों व उनके कोच अमित राणा का स्वागत किया। विद्यालय के खेल निदेशक रजनीश कालिया ने इस चैंपियनशिप की सफलता का श्रेय विद्यालय के खेल अध्यापक प्रवीन कुमार को दिया।



यमुनानगर के दिल्ली पब्लिक स्कूल की फुटबॉल टीम सीबीएसई नार्थ जोन फुटबॉल चैंपियनशिप में रनरअप रही। -हप्र



बार्सिलोना के कप्तान लियोनेल मेस्सी ने यूरोपीय लीग में सर्वाधिक गोल करने के लिये छठी बार 'गोल्डन शू' हासिल किया। मेस्सी ने लगातार तीसरे साल यह पुरस्कार हासिल किया। उन्होंने इस साल 36 गोल किये जो उनके करीबी प्रतिद्वंद्वी पेरिस सेंट जर्मेन के कायलियान एमबापे से तीन गोल अधिक हैं। मेस्सी के बेटों थियागो और माटियो ने अपने पिता को ट्राफी सौंपी। -एजेंसी

## फीफा 20 वैश्विक सीरीज की आधिकारिक मैच गेंद लांच

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

खेल पोशाक बनाने वाली शीर्ष कंपनी एडिडास और इलेक्ट्रानिक आर्ट्स (ईए) ने ईए स्पोर्ट्स फीफा 20 वैश्विक सीरीज 'द रोड टू द फीफा ईविश्व कप' की आधिकारिक मैच गेंद लांच की। इस डिजिटल गेंद पर सफेद आधार पर गहरे लाल और काले रंग का 'क्रास डिजाइन' है। इसके अलावा इस पर एफ्यूटी चैंपियन्स शील्ड भी बनी है। आधिकारिक मैच गेंद पहली बार नवंबर में एफ्यूटी चैंपियन्स कप चरण एक के दौरान प्रतिस्पर्धी टूर्नामेंट में इस्तेमाल की जाएगी।

## हॉकी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय को दूसरा स्थान

कुरुक्षेत्र, 16 अक्तूबर (हप्र)

जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली में 4 से 11 अक्तूबर तक आयोजित नॉर्थ जोन अन्तर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की पुरूष टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया है। कुलपति डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा ने खेल-निदेशक डॉ. डीएस राणा, सहायक-खेल निदेशक राजेश सोबती तथा प्रशिक्षक शिव कुमार सैनी, साई हॉकी कोच ने भी टीम को बधाई दी है। खेल निदेशक डॉ. डीएस राणा ने बताया कि नॉर्थ जॉन प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की टीम ने शुभ भारती विश्वविद्यालय, मेरठ को 19-0, जीकेयू तलवंडी साबो को 3-2 से, पीएयू, लुधियाना को 6-0 से, पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ को 3-2 से, एमडीयू रोहतक को 7-2 से तथा एलपीयू, फगवाड़ा को 3-2 से हराकर प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## बेंगलुरु बुल्स को हराकर दबंग दिल्ली पीकेएल फाइनल में

अहमदाबाद, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

नवीन कुमार के शानदार प्रदर्शन से दबंग दिल्ली ने बुधवार को यहां गत चैंपियन बेंगलुरु बुल्स को 44-38 से हराकर पहली बार पेशेवर कबड्डी लीग के फाइनल में जगह बनाई। दिल्ली की टीम ने शानदार आलराउंड प्रदर्शन किया। टीम की ओर से नवीन ने 15 रेड अंक बनाए जबकि अनिल कुमार ने चार टैकल अंक जुटाए। दिल्ली की टीम ने अच्छी शुरुआत की और मध्यांतर तक 26-18 से आगे थी। दूसरे हाफ में बेंगलुरु की टीम ने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन हार से नहीं बच सकी। दबंग दिल्ली की टीम ने पहली बार पीकेएल फाइनल में जगह बनाई है।

# मैं भी आम इंसान, बस भावनाओं को काबू में रखता हूं : धोनी

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

महेंद्र सिंह धोनी भावनाओं को व्यक्त नहीं करते लेकिन इस करिश्माई पूर्व कप्तान ने कहा कि वह भी आम इंसान की तरह ही सोचते हैं लेकिन बस नकारात्मक विचारों पर नियंत्रण रखने के मामले में वह किसी अन्य की तुलना में बेहतर हैं। अपने शांतचित के कारण उन्हें भारतीय क्रिकेट में 'कैप्टन कूल' का तमगा मिला लेकिन दो बार विश्व चैंपियन टीम की अगुवाई करने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा कि हर जीत और हर हार के दौरान भावनाएं उन पर भी हावी रही हैं। धोनी ने बुधवार को यहां कहा, 'मैं भी आम इंसान हूं लेकिन मैं किसी अन्य व्यक्ति की तुलना में अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से काबू में रखता हूं।' जुलाई में विश्व कप सेमीफाइनल में भारत की हार के बाद धोनी के भविष्य को लेकर कयास लगाये जा रहे हैं। उन्होंने फिलहाल कुछ समय के लिये विश्राम लिया है। धोनी ने विपरीत परिस्थितियों से पार पाने के संबंध में कहा, 'हर किसी की तरह मुझे भी निराशा होती है। कई बार मुझे भी गुस्सा आता है। लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि इनमें से कोई भी भावना रचनात्मक नहीं है।' इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि समस्याओं का जाल बुनने के बजाय उनका समाधान ढूंढना उनके लिये कारगर साबित रहा है। उन्होंने कहा, 'इन भावनाओं की तुलना में अभी क्या करना चाहिए यह अधिक महत्वपूर्ण है। अगली क्या चीज है जिसकी मैं योजना बना सकता हूं? वह अगला व्यक्ति कौन है जिसका मैं उपयोग कर सकता हूं? एक बार जब मैं यह सोचने लगता हूं तो फिर मैं अपनी भावनाओं को बेहतर तरीके से काबू कर लेता हूं।' धोनी ने फिर से कहा कि अंतिम परिणाम से महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। अपनी कप्तानी के दौरान वह हमेशा इस बात पर जोर देते रहे थे। उन्होंने कहा, 'अगर वह टेस्ट मैच है तो आपके पास दो पारियां होती है और आपको अपनी अगली रणनीति तैयार करने के लिये थोड़ा अधिक समय मिलता है।



नयी दिल्ली में बुधवार को भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी 'टीम कैशलेस इंडिया' नाम से मास्टरकार्ड लांच के मौके पर मीडिया के बात करते हुए। -प्रेट्र

## तेंदुलकर ने आईसीसी के सुपरओवर नियम में बदलाव का स्वागत किया

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)



महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने विश्व कप जैसे टूर्नामेंटों में नाकआउट चरण में फैसला बाउंड्री की गिनती के आधार पर करने के नियम को खत्म करने के आईसीसी के फैसले का स्वागत किया है। आईसीसी ने सोमवार को सुपर ओवर के नियम में बदलाव करने का फैसला किया। जुलाई में विश्व कप फाइनल में इंग्लैंड को बाउंड्री की गिनती के आधार पर न्यूजीलैंड पर विजयी घोषित करने के फैसले का काफी विरोध हुआ था। दुबई में बोर्ड की बैठक के बाद आईसीसी ने फैसला किया कि भविष्य में वैश्विक टूर्नामेंटों में सुपर ओवर में भी मैच टाई रहने पर फैसला आने तक सुपर ओवर जारी रखेंगे। तेंदुलकर ने ट्वीट किया,'मुझे लगा कि यह अहम है क्योंकि एकदम कांटे की टक्कर होने पर नतीजे लाने का यही सही तरीका है।'

# गांगुली से पहले भारत मानसिक रूप से मजबूत नहीं था : अख्तर

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (एजेंसी)



पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने कहा है कि सौरव गांगुली के कप्तान बनने से पहले उन्हें कभी नहीं लगता था कि भारत पाकिस्तान को हरा सकता है और 'भारतीय क्रिकेट में बदलाव' का श्रेय उन्होंने बीसीसीआई के भावी अध्यक्ष को दिया। अख्तर ने कहा, 'मैंने मैदान पर और मैदान के बाहर सौरव गांगुली के साथ काफी समय बिताया। कोलकाता नाइटराइडर्स में वह मेरा कप्तान था। वह ऐसा व्यक्ति है जो भारतीय क्रिकेट में बदलाव लेकर आया। उसने भारतीय टीम की मानसिकता बदल दी। उसके कप्तान बनने से पहले, 1997 या 1998 में, मुझे कभी नहीं लगा कि भारत पाकिस्तान को हराने के लिए मानसिक रूप से मजबूत है।' इस पूर्व तेज गेंदबाज ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, 'उसमें प्रतिभा को पहचानने की क्षमता थी। वह हरभजन, सहवाग, जहीर और युवराज जैसे खिलाड़ियों को लाया। अंततः मैंने एक अलग भारत देखा। उनके पास ऐसी टीम थी जो पाकिस्तान को हरा सकती थी। उन्होंने 2004 में पाकिस्तान में पाकिस्तान के खिलाफ श्रृंखला जीती, यह बड़ी श्रृंखला थी।' गांगुली 2000 से 2005 तक भारतीय टीम के कप्तान रहे। महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली द्वारा पीछे छोड़े जाने तक वह भारत के सबसे सफल कप्तान रहे। अख्तर ने कहा, 'गांगुली शानदार नेतृत्वकर्ता हैं, प्रतिभा चुनने के मामले में वह ईमानदार व्यक्ति हैं। उनके पास क्रिकेट की शानदार समझ है। वह भारतीय टीम को फर्श से शीर्ष स्तर पर ले गए।' उन्होंने कहा, 'वह बीसीसीआई अध्यक्ष बनने वाला है, उम्मीद करता हूं कि वह विश्व क्रिकेट में अंतर पैदा कर पाएगा, टेस्ट क्रिकेट को बचाएगा और पूरे साल खेले जा रहे क्रिकेट को कम करेगा, विशेषकर टी-20।'

epaper.dainiktribuneonline.com

## भजन सम्राट की युगलबंदी



मुंबई में बुधवार को भजन गायक अनूप जलोटा और अभिनेत्री जसलीन मठारू हल्के फुल्के अंदज में। मौका था फिल्म 'वो मेरी स्टूडेंट है' के मुहूर्त का। -एएफपी

### मनमोहन-राजन के कार्यकाल पर निर्मला सीतारमण की टिप्पणी

# बैंकों के लिए था 'सबसे बुरा दौर'

न्यूयॉर्क, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की हालत के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन के दौर को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह और राजन का कार्यकाल सरकारी बैंकों के लिए 'सबसे बुरा दौर' था। सीतारमण ने मंगलवार को कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ इंटरनेशनल एंड पब्लिक अफेयर्स में एक व्याख्यान में कहा कि सभी सार्वजनिक बैंकों को 'नया जीवन' देना आज मेरा पहला कर्तव्य है। वित्त मंत्री ने कहा, 'मैं रघुराम राजन का एक महान विद्वान के रूप में सम्मान करती हूं। उन्हें उस समय केंद्रीय बैंक में लिया गया जब भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी के दौर में थी।' आरबीआई के पूर्व गवर्नर राजन की मोदी सरकार पर टिप्पणी को लेकर सीतारमण ने कहा कि राजन के दौर में ही बैंक लोन से जुड़ी काफी दिक्कतें थीं। राजन ने हाल ही में ब्राउन यूनिवर्सिटी में एक व्याख्यान में मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा था कि पहले कार्यकाल में नरेंद्र मोदी



सरकार ने अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। वित्त मंत्री ने कहा, 'रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में वह राजन का ही कार्यकाल था जब सांठगांठ करने वाले नेताओं के फोन भर से कर्ज दिया गया। इस मुश्किल से बाहर निकलने के लिए बैंक आज तक सरकारी पूंजी पर निर्भर हैं।' उन्होंने कहा, 'डॉक्टर सिंह प्रधानमंत्री थे और मुझे भरोसा है कि डॉक्टर राजन इस बात से सहमत होंगे कि सिंह भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर 'निरंतर स्पष्ट दृष्टिकोण' रखते थे।' सीतारमण ने कहा-मैं यहां किसी का मजाक नहीं बना रही हूं, लेकिन उनकी तरफ से आये बयान पर मैं प्रतिक्रिया देना चाहती थी।

### भारत में 1990 के बाद आधी रह गई गरीबी दर

**वाशिंगटन (एजेंसी) :** भारत में 1990 के बाद से गरीबी के मामले में स्थिति में काफी सुधार हुआ है और इस दौरान उसकी गरीबी दर आधी रह गई। भारत ने पिछले 15 साल में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है। विश्वबैंक ने मंगलवार को यह टिप्पणी की। विश्वबैंक ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ सालाना बैठक से पहले कहा कि भारत अत्यधिक गरीबी को दूर करने समेत पर्यावरण में बदलाव जैसे अहम मुद्दों पर वैश्विक वस्तुओं के प्रभावी अगुवा के तौर पर वैश्विक विकास प्रयासों की सफलता के लिये महत्वपूर्ण है। उसने कहा कि देश ने पिछले 15 साल में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि दर हासिल की है और 1990 के बाद गरीबी की दर को आधा कर लिया है। इसके साथ ही भारत ने अधिकांश मानव विकास सूचकांकों में भी प्रगति की है। विश्वबैंक ने कहा कि भारत की वृद्धि रफ्तार के जारी रहने तथा एक दशक में अति गरीबी को पूरी तरह समाप्त कर लेने का अनुमान है। इसके साथ ही देश की विकास यात्रा में कई चुनौतियां भी हैं। उसने कहा कि भारत को संसाधनों की कार्यक्षमता को बेहतर बनाना होगा। शहरी क्षेत्रों में सामुदायिक अर्थव्यवस्था के जरिये तथा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि उत्पादन बढ़ाकर जमीन का बेहतर इस्तेमाल करना होगा। उसने कहा, 'भारत की तेज आर्थिक वृद्धि को बुनियादी संरचना में 2030 तक अनुमानित तौर पर जीडीपी के 8.8 प्रतिशत के बराबर यानी 343 अरब डॉलर के निवेश की जरूरत होगी।'

**'बेहद दबाव में हैं बैंक कर्मी' :** 'वॉइस ऑफ बैंकिंग' के महासचिव अश्विनी राणा ने दावा किया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के कर्मचारी बेहद काम के दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शाखा प्रबंधक दबाव में रहते हैं कि वे थर्ड-पार्टी व्यवसाय को सुनिश्चित करें और ऋण लेने वाले ग्राहकों, गाँव की शाखाओं में किसानों को अपनी ऋण स्वीकृति और नवीनीकरण के लिए पॉलिसी या म्यूचुअल फंड लेने के लिए दबाव डालें। परिणामस्वरूप इस प्रकार के ऋण/अग्रिम एनपीए बन जाते हैं। दोष बैंक के नाम आता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक और वित्त मंत्रालय को बैंकों में इस क्रॉस सेलिंग और थर्ड-पार्टी उत्पाद व्यवसाय की बिक्री को रोक देना चाहिए ताकि बैंक अपना ध्यान कोर बैंकिंग कारोबार पर केंद्रित करें।

# कांग्रेस को परिवार में ही दिखता है राष्ट्रवाद : मोदी

अकोला/जालना, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

महाराष्ट्र के चुनावी समर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) पर जमकर बरसे। साथ ही उन्होंने अफसोस जताया कि बाबासाहेब आम्बेडकर को दशकों तक भारत रत्न से वंचित रखा गया। महाराष्ट्र के अकोला और जालना में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, 'मैंने पढ़ा कि कांग्रेस अपने कार्यकर्ताओं को राष्ट्रवाद का पाठ पढ़ाएगी। मुझे नहीं पता कि इस पर हंसना चाहिए या रोना। यह साबित करता है कि आज की कांग्रेस वह नहीं है जो आजादी के लिए लड़ी थी।' उन्होंने कहा, कांग्रेस को 'एक परिवार के प्रति समर्पण' में ही राष्ट्रवाद नजर आता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिंदुत्व विचारक विनायक दामोदर सावरकर के संस्कार राष्ट्र-



निर्माण का आधार हैं। उन्होंने कहा, 'यह सावरकर के संस्कार ही हैं कि हमने राष्ट्रवाद को राष्ट्र निर्माण के मूल में रखा है।' उनके इस बयान के एक दिन पहले ही भाजपा की महाराष्ट्र इकाई ने 21 अक्तूबर को प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणा पत्र में सावरकर को भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिए जाने की मांग उठाई थी।

## सभी सशस्त्र बल कर्मियों को बोनस देने का आदेश

**चंडीगढ़, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू) :** रक्षा मंत्रालय ने अफसर रैंक से नीचे सशस्त्र बलों के सभी कर्मियों को वर्ष 2018-19 के तहत बोनस देने का आदेश जारी किया है जो लगभग 7 हजार रुपया है। गत 14 अक्तूबर को जारी आदेश के मुताबिक बोनस के हकदार वे ही कर्मचारी होंगे जिन्हें 31 मार्च 2019 तक कम से कम छह माह नौकरी करते हुए हो चुके हों। जिन कर्मचारियों की नियुक्ति एडहॉक या अस्थायी तौर पर हुई है, वे भी इस बोनस के हकदार होंगे। 31 मार्च से पहले रिटायर हो चुके या नौकरी छोड़ चुके कर्मचारियों के लिए बोनस की राशि आनुपातिक गणना के आधार पर होगी।

## कश्मीरी सेब पर 'आजादी' के नारे

जम्मू, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में फल विक्रेताओं द्वारा खरीदे गए कश्मीरी सेब पर 'हमें चाहिए आजादी', 'मुझे बुरहान वानी पसंद है' और 'जाकिर मूसा वापस आओ' जैसे संदेश लिखे मिले, जिसके बाद पुलिस ने मामले में जांच शुरू की। फल विक्रेताओं ने बुधवार को कहा कि अगर सरकार कार्रवाई करने में विफल रहती है तो वे कश्मीरी सेब की खरीद का बहिष्कार करेंगे क्योंकि इन संदेशों की वजह से लोग इन्हें खरीदने से इनकार कर रहे हैं।

**68 लाख का सोना, 10 लाख नकद बरामद :** भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो ने जम्मू-कश्मीर लघु उद्योग विकास निगम के सेवानिवृत्त जीएम भूपेंद्र सिंह दुआ, हस्तशिल्प निगम के प्रबंध निदेशक जसविंदर सिंह दुआ और लघु उद्योग विकास निगम के सेवानिवृत्त प्रबंध निदेशक एके खुल्लर के घरों में छापे मारे। इस दौरान दस्तावेजों के अलावा 68 लाख रुपए मूल्य का सोना तथा करीब 10 लाख रुपए नकद बरामद किए गए।

### पीएमसी बैंक घोटाला

# सुप्रीमकोर्ट में होगी याचिका पर सुनवाई

नयी दिल्ली/मुंबई, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

संकट से घिरे पंजाब एंड महाराष्ट्र को-आपरेटिव (पीएमसी) बैंक के खाताधारकों का विरोध प्रदर्शन तेज होने के बीच बैंक से संबंधित एक याचिका पर सुप्रीमकोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करने पर राजी हो गया है। यह याचिका पीएमसी बैंक में पड़ी खाताधारकों की जमाराशि की सुरक्षा के वास्ते तुरंत अंतरिम उपाय किये जाने के बारे में निर्देश देने को लेकर दायर की गई है। सुप्रीमकोर्ट ने याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई है। पिछले दिनों कम से कम तीन मौतें हुई हैं जिनका जुड़ाव पीएमसी बैंक से बताया गया है। इसी घटनाक्रम को देखते हुये सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर की गई है। उधर पीएमसी बैंक के प्रशासक ने रिजर्व बैंक गवर्नर शक्तिकांत दास सहित शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की है और बैंक के खाताधारकों को आश्वासन दिया है कि उनके हितों की सुरक्षा के लिये हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। पीएमसी बैंक में 4,355 करोड़ रुपये का घोटाला सामने आने के बाद रिजर्व बैंक ने बैंक पर लेनदेन संबंधी कई तरह के प्रतिबंध लगा दिये। खाताधारकों के लिये बैंक खाते से छह महीने में नकदी निकासी सीमा 40,000 रुपये तय कर दी गई है।




नयी दिल्ली में बुधवार को पीएमसी बैंक के खाताधारक हाथ में तख्तियां उठा कर रिजर्व बैंक के बाहर प्रदर्शन करते हुए। -प्रेट्र

### अधिकारियों को 23 तक हिरासत में भेजा

मुंबई की एक अदालत ने बैंक घोटाले के संदर्भ में एचडीआईएल के अधिकारियों और पीएमसी बैंक के पूर्व चेयरमैन को 23 अक्तूबर तक के लिये न्यायिक हिरासत में ले लिया। अदालत के बाहर बैंक के कई खाताधारकों ने विरोध प्रदर्शन किया और मांग की कि उनका धन तुरंत लौटाया जाना चाहिये। दिल्ली में भी रिजर्व बैंक कार्यालय के बाहर जमाकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। हाउसिंग डेवलपमेंट इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक राकेश वधावन, उनके पुत्र सारंग वधावन और पीएमसी बैंक के पूर्व चेयरमैन वारयम सिंह को महानगर दंडाधिकारी एसजी शेख के समक्ष पेश किया गया।

## बजरंग पूनिया ने कोच शाको से तोड़ा नाता

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)



ओलंपिक गेम्स में महज 9 माह रह गये हैं भारत के पहलवान बजरंग पूनिया ने अपने कोच जॉर्जिया के शाको बेनटिंडिस से नाता तोड़ लिया है। पूनिया को टोक्यो में होने वाले 2020 ओलंपिक में पदक का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। पूनिया को जल्दी ही नया कोच मिल सकता है।

बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से भारत के इस स्टार खिलाड़ी के कोच बनने के संबंध में 2004 के एथेंस ओलंपिक में 60 किलो वर्ग में स्वर्ण जीतने वाले क्यूबा के यांद्रो मागल क्विंटाना से बात हुई है। हालांकि क्विंटाना की नियुक्ति को लेकर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। कुछ घटनाओं के बाद पूनिया और बेनटिंडिस के बीच अनबन हो गयी थी।

## 3 खालिस्तानियों के खिलाफ ली जाएगी इंटरपोल की मदद

नयी दिल्ली, 16 अक्तूबर (ट्रिन्यू)

आठ खालिस्तानी आतंकवादियों के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस (आरसीएन) सफलतापूर्वक प्राप्त करने के बाद, भारतीय एजेंसियां अब तीन और के मामले में इंटरपोल से अपील कर रही है। इनमें केसीएफ प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर, बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के प्रमुख वधवा सिंह बब्बर और उसका उप प्रमुख मेहल सिंह शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक वाधवा ने पंजाब के पूर्व सीएम बेअंत सिंह की हत्या मामले को खुद देखा था। मामला 31 अगस्त, 1995 का है। माना जाता है कि जनवरी 2004 में हत्या के आरोपी जगतार सिंह हवारा के चंडीगढ़ के बुरहान जेल से भगाने का भी वह मास्टर माइंड था। यह पता चला है कि ये सभी वर्तमान में पाकिस्तान में हैं और उनके प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने कहा, 'अगर हम उनके खिलाफ इंटरपोल आरसीएन का प्रबंधन करते हैं, तो हम उनके आंदोलन को प्रतिबंधित कर सकेंगे।' इंटरपोल ने खालिस्तान लिबरेशन फोर्स (केएलएफ) के नेता हरमीत सिंह उर्फ पीएचडी (पाकिस्तान) सहित आठ आतंकवादियों के खिलाफ आरसीएन जारी किया है। इनमें गुरपतवंत सिंह पन्नून (प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का चेहरा) भी शामिल है।

### पश्चिम बंगाल चिटफंड घोटाला

## पहली बार सचिवालय पहुंची सीबीआई टीम

कोलकाता, 16 अक्तूबर (एजेंसी)

करोड़ों रुपये के रोज वैली चिटफंड घोटाले में चल रही जांच के सिलसिले में सीबीआई अधिकारियों ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सचिवालय का दौरा किया। यह पहला मौका है जब रोज वैली घोटाले के सिलसिले में जांच एजेंसी के कर्मचारी राज्य सचिवालय पहुंचे। सूत्रों ने कहा कि सीबीआई कर्मचारी सुबह सचिवालय पहुंचे और दो पत्र सौंपे। पहला पत्र मुख्य सचिव राजीव सिन्हा के लिये था और दूसरा पत्र भूमि विभाग के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) के लिये था। जांच एजेंसी ने राज्य सरकार से कहा कि वह रोज वैली घोटाले से जुड़ी सभी फाइलें जमा कराए और भूमि विभाग के ओएसडी को 18 अक्तूबर को एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए समन किया गया है। सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम न जाहिर करने की शर्त पर कहा, 'सीबीआई राज्य सरकार और रोज वैली समूह के बीच हुए भूमि सौदे के बारे में जानकारी चाहती है।' सीबीआई सूत्रों ने कहा, 'जांच के उद्देश्य से यह राज्य सचिवालय का नियमित दौरा था।' उन्होंने राज्य सरकार से सहयोग की मांग की। सरकारी अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने राज्य सरकार से पोंजी योजना वाली कंपनी के साथ हुए सौदे की प्रकृति और जमीन की जगह के बारे में भी जानकारी मांगी है।

पेज 1 का शेष

## अयोध्या पर सुप्रीम...

शुरुआत में निचली अदालत में इस मसले पर पांच वाद दायर किये गये थे। पहला मुकदमा 'राम लला' के भक्त गोपाल सिंह विशारद ने 1950 में दायर किया था। इसमें उन्होंने विवादित स्थल पर हिन्दुओं के पूजा अर्चना का अधिकार लागू करने का अनुरोध किया था। उसी साल, परमहंस रामचंद्र दास ने भी पूजा अर्चना जारी रखने और विवादित ढांचे के मध्य गुंबद के नीचे ही मूर्तियां रखी रहने के लिये मुकदमा दायर किया था। लेकिन बाद में यह मुकदमा वापस ले लिया गया था। बाद में, निर्मोही अखाड़े ने 1959 में 2.77 एकड़ विवादित स्थल के प्रबंधन और शेबैती अधिकार के लिये निचली अदालत में वाद दायर किया। इसके दो साल बाद 1961 में उप्र सुन्नी वक्फ बोर्ड भी अदालत पहुंचा गया और उसने विवादित संपत्ति पर अपना मालिकाना हक होने का दावा किया। 'राम लला विराजमान' की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जस्टिस देवकी नंदन अग्रवाल और जन्म भूमि ने 1989 में मुकदमा दायर कर समूची संपत्ति पर अपना दावा किया और कहा कि इस भूमि का स्वरूप देवता का और एक 'न्यायिक व्यक्ति' जैसा है। अयोध्या में 6 दिसंबर, 1992 को विवादित ढांचा गिराये जाने की घटना और इसे लेकर देश में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद में सारे मुकदमे इलाहाबाद हाईकोर्ट को निर्णय के लिये सौंप दिये गये थे।

**संविधान पीठ के समक्ष वकील ने फाड़ा नक्शा :** सुप्रीमकोर्ट में मुस्लिम पक्षकारों की ओर से बहस करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव धवन ने बुधवार को संविधान पीठ के समक्ष भगवान राम के सही जन्मस्थल को दर्शाने वाला सचित्र नक्शा फाड़ दिया। अखिल भारतीय हिंदू महासभा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह द्वारा नक्शे का हवाला दिये जाने पर राजीव धवन ने आपत्ति की थी। धवन ने पीठ से पूछा कि उन्हें इसका क्या करना चाहिए, पीठ ने कहा कि वह इसके टुकड़े कर सकते हैं। इस पर राजीव धवन ने न्यायालय कक्ष में नक्शा फाड़ दिया। धवन ने पूर्व आईपीएस अधिकारी किशोर कुनाल द्वारा लिखित एक पुस्तक का हवाला देने के विकास सिंह के प्रयास का विरोध किया। पीठ ने फिर सिंह को दलीलें जारी रखने के लिये कहा और टिप्पणी की, 'धवन जी! हमने आपकी आपत्ति का संज्ञान ले लिया है।'

सर्कुलेशन, विज्ञापन बुकिंग तथा अन्य संबंधित जानकारी हेतु कृपया निम्नांकित नंबरों पर सोमवार से शनिवार तक सुबह 10.00 बजे से सायं 5.00 बजे के बीच सम्पर्क करें :
**सर्कुलेशन :**
0172-2670419
या ई-मेल करें :
circulation@tribunemail.com
**विज्ञापन :**
**क्लासिफाइड :** 0172-2670257
या ई-मेल करें :
classified@tribunemail.com
**डिस्प्ले :** 0172-2670256
या ई-मेल करें :
advt@tribunemail.com

प्रकाशक व मुद्रक राजकुमार सिंह द्वारा द ट्रिब्यून ट्रस्ट की ओर से द ट्रिब्यून प्रेस, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से मुद्रित व द ट्रिब्यून, सेक्टर 29-सी, चंडीगढ़ से प्रकाशित।
कॉपीराइट © द ट्रिब्यून ट्रस्ट, सर्वाधिकार सुरक्षित।
आर.एन.आई. रजि. नंबर 32198/78.
चंडीगढ़ फोन : 2655066, 2655067, 2655068.
सर्कुलेशन : 0172-2670419, विज्ञापन : 0172-2670256-257.
**संपादक : राजकुमार सिंह***
*पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु जिम्मेदार।
epaper.dainiktribuneonline.com








